आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 187 | उज्जैन, बुधवार 22 जुलाई, 2026 | आषाढ़ शुक्ल 8 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

जापान में दूर के रिश्तेदारों को गोद लेंगे सम्राट

नई दिल्ली। जापान की संसद ने 17 जुलाई को शाही परिवार के उत्तराधिकार से जुड़े कानून में बड़ा बदलाव किया। नए कानून के तहत अब शाही परिवार 15 साल या उससे अधिक उम्र के दूर के पुरुष रिश्तेदारों को गोद लेकर दोबारा शाही परिवार में शामिल कर सकेगा। इसके अलावा, अब शाही परिवार की महिलाएं किसी आम नागरिक से शादी करने के बाद भी अपना शाही दर्जा और आधिकारिक जिम्मेदारियां नहीं खोएंगी। हालांकि, सबसे अहम नियम नहीं बदला गया। जापान में अब भी सिर्फ पुरुष ही सम्राट बन सकते हैं। यानी सम्राट नारुहितो की इकलौती बेटी राजकुमारी आइको भविष्य में भी सिंहासन की उत्तराधिकारी नहीं बन सकेंगी।

अमेरिका ने माना- ईरानी हमलों में 100 सैनिक घायल

नई दिल्ली। अमेरिका ने मान लिया है कि ईरान के जवाबी हमलों में उसके करीब 100 सैनिक घायल हुए हैं। पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ये सैनिक 7 जुलाई के बाद हुए हमलों में घायल हुए। इनमें से 96% सैनिक ठीक होकर ड्यूटी पर लौट चुके हैं। उन्होंने बताया कि ज्यादातर को सिर पर हल्की चोट लगी थी। पार्नेल ने यह बयान न्यूयॉर्क टाइम्स की उस रिपोर्ट के जवाब में दिया, जिसमें दावा किया गया था कि रक्षा मंत्रालय ईरान के साथ युद्ध में घायल हुए अमेरिकी सैनिकों की जानकारी सार्वजनिक नहीं कर रहा है। पार्नेल ने कहा कि इसमें जानबूझकर देरी हुई। ऐसा सैनिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किया गया।

यूक्रेन में शिप पर हमला, 4 भारतीयों की मौत

कीव। यूक्रेन के ओडेसा पोर्ट से रवाना हुए कार्गो जहाज एमवी गोल्डन लियो पर रविवार को हुए हमले में चार भारतीय नागरिकों की मौत हो गई। एक भारतीय गंभीर रूप से घायल है। अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। इस बीच भारत सरकार ने रूस के राजदूत को तलब किया है। सूत्रों के हवाले से इसकी जानकारी दी। इससे पहले भारत सरकार ने सोमवार को हमले की कड़ी निंदा की थी और कहा कि कारोबारी जहाजों और बेगुनाह नागरिकों को निशाना बनाना पूरी तरह गलत है। विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारतीय दूतावास लगातार यूक्रेनी अधिकारियों के संपर्क में है और प्रभावित लोगों की हरसंभव मदद की जा रही है। उधर, यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक गोल्डन लियो जहाज ओडेसा से मक्का लेकर रवाना हुआ था।

एक्टर पीयूष मिश्रा के साथ हादसा, हाथ फ्रैक्चर हुआ

मुंबई। दिग्गज एक्टर पीयूष मिश्रा हादसे में चोटिल हो गए हैं। फिल्म 'दुल्हनिया ले आएगी' के डायरेक्टर आकाशादित्य लामा ने दैनिक भास्कर से बातचीत में ये खुलासा किया है। दरअसल पीयूष मिश्रा भी फिल्म 'दुल्हनिया ले आएगी' के पार्ट हैं। उन्हें आज डायरेक्टर और एक्ट्रेस खुशाली कुमार के साथ फिल्म के प्रमोशन इवेंट में पहुंचना था। जब पीयूष मिश्रा नहीं पहुंचे, तो उनकी अनुपस्थिति के सवाल पर डायरेक्टर आकाशादित्य लामा ने स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने बताया कि पीयूष मिश्रा अपने घर के बाथरूम में फिसलकर गिर गए हैं, जिससे उनके हाथ में फ्रैक्चर आ गया है। डॉक्टरों की सलाह पर वे फिलहाल पूरी तरह बेड रेस्ट पर हैं और फिल्म के सभी प्रमोशन और इवेंट्स से दूर रहेंगे।

मैनेजर ने फोन कर दी हादसे की जानकारी

फिल्म 'दुल्हनिया ले आएगी' के प्रमोशन इवेंट के दौरान डायरेक्टर आकाशादित्य लामा ने पूरा वाकया साझा किया।

नेपाल में एक रुपए के सिक्के से विवादित-नक्शा नहीं हटेगा

काठमांडू। नेपाल सरकार ने एक रुपए के सिक्के से विवादित राष्ट्रीय नक्शा हटाने का प्रस्ताव खारिज कर दिया है। इस नक्शे में भारत के लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा को नेपाल का हिस्सा दिखाया गया है। नेपाल राष्ट्र बैंक ने पहले प्रस्ताव रखा था कि एक रुपए के सिक्के पर छपे नेपाल के विवादित नक्शे की जगह मुस्तांग के ऐतिहासिक मठ की तस्वीर लगाई जाए। इस नक्शे को सिक्के से हटाने की खबर जैसे ही बाहर आई, इसका विरोध होने लगा। इसके बाद मंत्रालय ने नेपाल राष्ट्र बैंक को निर्देश दिया कि डिजाइन में बौद्ध मठ के साथ नेपाल का राष्ट्रीय नक्शा भी शामिल किया जाए। इसके बाद संशोधित प्रस्ताव दोबारा मंजूरी के लिए भेजा जाए।

हिमाचल में 4 जगह बादल फटने से अफरा-तफरी, 11 मजदूर फंसे

शिमला। हिमाचल प्रदेश के चंबा और लाहौल स्पीति में सोमवार को चार जगह बादल फटने से अफरा-तफरी मच गई। चंबा के उदीन और थांदल क्षेत्रों में बादल फटने के बाद नालों में अचानक बाढ़ आ गई। उदीन नाले अचानक वाटर लेवल बढ़ने से 11 श्रमिक फंस गए। जिन्हें सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया। चंबा के ही होली क्षेत्र में फ्लैश फ्लड के बाद कलाह नाले के किनारे काम कर रहे तीन मजदूर फंस गए। स्थानीय लोगों की कड़ी मशक्कत और नाले का वाटर लेवल कम होने के बाद तीनों मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाला। वहीं लाहौल-स्पीति में खांगसर और शूगू गांव के पास बादल फटने से नाले में अचानक बाढ़ आ गई। इससे स्थानीय लोगों की फसलों, कृषि भूमि और रास्तों को भारी नुकसान हुआ है।

पीएम आवास के बाहर प्रदर्शन में शामिल प्रियंका-अखिलेश भी हिरासत में

पेपर लीक मामले में धरने पर बैठे राहुल को पुलिस उठा ले गई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर पीएम आवास के पास धरने पर बैठे राहुल गांधी को पुलिस उठाकर ले गई। जैसे ही पुलिस राहुल को उठाने आई, राहुल जमीन पर लेट गए। इस पर पुलिसकर्मी उन्हें हाथ-पैर से पकड़कर उठाकर ले गए।

कांग्रेस के कई नेता दिल्ली में पीएम आवास के पास मंगलवार दोपहर करीब साढ़े 3 बजे से धरने पर बैठे थे। करीब साढ़े छह बजे पुलिस ने उन्हें धरनास्थल से हटा दिया। धरने पर राहुल के साथ प्रियंका, खड़गे, अखिलेश यादव, कर्नाटक सीएम डीके शिवकुमार, केरल सीएम सतीशन भी मौजूद थे। पुलिस ने सभी को हिरासत में ले लिया। इससे पहले कांग्रेस के प्रदर्शनकारी नेताओं से बातचीत करने के लिए केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह पहुंचे। राहुल गांधी से चर्चा करने के बाद वह गृह मंत्री अमित शाह के पास गए। शाह से बातचीत के बाद उन्होंने फिर राहुल से बात की। सोशल मीडिया पोस्ट में जितेंद्र सिंह ने बताया कि राहुल गांधी की मांग थी कि नीट पर संसद में चर्चा हो। राहुल की यह मांग मान ली गई थी। लेकिन राहुल अपनी बात से मुकर गए। वह बोले- अब हमारी दो मांगे हैं। पहली- नीट पर संसद में चर्चा, दूसरी शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा। गृह सचिव ने राहुल से कहा- यह जगह धरने के लिए अनुकूल नही हैं, इस पर राहुल बोले- ये भी मेरी मर्जी है जहां चाहे बैठें। राहुल ने पोस्ट किया- प्रधानमंत्री मोदी को लगता है कि वो बिना जवाब दिए, बिना किसी नतीजे का सामना किए बच निकलेंगे - नहीं कर पाएंगे।

पेपर लीक मुद्दे पर राहुल गांधी स्पीकर से मिले

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही बुधवार तक स्थगित कर दी गई। इसके पहले मंगलवार सुबह 11 बजे जैसे ही दोनों सदनों में कार्यवाही शुरू हुई विपक्ष ने ठएएळ पेपर लीक पर चर्चा की मांग की, प्लेकार्ड दिखाए और नारेबाजी की। भारी हंगामे के चलते दोनों सदनों की कार्यवाही पहले 12 बजे तक और इसके बाद दोपहर 2 बजे तक स्थगित की गई थी। सदन के बाहर आकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमें संसद में बोलने नहीं दिया जा रहा है, लोकतंत्र में ऐसा करना गलत है। वहीं, नेता विपक्ष राहुल गांधी ने भी लोकसभा स्पीकर से मुलाकात की। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल और सैयद नासिर हुसैन ने राज्यसभा में नियम 267 के तहत काम रोकने का नोटिस दिया है।

दिल्ली के लोक कल्याण मार्ग पर प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं होती

दिल्ली के लोक कल्याण मार्ग पर प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं दी जाती है। यह संवेदनशील और वीवीआईपी क्षेत्र है। यहां भारत के प्रधानमंत्री का आवास है। इस क्षेत्र में सेक्शन 163 बीएनएसएस लागू रहती है, जिसके तहत 5 या उससे अधिक लोगों के एक साथ इकट्ठा होने या मार्च निकालने पर पाबंदी होती है। प्रधानमंत्री आवास की सुरक्षा में विशेष सुरक्षा समूह तैनात रहता है।

कॉकरोच जनता पार्टी फाउंडर बोले- बात करने सरकार खुद आए

दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन जारी है। फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा कि हमारे प्रतिनिधिमंडल को बुलाकर सरकार ने समय बर्बाद किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके मोबाइल जब्त कर लिए। दोनों को एक तरह से जेपी नड्डा के घर पर नजरबंद कर दिया गया था। अब वे सरकार से फिर बातचीत करने नहीं जाएंगे। अब सरकार को यहां जंतर-मंतर पर आना होगा। इस बीच,एनसीपी नेता सुप्रिया सुले, शरद पवार और अरविंद केजरीवाल प्रदर्शनकारियों के बीच पहुंचे। उधर, दिल्ली हाईकोर्ट ने गीतांजलि अंगमो की याचिका पर सोनम वांगचुक को मेदांता शिफ्ट करने का आदेश दे दिया है।

---

17 अब भी फंसे; मलबे से सुरंग बंद, रेस्क्यू करने गए कुछ वर्कर बेहोश

निर्माणाधीन टनल पर लैंडस्लाइड, 10 की मौत

एजेंसी ▸▸ सिक्किम

सिक्किम में सोमवार को एक टनल पर लैंडस्लाइड होने से उसका एंट्री गेट बंद हो गया, जिससे अंदर मौजूद 27 मजदूर फंस गए। इनमें से 10 की मौत हो गई। मृतकों में 3 की पहचान अभी नहीं हो पाई है, जबकि 17 मजदूर अब भी फंसे हैं।

नामची जिले के मामरिंग स्थित समरदुंग सुरंग में निर्माण कार्य चल रहा था। एसपी सोनम डोल्मा ने बताया कि फंसे हुए मजदूरों की संख्या 27 से कम या ज्यादा भी हो सकती है। सुरंग में मीथेन गैस लीक होने की आशंका है। कई बचावकर्मियों को अंदर जाने के दौरान चक्कर आए। कुछ बेहोश भी हो गए, जिससे रेस्क्यू ऑपरेशन प्रभावित हुआ। जिला अधिकारी तमलिंग ने बताया कि दोपहर करीब 3:40 बजे प्रशासन को हादसे की खबर मिली। इसके बाद एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, जिला पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंच गईं। सुरंग में पटेल इंजीनियरिंग के 21 और एनएचपीसी के 6 समेत कुल 27 मजदूर फंसे होने की आशंका है। पश्चिम बंगाल से भी गैस-रोधी उपकरणों के साथ एक स्पेशल रेस्क्यू टीम लाई गई है। एंबुलेंस को तैयार रखा गया है। बचाव दल गैस मास्क पहनकर मजदूरों तक पहुंचने की कोशिश कर रहा है।

सेंसेक्स 238 अंक गिरकर 77470 पर बंद

नई दिल्ली। सेंसेक्स 21 जुलाई को 238 अंक नीचे 77,470 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 51 अंक की गिरावट रही, ये 24,188 के स्तर पर आ गया। सरकारी बैंक और क्ळ शेयर्स में आज ज्यादा बिकवाली दिखी। इससे पहले शेयर बाजार में कल यानी 20 जुलाई को गिरावट रही थी। सेंसेक्स 443 अंक की गिरावट के साथ 77,709 पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 96 अंक की गिरावट रही, ये 24,239 पर आ गया था। एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट का शेयर 574 रुपए के आईपीओ प्राइस से 6.85% तेजी के साथ लिस्ट हुआ।

मध्यप्रदेश में मानसून फिर एक्टिव

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रही बारिश से हालात गंभीर बने हुए हैं। पिछले दो दिनों में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 23 हो गई है। पुंछ और राजौरी के बाढ़ प्रभावित इलाकों में सात लोग अब भी लापता हैं। लगातार बारिश के कारण राहत और बचाव अभियान प्रभावित हुआ।

हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश से मंगलवार को जनजीवन बुरी तरह प्रभावित रहा। राज्य में अब तक 66 लोगों की मौत हो चुकी है। 145 सड़कें बंद हैं। मौसम विज्ञान विभाग ने कांगड़ा, चंबा और सिरमौर जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।

भारी बारिश के बाद असम के गुवाहाटी में लैंडस्लाइड हुई। इसके बाद नेशनल हाईवे-715 का एक हिस्सा पानी में डूब गया है। असम के मुख्यमंत्रीने कहा कि राज्य के 12 जिलों में 1.70 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। एमपी के लगभग 90% हिस्से में 23 जुलाई तक हल्की बारिश का दौर बना रहेगा। राजस्थान में दो हफ्ते बाद मानसून एक बार फिर एक्टिव होने से जयपुर समेत 33 जिलों में बारिश का अलर्ट है।

सीएम चैंबर के सामने धरने पर बैठे कांग्रेस विधायक, पेपर लीक को लेकर हंगामा

एजेंसी ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को समान नागरिक संहिता विधेयक और पेपर लीक का मुद्दा छाया रहा। दिनभर यूसीसी पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई, जबकि शाम को दिल्ली के जंतर-मंतर पर पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज का मामला सदन में गूंजा।

इस मुद्दे पर चर्चा नहीं होने से नाराज नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायक विधानसभा परिसर में मुख्यमंत्री के चैंबर के सामने धरने पर बैठ गए। वहीं, दिनभर के हंगामे और दो बार कार्यवाही स्थगित होने के बाद विधानसभा ने यूसीसी विधेयक पारित कर दिया। शाम को कांग्रेस ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए लाठीचार्ज का मुद्दा विधानसभा में उठाया। विपक्ष ने इस पर चर्चा कराने की मांग की, लेकिन अनुमति नहीं मिली। इसके विरोध में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायक विधानसभा परिसर में बने मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएम चैंबर) के बाहर धरने पर बैठ गए और नारेबाजी की। धरने के दौरान कांग्रेस विधायकों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ भी नारे लगाए गए। उमंग सिंघार ने कहा सरकार ने यह कहकर चर्चा से इनकार कर दिया कि यह राज्य का विषय नहीं है। छात्रों पर लाठीचार्ज हुआ है।

सीएम हाउस, स्कूलों और पासपोर्ट ऑफिस को उड़ाने की धमकी

एजेंसी ▸▸ पटना

बिहार के मुख्यमंत्री आवास और सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ईमेल में दोनों जगहों पर बम ब्लास्ट किए जाने की टाइमिंग का भी जिक्र किया गया है। धमकी देने वाले ने लिखा है कि 21 जुलाई दोपहर 3:11 बजे सबसे पहले पटना सचिवालय में बम का धमाका होगा। इसके बाद रात में 9 बजकर 11 मिनट पर मुख्यमंत्री ऑफिस और आवास को बम से उड़ाएंगे। धमकी भरा ये ईमेल मंगलवार की सुबह 7 बजकर 57 मिनट पर ग्रामीण विकास विभाग को भेजा गया है।

पहली डेंगू वैक्सीन क्यूडेंगा को मंजूरी

नई दिल्ली। भारत में पहली बार डेंगू की वैक्सीन को मंजूरी मिल गई है। ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया ने ताकेदा बायोफार्मास्यूटिकल्स इंडिया की वैक्सीन क्यूडेंगा क बाजार में इस्तेमाल की अनुमति दे दी है। कंपनी के मुताबिक, यह वैक्सीन चार से 60 साल तक के लोगों को लगाई जा सकेगी। इसे लगवाने से पहले यह जांच कराने की जरूरत नहीं होगी।

दो मांगों पर सहमति बनी

किसानों का दिल्ली कूच स्थगित

एजेंसी ▸▸ हरियाणा

अमेरिका-भारत फ्री ट्रेड डील के विरोध में पंजाब और हरियाणा के किसानों ने मंगलवार को प्रस्तावित दिल्ली कूच और किसान घाट महापंचायत फिलहाल स्थगित कर दी है। शंभू और खनौरी बॉर्डर पर पुलिस की सख्ती तथा हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के साथ हुई बैठक के बाद किसान वापस लौट गए। इसके बाद दोनों बॉर्डरों पर ट्रैफिक शुरू हो गया।

कुरुक्षेत्र पुलिस ने किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी को भी रिहा कर दिया। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव दिलबाग सिंह दिराजके ने बताया कि हिरासत में लिए गए किसान नेताओं की रिहाई और केंद्र सरकार से वार्ता कराने पर सहमति बनने के बाद धरना स्थगित करने का फैसला लिया गया। हालांकि, कॉकरोच जनता पार्टी के संसद घेराव के मद्देनजर हरियाणा के पंजाब, दिल्ली और यूपी से लगे बॉर्डरों पर सुरक्षा व्यवस्था अभी भी कड़ी है। कई जिलों में किसान नेताओं और सीजेपी समर्थकों को हाउस अरेस्ट या डिटेन किया गया। अंबाला के शंभू बॉर्डर पर 27 जुलाई तक धारा 163 लागू कर पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर रोक लगा दी गई। वहीं, सुबह सोनीपत के कुंडली-सिंघु बॉर्डर पर करीब 4 किलोमीटर लंबा जाम लगा।

महाकाल श्रृंगार

ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

गेंहु की हेराफेरी

सरकार ने अन्नदाता से समर्थन का मुल्य देते हुए गेंहु की खरीदी की और यह खरीदी तमाम नियमों के तहत की गई। अन्नदाता के आग्रह को स्वीकार किया गया और जिले में ज्यादा खरीदी की गई। यह खरीदी गरीबों को समय पर और अच्छा अनाज शासन की योजना के तहत उपलब्ध करवाने के लिए की गई थी। सरकार ने समर्थन मुल्य के साथ इसमें बोनस भी अन्नदाता को दिया। इस खरीदी में उस समय बिचौलियों ने अवैध लाभ अर्जित कर लिया जब अन्नदाता अपना अच्छा अनाज केंद्रों पर बेचकर चला गया और उस अच्छे और गुणवत्ता वाले अनाज पर बिचौलियों की घाघ नजर पहले से ही लगी हुई थी। बिचौलियों ने इस गेहुं को सीधे तौर पर केंद्रों और परिवहन के बीच ऐसा गायब करवाया जैसे गधे के सिर से सिंग गायब हुए हों। गायब गेहुं की मात्रा कोई छोटी मोटी नहीं 396 टन है।

ये बात अलग है कि अफसर इसमें शासन के किसी भी प्रकार के नुकसान से इंकार कर रहे हैं लेकिन इसमें बिचौलियों के अवैध लाभ अर्जित करने की स्थिति से भी वे वाकिफ नहीं हैं। केंद्रों पर खरीदी और उसके बाद परिवहन में इतनी बडी मात्रा का गायब होना ही बडी बात है। कोई दो-चार क्विंटल का यह मामला नहीं है। खुसूर-फुसूर है कि अगर पिछले वर्षों से ऐसा होता आ रहा है तो अब इसमें उच्च स्तरीय जांच करते हुए पूरे मामले से पर्दा उठाया जाना बहुत जरूरी हो गया है जिससे यह स्पष्ट हो सके की इसमें अवैध लाभ का स्तर क्या है। यह मात्र बीज उपयोग के स्तर का ही मामला है या फिर इसमें कुछ और अवैध लाभ का मामला भी है। इसे जिस तरह सामान्य माना जा रहा है कतई ये वैसा मामला तो नहीं माना जा सकता है।

न्यूज कॉलम

स्कूलों की शिफ्टिंग का विरोध, छात्राएं बोलीं- पढ़ाई और सुरक्षा पर पड़ेगा असर

उज्जैन। उज्जैन में शासकीय बालिका विद्यालयों को दाऊदखेड़ी स्थानांतरित करने के प्रस्ताव के खिलाफ छात्राएं, अभिभावक और शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन किया। मंगलवार को सभी ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि स्कूलों को शहर से दूर ले जाने से छात्राओं की सुरक्षा, पढ़ाई और नियमित उपस्थिति पर सीधा असर पड़ेगा। प्रशासन ने सभी आपत्तियों पर विचार करने का आश्वासन दिया है। शासकीय बालिका विद्यालयों को दाऊदखेड़ी स्थानांतरित किए जाने के प्रस्ताव का विरोध तेज हो गया है। मंगलवार को 10 स्कूलों की 2698 छात्र-छात्राओं के भविष्य के लिए अभिभावक और शिक्षक छात्र-छात्राएं रैली के रूप में प्रशासनिक संकुल पहुंचे। विद्यार्थियों ने हाथों में तख्तियां ले रखी थीं और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने एसडीएम एल.एन. गर्ग को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि विद्यालयों को उनके वर्तमान स्थान से नहीं हटाया जाए। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि शहर के अलग-अलग इलाकों और आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में छात्राएं इन विद्यालयों में पढ़ने आती हैं। यदि स्कूलों को दाऊदखेड़ी शिफ्ट किया गया, तो उन्हें रोज कई किलोमीटर अतिरिक्त सफर करना पड़ेगा। इससे समय, परिवहन और सुरक्षा जैसी समस्याएं बढ़ेंगी, जिसका सीधा असर छात्राओं की पढ़ाई पर पड़ेगा।

जबलपुर के भक्त ने महाकाल को चढ़ाए दुनिया के सबसे महंगे आम

उज्जैन। भगवान श्री महाकालेश्वर के दरबार में एक बार फिर अनोखी भेंट चढ़ाई गई। जबलपुर निवासी और महाकाल हाइब्रिड फार्म के संचालक संकल्प सिंह परिहार अपनी पत्नी रानी सिंह परिहार के साथ सोमवार को उज्जैन पहुंचे। उन्होंने विधि-विधान से भगवान महाकाल के दर्शन किए और उन्हें दुनिया की दुर्लभ एवं महंगी किस्मों के 8 प्रकार के आम भोग स्वरूप अर्पित किए। रानी सिंह परिहार ने बताया कि वे वर्ष 2014 से लगातार श्रावण मास में अपने फार्म की पहली उपज भगवान महाकाल को समर्पित करते आ रहे हैं। उनका मानना है कि उनके 12 एकड़ में फैले महाकाल हाइब्रिड फार्म की सफलता बाबा महाकाल की कृपा से ही संभव हुई है। इसलिए हर वर्ष सबसे पहले बगीचे के श्रेष्ठ और दुर्लभ आम भगवान महाकाल को अर्पित किए जाते हैं।

ट्रेंडिंग

जल्द मिलने शुरू होंगे दस्तावेज के रूप में वाहन के कार्ड

साफ्ट कापी में ड्रायविंग लायसेंस एवं रजिस्ट्रेशन कार्ड से बहुत जल्द मुक्ति मिलेगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अगर आप वाहन चालन का लायसेंस या वाहन का पंजीयन कार्ड बनवाने जा रहे हैं तो आपसे कार्ड के 200 रूपए लिए जाएंगे लेकिन पिछले कुछ वर्षों से कार्ड की बजाय ऐसे आवेदकों को लायसेंस एवं पंजीयन साफ्ट कापी में ही मिल रहे है। बहुत जल्द परिवहन विभाग ऐसे आवेदकों को कार्ड उपलब्ध करवाने की तैयारी कर रहा है। अधिकारियों से संपर्क के अभाव में मामले की अधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। परिवहन विभाग एवं निजी कंपनी में हुए विवाद के बाद से पिछले 2 वर्षों से हजारों वाहन मालिकों को अपने ड्राइविंग लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन कार्ड की हार्डकॉपी नहीं मिल पा रही थी। वाहन मालिकों ने ऑनलाइन 200- 200 रुपये का शुल्क भी चुका दिया, लेकिन कार्ड उनके घर तक नहीं पहुंचे। सूत्रों के अनुसार इस कार्ड का सबसे बड़ा लाभ पुलिस को सड़क पर वाहनों की चेकिंग के दौरान मिलेगा। पुलिस अधिकारी एक विशेष डिवाइस का उपयोग करके चिप को स्कैन कर सकेंगे, जिससे वाहन मालिक का नाम, पता, ब्लड ग्रुप, वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर, निर्माण वर्ष, खरीदी की तारीख और टैक्स संबंधी जानकारी पल भर में स्क्रीन पर उपलब्ध

शुल्क वसूली जारी रहा

परिवहन विभागीय सूत्रों के अनुसार इस अव्यवस्था के बीच 3 अक्टूबर 2024 को विभाग ने हार्डकॉपी न देने का नोटिफिकेशन जारी कर दिया था, बावजूद इसके शुल्क वसूली जारी रहा। अब इसे लेकर परिवहन आयुक्त कार्यालय ने इस समस्या के समाधान के लिए एक नई कंपनी का चयन किया है। अधिकारियों का कहना है कि नई कंपनी जल्द ही काम शुरू करेगी और लंबित पड़े सभी पेंडिंग कार्ड आवेदकों के घर भेजे जाएंगे।

वर्ष 2024 से ही कार्ड बनाने के मामले में परिवहन विभाग की और से साफ्ट कापी दी जाने लगी थी। इसके चलते उज्जैन में विक्रम व्यापार मेले में खरीदे गए करीब 15 हजार वाहनों के कार्ड एवं इस दौरान जिले में बने वाहन चालन के 22 हजार लायसेंस के कार्ड विभाग की और से लोगों को दिए जाने शेष हैं जिसका पैसा भी लोगों से विभाग ने आनलाईन 200-200 रूपए बराबर जमा करवाया गया है। लायसेंस एवं पंजीयन की पूरी प्रक्रिया पिछले वर्षों से ही आनलाईन जारी है।

विभाग एवं पुरानी कंपनी में विवाद

इस पूरे मामले में विभाग और पुरानी कंपनी के बीच 100 करोड़ रुपये के बकाया भुगतान का विवाद भोपाल जिला न्यायालय में विचाराधीन है। सूत्रों ने साफ तौर पर स्पष्ट किया है कि पुरानी कंपनी के साथ चल रहा भुगतान का विवाद अभी सुलझा नहीं है। कंपनी ने विभाग पर100 करोड़ रुपये बकाया होने का दावा किया है, जिसे परिवहन विभाग ने सिरे से नकारते हुए गलत बताया है। कोर्ट के फैसले के बाद ही इस विवाद का पूर्ण समाधान हो सकेगा, लेकिन विभाग ने जनता की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए नई कंपनी के चयन की प्रक्रिया आगे बढ़ा दी है।

अब एनएफसी तकनीक कार्ड

सूत्रों का कहना है कि नई व्यवस्था के तहत पहली बार एनएफसी तकनीक वाले स्मार्ट कार्ड वाहन मालिकों को दिए जाएंगे। यह कार्ड चिप आधारित और रीड-राइट तकनीक से लैस होंगे, जिससे कार्ड में दी गई जानकारी को आसानी से अपडेट किया जा सकेगा। परिवहन विभाग की ओर से भेजा गया यह प्रस्ताव आधुनिक सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

महाकाल की श्रावण-भादौ सवारियों का थीम प्लान जारी

उज्जैन। उज्जैन में भगवान श्री महाकालेश्वर की श्रावण-भादौ 2026 की सवारियां इस बार केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं रहेंगी। ये सवारियां संस्कृति, पर्यावरण और सामाजिक जागरूकता का भी संदेश देंगी। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति ने सभी सवारियों के लिए अलग-अलग थीम तय की हैं। मंदिर प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक ने बताया कि प्रत्येक सवारी को एक विशेष स्वरूप दिया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को हर सोमवार एक नया अनुभव मिल सके। इसके अतिरिक्त, मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से आने वाले जनजातीय नृत्य दल सभी सवारियों में अपनी रंगारंग प्रस्तुतियां देंगे। मंदिर समिति के अनुसार, इस बार सवारियों को अधिक भव्य, आकर्षक और जनभागीदारी से जोड़ने की तैयारी की गई है। अंतिम राजसी सवारी में सिंहस्थ-2028 की झलक और ड्रोन से होने वाली पुष्पवर्षा श्रद्धालुओं के लिए प्रमुख आकर्षण का केंद्र होगी।

राजा हर्षवर्धन सिंह बैस की जयंती पर 35 से अधिक मंचों से हुआ स्वागत

तेज बारिश में निकली क्षत्रिय शौर्य पराक्रम यात्रा

लव जिहाद के खिलाफ राष्ट्रव्यापी अभियान चलाएगा समाज

पाठ्यक्रमों में सही इतिहास और राजनीतिक प्रतिनिधित्व की उठी मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

राजा हर्षवर्धन सिंह बैस की जयंती पर शहर में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा उज्जैन संभाग और बैस राजपूत समिति ग्राम मंगरोला पावासा के संयुक्त तत्वावधान में 'क्षत्रिय गौरव शौर्य पराक्रम यात्रा' निकाली गई। तेज बारिश के बावजूद सैकड़ों की संख्या में समाजजन और युवा पारंपरिक राजपूती वेशभूषा में शामिल हुए। यात्रा के बाद क्षीर सागर स्थित कार्यक्रम स्थल पर आयोजित विशाल राजपूत सम्मेलन में लव जिहाद के खिलाफ राष्ट्रव्यापी जन-जागरूकता अभियान चलाने, पाठ्यक्रमों में सुधार करने और राजनीतिक प्रतिनिधित्व बढ़ाने सहित कई अहम प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।

शौर्य यात्रा सामाजिक न्याय परिसर आगर रोड से प्रारंभ होकर चामुंडा माता, देवास गेट, मालीपुरा, दौलतगंज, फव्वारा चौक और नई सड़क होते हुए कार्यक्रम स्थल क्षीर सागर पहुंची। यात्रा में क्षत्रिय सरदार, क्षत्राणियां और युवा उत्साह के साथ चल

रहे थे। शहर के विभिन्न सांस्कृतिक संगठनों, राजनीतिक दलों, सामाजिक और धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों ने 35 से अधिक स्वागत द्वार और मंच बनाकर गुलाब की पंखुड़ियों से यात्रा का भव्य स्वागत किया। शौर्य यात्रा के संयोजक और अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा उज्जैन संभाग के अध्यक्ष महेंद्र सिंह बैस ने बताया कि सम्मेलन में पूर्व के इतिहासकारों द्वारा समाज के बारे में फैलाई गई गलत जानकारियों पर रोष व्यक्त किया गया।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मांग की गई है कि कक्षा 5वीं से 12वीं तक की पाठ्यपुस्तकों में उन राजपूत राजाओं का सम्मानजनक इतिहास प्रकाशित किया जाए, जिनका देश की आजादी और राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान रहा है। इसके अलावा सम्मेलन में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि लव जिहाद के खिलाफ पूरे देश में राजपूत समाज जन-जागरूकता अभियान चलाएगा।

शुजालपुर में एक करोड़ की लागत से लगेगी प्रतिमा

सम्मेलन के दौरान शाजापुर से पधारे अतिथियों ने घोषणा की कि शाजापुर जिले की शुजालपुर तहसील में एक करोड़ रुपए की लागत से बैस राजपूत समाज के कुल शिरोमणि राजा हर्षवर्धन सिंह बैस की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ जनों और क्षत्राणियों का विशेष सम्मान कर उनका मान बढ़ाया गया। सम्मेलन को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भैरू सिंह चौहान, महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष उषा पवार और महामंत्री राधा चौहान ने संबोधित किया। आयोजन में वरिष्ठ समाजसेवी अनूप सिंह राणा, विजय सिंह परिहार, बलबीर सिंह बैस, सदुल सिंह, महिला विंग की कार्यकारी अध्यक्ष आशा सेंगर, अनीता परिहार, जयसिंह राजपूत, राजेंद्र सिंह बैस, डॉ. जगदीश सिंह बैस, अशोक सिंह बैस, महेंद्र सिंह सेंगर और राजेंद्र सिंह चौहान विशेष रूप से उपस्थित थे। इनके अलावा सम्मानित अतिथियों में कविता राय, अजय राय, पल्लवी शुक्ला, राजेंद्र सिंह बैस मंगरोला, राजपाल सिंह राजपूत, जय सिंह ठाकुर, जयेन्द्र सिंह चौहान, शैलेंद्र सिंह बैस, युवराज सिंह ठाकुर, विक्की प्रताप सिंह, अनिल सिंह बैस, रूप बसंत सिंह बैस, जितेंद्र सिंह राजपूत, गोवर्धन सिंह राजपूत, चांद सिंह राजपूत, जितेंद्र सिंह बैस, मंगल सिंह बैस, संजय सिंह बैस निजातपुरा, नितिन सिंह गौतम और अजय सिंह गौतम प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

क्लाइमेट चेंज की आहटों के बीच देवास से सुखद स्थिति सामने आई

शंकरगढ़ पहाडी पर नजर आई जंगली बिल्ली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अवैध उत्खन्न के लिए कुख्यात देवास की शंकरगढ पहाडी से पर्यावरण एवं वन्यजीव प्रेमियों के लिए एक सुखद खबर सामने आई है। इस पहाडी पर प्रकृति के पूर्नजन्म के रूप में वन क्षेत्र में हाल ही में जंगली बिल्ली को देखा गया है। पहाडी पर पहुंचे ग्रीन आर्मी के लोगों के साथ पुलिस विभाग के अधिकारी भी इसके गवाह बने हैं।

देवास ग्रीन आर्मी के समरजीत जाधव के अनुसार सोमवार अपरांह पुलिस विभाग के पर्यावरण के आयोजन के लिए शंकरगढ पहाडी पर वे संयुक्त रूप से गए थे । इस दौरान आकस्मिक रूप से पहाडी के एक पथरीले हिस्से में उन्हें जब जंगल कैट प्रारंभिक स्थिति में दिखाई दी तो तेंदुआ की शंका हुई। कुछ समय पूर्व तक यहां चार तेंदुआ की उपस्थिति रही है। पोचिंग में एक तेंदुआ की मौत भी यहां हुई है। ऐसे में प्रारंभिक शंका इसी बात की थी ,लेकिन नजदीक से जाकर देखने पर जंगल कैट होना पुष्ट हुआ । साथ रहे पुलिस विभाग के अधिकारी वहां अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राजाबाबू सिंह के पौधारोपण के लिए यहां जमीन देखने के लिए पहुंचे थे। श्री जाधव के अनुसार 2018 में तत्कालीन डीएफओ पीएन मिश्रा के कार्यकाल में शंकरगढ पहाडी के पूर्नपर्यावरणीय स्थिति को लौटाने के लिए ग्रीन आर्मी का गठन किया गया था। उसके बाद से निरंतर पिछले 7 वर्षों में देवास शहर के नागरिकों, युवाओं, संस्थाओं, वन विभाग, पुलिस-प्रशासन की संयुक्त मेहनत का असर रहा कि एक बार फिर से पहाडी हरी भरी हो गई है। वन्यजीवों का सुरक्षित आश्रय स्थल बन रही है। जंगली बिल्ली या अन्य मांसाहारी जीवों की उपस्थिति यह दशार्ती है कि वहाँ खाद्य श्रृंखला और जैव-विविधता पुनः स्थापित हो रही है।

राहुल गांधी की गिरफ्तारी पर उज्जैन में भड़के कांग्रेसी

उज्जैन। नई दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास के बाहर प्रदर्शन कर रहे लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के शीर्ष नेताओं की गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही उज्जैन में कांग्रेस कार्यकताओं का आक्रोश फूट पड़ा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने टॉवर चौक स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के पास पहुंचकर उग्र प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। दिल्ली में पुलिस कार्रवाई के दौरान राहुल गांधी को चोट लगने और उनके हिरासत में लिए जाने की खबरों ने स्थानीय कार्यकताओं का गुस्सा और बढ़ा दिया।

विशेष सम्मिलन में कई अहम फैसलों पर मुहर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम के विशेष सम्मिलन में मंगलवार को शहर के विकास और सिंहस्थ-2028 की तैयारियों से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई। निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में महापौर मुकेश टटवाल, नेता प्रतिपक्ष रवि राय, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा तथा पार्षदों की उपस्थिति में वंदे मातरम् के साथ कार्यवाही प्रारंभ हुई।

बैठक का सबसे अहम निर्णय उज्जैन स्थित स्विमिंग कॉम्पलेक्स को खेल एवं युवा कल्याण विभाग को हस्तांतरित कर राष्ट्रीय स्तर की स्विमिंग अकादमी स्थापित करने का रहा। प्रस्ताव के अनुसार राज्य शासन की आवश्यक स्वीकृति मिलने के बाद खिलाड़ियों को आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। वहीं देवास रोड स्थित तरणताल के नियमित संचालन को भी मंजूरी दी गई।

सदन ने सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए शहर की प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण से प्रभावित भवन और भूमि स्वामियों को मुआवजा देने संबंधी प्रस्तावों पर भी मुहर लगाई। गदापुलिया-जयसिंहपुरा-लालपुल, वीडी मार्केट-तेलीवाड़ा-ढाबारोड, गाड़ी अड्डा से बड़ा पुल, हरिफाटक मार्ग, गैल इंडिया चौराहा-नीलगंगा, सांवेर रोड और बिजासन माता मंदिर से देवास रोड सहित विभिन्न मार्गों पर प्रभावित हितग्राहियों को क्षतिपूर्ति देने का निर्णय लिया गया। हरिफाटक आरओबी के चौड़ीकरण से प्रभावित 12 खोली क्षेत्र के रहवासियों को भी मुआवजा मिलेगा।

स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत जर्जर सार्वजनिक शौचालयों को हटाकर नए शौचालयों के निर्माण, खादठिया और लाल मस्जिद क्षेत्र में सुविधाओं के पुनर्निर्माण तथा गांधी बाल उद्यान के बाहर स्थित यूरिनल हटाने के प्रस्ताव भी स्वीकृत हुए। इसके अलावा अलखधाम में निमार्णाधीन नगर निगम शॉपिंग कॉम्पलेक्स के नामकरण, पीपीपी मॉडल पर सीबीजी प्लांट के लिए नई निविदा जारी करने तथा टीडीआर की खरीद-पुनर्विक्रय के लिए ल्वउ्ढ एवं वाणिज्यिक बैंकों से ऋण लेने के प्रस्ताव को भी सदन ने जनहित में मंजूरी प्रदान की। अंत में निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

बारिश में नगर निगम पर कांग्रेस का हल्ला बोल, पैदल मार्च निकालकर सौंपा ज्ञापन

मूलभूत सुविधाओं और पक्षपात के आरोपों को लेकर घेराव

सड़कें, गंदे पानी की आपूर्ति और जयसिंहपुरा कार्रवाई पर सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर की बदहाल सड़कों, गंदे पानी की आपूर्ति और नगर निगम की कथित पक्षपातपूर्ण कार्रवाई के विरोध में शहर कांग्रेस ने मंगलवार को बारिश के बीच नगर निगम का घेराव किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने कोयला फाटक चौराहे से निगम मुख्यालय तक पैदल मार्च निकालकर नारेबाजी की और अपर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कांग्रेस ने सड़क चौड़ीकरण और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में भेदभाव का आरोप लगाया। मुकेश भाटी ने कहा कि आम नागरिकों पर कार्रवाई की जा रही है, जबकि भाजपा नेताओं के अतिक्रमण पर निगम मौन है। उन्होंने सती गेटझ्छत्रीचौक मार्ग और नयापुरा क्षेत्र का उल्लेख करते हुए निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस ने जयसिंहपुरा में होटल के साथ आवास सील किए जाने को भी अन्यायपूर्ण बताते हुए प्रभावित परिवार को राहत देने की मांग उठाई। साथ ही शहर की जर्जर सड़कें, पेयजल समस्या और अन्य मूलभूत सुविधाओं में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया।

कई वार्डों में लोग गंदा पानी पीने को मजबूर

नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने महापौर और भाजपा बोर्ड को निष्क्रिय बताते हुए कहा कि कई वार्डों में लोग गंदा पानी पीने को मजबूर हैं, लेकिन समाधान के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। प्रदर्शन में अजीत सिंह ठाकुर, राजेश राणा, धीरज यादव, अभिषेक शर्मा, आनंद मीणा अर्पित दुबे, देवव्रत यादव, चंद्रभान सिंह चंदेल, सुनील कछवाय, दुर्गेश धवन, बबलू खींची, संचित शर्मा, अर्पित यादव, भूरू गोड़, विकास मालवीय, देवेंद्र पाटनी, चैन सिंह चौधरी, नाजिया बी, इरशाद कुरैशी, आत्माराम मालवीय, राहुल लोट, जाहिद हुसैन, फिरोज पठान, अनवर नागोरी, अनवर बाबा, श्याम जटिया, कृष्णा यादव, इंदर सिंह कुशवाह, परमानंद मालवीय, सोनिया ठाकुर, सीमा पटेल,असलम भाई, वरुण शर्मा, वीरेंद्र गोसर, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व वार्डवासी उपस्थित थे।

30 जुलाई से शुरू होगा महादेव की भक्ति का महीना

30 जुलाई से महादेव की भक्ति का महीना शुरू होगा। सावन के पवित्र महीने में शिवालयों में बेलपत्र चढ़ाने की परंपरा को भूतेश्वर महादेव मंदिर ऐतिहासिक महाअनुष्ठान का रूप देने जा रहा है। यहां 29 जुलाई से 28 अगस्त तक विशेष धार्मिक अनुष्ठान होगा। इसे सर्वमनोकामना सिद्धप्रद अहर्निश लक्ष बिल्वार्चन चिंतामणि महाप्रयोग नाम दिया गया है। दावा है कि यह पहला ऐसा आयोजन है, जिसमें 30 दिन तक 24 घंटे बिना रुके लगातार बिल्वार्चन (बेलपत्र अर्पण) किया जाएगा। इस दौरान पूरे महीने में भगवान शिव को करीब 30 लाख बेलपत्र अर्पित किए जाएंगे।

रतलाम-नागदा तीसरी-चौथी रेल लाइन का सर्वे शुरू

उज्जैन। रतलाम-नागदा के बीच प्रस्तावित तीसरी और चौथी रेल लाइन परियोजना का नागदा क्षेत्र में सर्वे शुरू हो गया है। करीब 1,018 करोड़ रुपए की इस परियोजना से रेल संचालन की क्षमता बढ़ेगी, लेकिन संभावित भूमि अधिग्रहण को लेकर किसानों और निवेशकों की चिंता भी बढ़ गई है। दो पूर्व विधायकों ने किसानों के समर्थन में परियोजना का विरोध करने की घोषणा की है। दिल्ली-मुंबई रेल कॉरिडोर के तहत स्वीकृत 41 किलोमीटर लंबी इस परियोजना की अनुमानित लागत 1,018 करोड़ रुपए है। निर्माण एजेंसी ने उज्जैन-जावरा टू-लेन मार्ग के पास सर्वे और मिट्टी परीक्षण शुरू कर दिया है।

संक्षिप्त समाचार

- 21 श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस ने रैली निकाल कर प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन
- बकाया भुगतान, पीएफ पेंशन वृद्धि एवं वन विभाग की प्रस्तावित परियोजना पर रोक लगाने की मांग
- भारत मुक्ति मोर्चा व राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा ने 12 सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन
- श्री मनोहर इन्दु महिला मंडल ने सूरज नगर स्थित श्री जीरावाला पार्श्वनाथ मंदिर में श्री पार्श्वनाथ पंच कल्याणक पूजा पढ़ाई।
- कन्या महाविद्यालय में 30 दिवसीय निशुल्क कौशल व व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षण शुरू

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | बुधवार 22 जुलाई, 2026 | www.awantika.com

न्यूज ब्रीफ

ग्राम खुड़ैल खुर्द में आज हाथों हाथ सबका निराकरण

इंदौर। इन दिनों खुड़ैल का माहौल कुछ अलग ही नजर आ रहा है। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन पर नवागत एसडीएम राहुल गुप्ता इस पूरे क्षेत्र में यह के स्कूल और पंचायत से लेकर अन्य जगह पर स्वयं जाकर निरीक्षण तो कर ही रहे साथ ही लोगों से मिलकर उनकी समस्या का समाधान भी कर रहे है। इसी क्रम में आज खुड़ैल खुर्द पंचायत में ग्रामीण वासियों से सीधे एसडीएम राहुल गुप्ता मिले और उनकी सुनवाई की गई। नामांतरण, बंटवारे के साथ अन्य प्रकरणों को लेकर सीधी सुनवाई कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया गया।

पदोन्नति मिलने पर कर्मचारियों ने संभागायुक्त का जताया आभार

इंदौर। संभागायुक्त कार्यालय एवं संभाग के अधीनस्थ जिला कार्यालयों में कार्यरत स्टेनोग्राफर वर्ग-3 के कर्मचारियों को स्टेनोग्राफर वर्ग-2 के पद पर स्थानापन्न रूप से पदोन्नत किए जाने के आदेश के बाद कर्मचारियों ने आज संभागायुक्त कार्यालय में संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े से सौजन्य भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कर्मचारियों ने कहा कि लंबे समय से पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे कर्मचारियों को यह निर्णय मिलने से उनमें नया उत्साह और कार्य के प्रति नई ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने संभागायुक्त डॉ. खाड़े का धन्यवाद देते हुए विश्वास दिलाया कि वे नई जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं दक्षता के साथ निर्वहन करेंगे। उल्लेखनीय है कि संभागायुक्त कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार संभागायुक्त कार्यालय एवं अधीनस्थ जिला कार्यालयों में कार्यरत स्टेनोग्राफर वर्ग-3 के पांच कर्मचारियों को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से आगामी आदेश तक स्थानापन्न रूप से स्टेनोग्राफर वर्ग-2 के पद पर पदोन्नत किया गया है।

जनसुनवाई हुआ स्वागत, ग्रामीणजनो ने कलेक्टर को दिया धन्यवाद

इंदौर। कुछ महीने पहले की बात है जलसंवर्धन अभियान इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा ने मुख्यमंत्री के सतत निर्देशन पर चला रखा था। इसी क्रम में कलेक्टर शिवम वर्मा महू के केलोद स्थित उस जगह पर पहुंचे थे, जहां पर 3 किलोमीटर तक का एक गंभीर नदी का रास्ता था। इस रास्ते का निरीक्षण कर इसको जिंदा करने के लिए शिवम वर्मा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। इसमें गांव के ही सरपंच से लेकर तो ग्रामीण वासियों ने भी सहयोग किया। ऐसा उद्धार हुआ कि उसमें 3 किलोमीटर के क्षेत्र में गंभीर नदी का पानी भी उतर आया।

न्यायालयीन प्रकरणों निराकरण में इंदौर झोन से आगे

इंदौर। संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में संभागायुक्त कार्यालय में आज अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के अंतर्गत राहत योजना को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। संभागायुक्त द्वारा न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा के दौरान पाया कि इंदौर झोन का दोषसिद्धी 69 प्रतिशत है, जो प्रदेश के कुल प्रतिशत से अधिक है। इस संबंध में खंडवा जिले में किये गये दोषसिद्धी की सराहना की गई। बैठक में इंदौर संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स, पुलिस अधीक्षक, जनजाति कार्य विभाग के सहायक आयुक्त और अभियोजन अधिकारी शामिल हुए। संभागायुक्त कार्यालय इंदौर से आईजी अनुराग, संयुक्त आयुक्त (विकास) श्रीमती शिवानी वर्मा, डीसीपी राजेश त्रिपाठी, जनजातीय कार्य विभाग के उपायुक्त गणेश भाभर, अजाक्स के पुलिस अधीक्षक शेरसिंह भूरिया, अभियोजन अधिकारी भदौरिया एवं संबंधित अधिकारी शामिल हुए।

हजारों लोगों ने एक साथ दिया नशामुक्त समाज का संदेश

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व तथा पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाणा के मार्गदर्शन में प्रदेश में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे व्यापक जनजागरूकता अभियान नशे से दूरी है जरूरी 2.0 को इंदौर में ऐतिहासिक जनसहभागिता मिली। पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित विशाल जनजागरूकता कार्यक्रम में 8,534 विद्यार्थियों, सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों, खिलाड़ियों, नगर सुरक्षा समिति के सदस्यों, पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों एवं नागरिकों ने एक साथ मानव श्रृंखला बनाकर नशे के विरुद्ध विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया। इस उपलब्धि के साथ इंदौर पुलिस कमिश्नरेट ने नशे के विरुद्ध मानव श्रृंखला का अपना ही पूर्व विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया।

ग्राम मुंडलानायता में शासकीय भूमि एवं नाले से अतिक्रमण हटाया गया

इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में तहसील जूनी के अंतर्गत ग्राम मुंडलानायता में शासकीय भूमि एवं नाले पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान ग्राम मुंडलानायता की शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 28, रकबा 0.560 हेक्टेयर पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। उक्त कार्रवाई राजस्व विभाग, नगर निगम एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर टीन शेड, बाउंड्री वॉल तथा अन्य अवैध निमार्णों को हटाते हुए शासकीय भूमि एवं नाले पर किए गए अतिक्रमण को मुक्त कराया। बताया गया कि शासकीय भूमि एवं सार्वजनिक उपयोग की परिसंपत्तियों पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा इस प्रकार के मामलों में नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गर्मी में केंप के बावजूद उज्जैन जिला अस्पताल की ब्लड बैंक को रक्त दान की कमी होती है

'दा साब' स्व. श्री गोवर्धनलाल जी मेहता की 111 वीं जयंती पर 'रक्तांजलि'

वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ, उज्जयिनी रक्त संचार संस्था का संयुक्त आयोजन 26 जुलाई को रक्तदान का मेगा केंप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

समाजहित, जनसेवा और मानवीय मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाले दैनिक अवंतिका के पितृपुरूष परमश्रद्धेय पं.गोवर्धनलाल मेहता 'दा साब'की 111वीं जयंती पर उन्हें रक्तांजलि दी जाएगी। वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ और उज्जयिनी रक्त संचार संस्था की सहभागिता के मेगा रक्तदान शिविर में 'दा साब' को रक्तांजलि दी जाएगी। 26 जुलाई रविवार पूर्वान्ह 11 बजे से कासमास माल,नानाखेडा उज्जैन में यह आयोजन किया गया है। इस स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के माध्यम से जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान के संग्रहण को बढाया जाएगा।

मुख्य आयोजक वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ के वेस्टर्न रेलवे मंडल मंत्री अभिलाष नागर ने बताया कि 'दा साब' का मजदूर संघ के प्रारंभिक काल से गहरा नाता रहा । उन्होंने अपने जीवनकाल में सदैव समाजहित, जनसेवा और मानवीय मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनकी जयंती पर आयोजित यह रक्तदान शिविर उनके आदर्शों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ मानव सेवा का श्रेष्ठ माध्यम बनेगा। सहयोगी आयोजक उज्जयिनी रक्त संचार समिति इसमें अधिक से अधिक रक्तदान के लिए आमजन को प्रेरित करेगा। दोनों ही संस्थाओं की और से आमजन से अधिक से अधिक रक्तादान के लिए आग्रह किया गया है।

प्रतिमाह बच्चों को 300 युनिट की जरूरत

उज्जैन जिला अस्पताल ब्लड बैंक प्रभारी डा.संगीता गुप्ता के अनुसार प्रत्येक वर्ष के गर्मी के माह अप्रेल -मई में ब्लड बैंक में दान से मिले रक्त में कमी आ जाती है। उसकी वजह इन दो माह में रक्तदान कम होता है। इसकी अपेक्षा ठंड के दिनों में किए गए कैंप में लोग अच्छा रक्तदान करते हैं। यही कारण है कि गर्मी के दिनों में रेर ब्लड ग्रुप मिलने में कई बार ब्लड बैंक में परेशानी की स्थिति बनती है। ब्लड बैंक उपलब्धता के आधार एवं यहां के चिकित्सकों के परामर्श पर शासकीय जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को निःशुल्क ब्लड उपलब्ध करवाती है। प्रायवेट अस्पतालों के मरीजों के लिए 1050 रूपए रोकस शुल्क लेकर प्रति युनिट ब्लड दिया जाता है।

रक्तदान सीधे जीवनदान

दोनों ही संस्था की और से बताया गया कि वर्तमान समय में दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों, ऑपरेशन, थैलेसीमिया तथा अन्य आपात परिस्थितियों में समय पर रक्त उपलब्ध नहीं होने से मरीजों और उनके परिजनों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। रक्तदान सीधे तौर पर जीवनदान जैसा है। रक्तदान करने वाले कम हैं और उसे खरीदकर लेने वालों की संख्या अधिक है। ऐसे में इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और ब्लड बैंकों में पर्याप्त रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

रक्तदाताओं से आग्रह किया

उज्जयिनी रक्त संचार समिति की ओर से सुनील गुप्ता, रूपेश बीडवान, अलका शर्मा एवं रितेश बोरिया तथा वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ की ओर से अभिलाष नागर, चैतन्य चौधरी, नरेंद्र सहगल, शेख जमील, अविनाश श्रीवास, अनिल देवड़ा, मुश्ताक खान एवं जी.आर. जरिया ने शहर के युवाओं, महिलाओं, सामाजिक संगठनों, व्यापारियों, कर्मचारियों एवं सभी जागरूक नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुँचकर स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की है।

यह महादान के समान

आयोजकों ने कहा कि रक्तदान महादान है। आपके द्वारा किया गया एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान कर सकता है। रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर स्वैच्छिक रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने सभी नागरिकों से इस पुनीत अभियान में सहभागी बनकर मानव सेवा के इस महायज्ञ को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए' प्रेरित करने का आग्रह किया है।

कोड आन एंपावरिंग वर्क स्पेस से उज्जैन को मिलेगा लाभ

अभी शहर में रात को श्रद्धालुओं को खाना, नाश्ता मिलने में ही होती है परेशानी

रात में भी खूले रह सकेंगे रेस्टोरेंट, माल, सिनेमाघर, बिजनेस सेंटर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अगर सब कुछ ठीक रहा तो सरकार की मंशा से धर्मनगरी उज्जैन को भी मध्यप्रदेश कोड आन एंपावरिंग वर्क स्पेस 2026 विधेयक के पास होते ही लाभ मिल सकेगा। इसमें रेस्टोरेंट,माल,सिनेमाघर,बिजनेस सेंटर 24 घंटे श्रम नियमों के अनुसार खुले रह सकेंगे। उज्जैन में आने वाले श्रद्धालुओं को इससे बडा लाभ मिल सकेगा । साथ ही शहर में व्यवसाय को नई गति मिल सकेगी।

वर्ष 2024 में बाजारों को 24 घंटे खोलने की कवायद शुरू हुई थी। पहले भोपाल और इंदौर में इसे पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर किया जाना प्रस्तावित किया गया था। इसे लेकर सरकार ने नगर निगमों और औद्योगिक क्षेत्रों तक इसे ले जाने की घोषणा की थी। श्रम विभाग ने मसौदा तैयार कर लिया लेकिन नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने यह कहते हुए आपत्ति जताई कि शहरों में सफाई का काम रात में होता है, जो बाजार खुलने से प्रभावित होगा। कानून व्यवस्था की स्थिति का भी हवाला दिया गया था। वहीं, श्रम विभाग का तर्क था कि इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी, जिससे राजस्व में भी वृद्धि होगी।

उज्जैन को मिलेगा बेहतर लाभ

शहर में प्रति दिन करीब 2 लाख श्रद्धालुओं का आगमन होता है। इनमें से मात्र 10-20 प्रतिशत श्रद्धालु ही ऐसे होटलों में ठहरते हैं जहां भोजन एवं नाश्ते की सुविधा होती है। शेष श्रद्धालु ऐसे आश्रय स्थलों में ठहरते हैं जहां मात्र चाय का सहारा ही होता है। अगर रात्रि में उन्हें भोजन या भारी नाश्ता करना हो तो इसकी उपलब्धता मुश्किल ही होती है। ऐसे में श्रद्धालुओं को रात में 11 बजे से सुबह तक खाने और भारी नाश्ता को लेकर इंतजार करना पडता है या फिर अन्य विकल्प ही उनका सहारा होते हैं। इस विधेयक के पास होने के बाद सरकार की मंशा पर धर्मनगरी उज्जैन में भी रेस्टोरेंट ,माल, सिनेमाघर, बिजनेस सेंटर 24 घंटे खुले रह सकेंगे,जिसका सीधा लाभ श्रद्धालु के साथ शहरवासी ले सकेंगे। इससे शहर में राजस्व की वृद्धि होगी और आय का स्त्रोत बढ जाएगा।

अभी यह हैं हालात

वर्तमान में शहर में रात्रि में 10 बजे बाद से ही पुलिस दुकानों को बंद करवाने के लिए अपनी गश्त को शुरू करती है। रात 11 बजे तक अधिकांश दुकानें बंद करवा दी जाती है। देवासगेट एवं मंदिर के कुछेक क्षेत्रों में यह रात्रि 12 बजे तक होता है। उसके बाद श्रद्धालुओं के लिए खाने एवं भारी नाश्ते के साथ मनोरंजन को लेकर कोई विकल्प नहीं होता है।

2 वर्ष से विचार अब अमल में आएगा

श्रम विभाग चार कानूनों को मिलाकर मध्य प्रदेश कोड आन एंपावरिंग वर्क स्पेस 2026 विधेयक 20 जुलाई से प्रारंभ होने वाले विधानसभा के मानसून सत्र में प्रस्तुत करने जा रहा है। इसमें प्रविधान को संशोधित किया जा रहा है, जिससे कामगारों की सुविधा के लिए 24 घंटे दुकानें खोली जा सकें। हालांकि, यह कहां खुलेंगी और कहां नहीं, इसका अधिकार सरकार को होगा। स्थानीय परिस्थितियों को देखकर इस पर निर्णय लिया जाएगा। पूर्व से ही महाराष्ट्र, कर्नाटक, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और तेलंगाना में चिह्नित स्थानों पर बाजार 24 घंटे खोलकर रखने की अनुमति है। इसमें माल, रेस्टोरेंट, बिजनेस सेंटर, सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़े कार्यालय शामिल हैं। इस नए कानून में महिलाओं के कार्यस्थल को लेकर भी बड़ा बदलाव किया गया है।

नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

इंदौर। शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, किला भवन, इंदौर में प्राचार्य डॉ. बी. डी. श्रीवास्तव के संरक्षण, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. वी. पी. बैरागी के मार्गदर्शन में, कार्यक्रम के संयोजक प्रो. सुधीर कुमार छारी के निर्देशन में 21 जुलाई को नशे से दूरी है जरूरी 2.0 विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में पुलिस विभाग की ओर से डी.एस.पी आशा सेजकर, निरीक्षक शहनाज बानो, उप निरीक्षक शीष शर्मा सहित लगभग 20 पुलिस अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

भागीरथपुरा दूषित पानी कांड हाई कोर्ट में उठे नए सवाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भागीरथपुरा दूषित पानी हादसे में 36 लोगों की मौत के मामले में सोमवार को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर बेंच में सुनवाई हुई। जस्टिस सुबोध अभ्यंकर और आलोक अवस्थी की डबल बेंच के समक्ष पेयजल गुणवत्ता और जल प्रदूषण से जुड़ी जनहित याचिका पर बहस हुई, जिसमें याचिकाकर्ता की ओर से नए तथ्यों को रिकॉर्ड पर लेने की मांग की गई। याचिकाकर्ता की ओर से सीनियर एडवोकेट अजय बागडिया और सैली पुरंदरे ने दो अंतरिम आवेदन प्रस्तुत किए। इनमें दावा किया गया कि भागीरथपुरा क्षेत्र को जलापूर्ति करने वाली ओवरहेड टंकी में कथित रूप से पोटेशियम क्लोराइड की गोलियां डाले जाने की जानकारी सामने आई है। साथ ही क्षेत्र के निवासियों के वीडियो रिकॉर्डिंग वाले पेन ड्राइव को भी साक्ष्य के रूप में रिकॉर्ड पर लेने की मांग की गई। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता पक्ष ने तर्क दिया कि उपलब्ध तथ्यों से संकेत मिलते हैं कि जल प्रदूषण का स्रोत मुख्य जलापूर्ति व्यवस्था नहीं, बल्कि अंतिम वितरण तंत्र हो सकता है। एडवोकेट बागडिया ने कहा कि प्रदूषण की घटना से पहले संबंधित ओवरहेड टंकी में संदिग्ध सामग्री डाले जाने की जानकारी मिली है, इसलिए वहां तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच आवश्यक है। इंदौर नगर निगम की ओर से एडवोकेट ऋषि तिवारी ने आवेदन का विरोध करते हुए कहा कि लगाए गए आरोप पर्याप्त साक्ष्यों से समर्थित नहीं हैं। उन्होंने कोर्ट को बताया कि हाई कोर्ट पहले ही रिटायर्ड जस्टिस सुशील कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में एक सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग गठित कर चुका है, जिसे इस पूरे मामले के सभी पहलुओं की जांच का दायित्व सौंपा गया है।

श्रावण मास में उज्जैन के ज्योतिर्लिंग महाकाल आने वाले कांवड़ यात्रियों के लिए बड़ी राहत

चार दिन मिलेगी कांवड़ियों को वीआईपी सुविधा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में श्रावण मास में देशभर से आने वाले कांवड़ यात्रियों को सप्ताह में चार दिन जल अर्पण के लिए वीआईपी सुविधा दी जाएगी। मंदिर समिति ने विशेष दर्शन व्यवस्था के अंतर्गत कांवड़ियों को प्रति सप्ताह मंगलवार से शुक्रवार हरसिद्धि चौराहा तथा गेट नं.1 से प्रवेश देना सुनिश्चित किया है। यह द्वार 250 रुपये के शीघ्र दर्शन टिकट वाले दर्शनार्थियों के लिए आरक्षित है।

मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया श्रावण मास में कांवड़ यात्री देश के कोने-कोने से पवित्र नदियों का जल लेकर पद यात्रा करते हुए भगवान महाकाल का जलाभिषेक करने उज्जैन आते हैं। हजारों किलो मीटर का सफर तय कर जब यह महाकाल के द्वार आते हैं, तो इनकी इच्छा केवल बाबा की एक झलक पाने

और उन्हें जल अर्पण की होती है।

ऐसे भक्त जो दूर दराज से पैदल चलकर महाकाल के द्वार पहुंचते हैं, उन्हें बिना किसी बाधा के भगवान के शीघ्र दर्शन कराने के लिए विशेष द्वारों से प्रवेश की व्यवस्था की है, जो श्रद्धालु मंगलवार से शुक्रवार को मंदिर पहुंचेंगे उन्हें उक्त विशेष द्वारों से प्रवेश दिया जाएगा। लेकिन जो कावड़ यात्री शनिवार-रविवार व सोमवार को अत्यधिक भीड़ वाले दिनों में मंदिर पहुंचेंगे, उन्हें सामान्य दर्शनार्थियों के साथ कतार में लगाकर भगवान के दर्शन करना पड़ेंगे। भगवान महाकाल को जल अर्पण करने के लिए सभा मंडप में जल पात्र लगाए जाएंगे। कांवड़ यात्री जल पात्र से जल अर्पण करेंगे तथा बैरिकेड से दर्शन कर निर्गम द्वार से मंदिर के बाहर निकलकर गंतव्य को रवाना होंगे। मंदिर समिति श्रावण मास में देशभर से आने वाले कावड़ यात्रियों को निश्शुल्क भोजन प्रसादी की सुविधा भी उपलब्ध कराएगी। इसके लिए इंदौर रोड पर अस्थायी अन्नक्षेत्र बनाया जाएगा, जहां चलित भंडारे में महाप्रसादी की सुविधा रहेगी।

निःशुल्क भोजन प्रसादी की व्यवस्था

मंदिर समिति श्रावण मास में देशभर से आने वाले कावड़ यात्रियों को निश्शुल्क भोजन प्रसादी की सुविधा भी उपलब्ध कराएगी। इसके लिए इंदौर रोड पर अस्थायी अन्नक्षेत्र बनाया जाएगा, जहां चलित भंडारे में महाप्रसादी की सुविधा रहेगी।

महाकाल मंदिर में श्रावण-भाद्रपद मास के दौरान बदल जाएगी आरती की व्यवस्था

7 सितंबर तक बदल जाएगा भस्म आरती व्यवस्था का शेड्यूल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रावण-भाद्रपद महापर्व के दौरान भगवान महाकाल जल्दी जागेंगे। इससे मंदिर के पट खुलने से लेकर भस्म आरती और दर्शन व्यवस्था का पूरा शेड्यूल बदल जाएगा। 30 जुलाई से सात सितंबर तक चलने वाले इस महापर्व के दौरान मंदिर के पट सामान्य दिनों की तुलना में एक से डेढ़ घंटे पहले खुलेंगे, जिससे श्रद्धालु प्रतिदिन लगभग 19 घंटे भगवान महाकाल के दर्शन कर सकेंगे।

मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक के अनुसार सामान्य दिनों में महाकाल मंदिर के पट तड़के चार बजे खुलते हैं, लेकिन महापर्व के दौरान प्रत्येक रविवार को यह रात 2.30 बजे और सोमवार से शनिवार तक रात तीन बजे खुलेंगे। इसके बाद भगवान महाकाल की भस्म आरती शुरू होगी, जो रात 10 बजे शयन आरती के पहले तक चलेगी।

दरअसल महाकाल मंदिर में प्रतिदिन पांच पहर की आरती होती हैं। वर्तमान में भस्म आरती, संध्या आरती और शयन आरती में चलायमान दर्शन की सुविधा उपलब्ध है लेकिन श्रावण और भाद्रपद मास में श्रद्धालुओं को सभी पांचों पहर की आरती में चलायमान दर्शन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए कार्तिकेय मंडपम में एक साथ तीन कतार चलाने का निर्णय लिया गया है, ताकि अधिक संख्या में भक्तों को आरती के दर्शन का अवसर मिल सके।

महापर्व के दौरान दर्शनार्थियों के लिए प्रवेश व्यवस्था

सामान्य दर्शनार्थीः श्री महाकाल महालोक के नंदी द्वार से प्रवेश करेंगे।

शीघ्र दर्शनः 250 रुपये के शीघ्र दर्शन टिकट वाले दर्शनार्थियों के प्रवेश की व्यवस्था हरसिद्धि चौराहा व गेट नं. 1 से रहेगी।

प्रोटोकाल दर्शनः प्रोटोकाल के तहत आने वाले वीवीआइपी भक्तों को नीलकंठ द्वार से मंदिर में प्रवेश दिया जाएगा।

नागपंचमी पर सवारी का अनूठा संयोग

इस बार नागपंचमी का संयोग 17 अगस्त को श्रावण के तीसरे सोमवार के दिन बन रहा है। इस दिन महाकाल मंदिर के शिखर पर स्थित नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट 24 घंटे खुले रहेंगे। शाम चार बजे राजसी वैभव के साथ भगवान महाकाल की सवारी भी निकलेगी।

जनसुनवाई बनी जनविश्वास का आधार, प्रशासनिक सहायता पहुंची

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर कलेक्टर कार्यालय में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार आयोजित हो रही साप्ताहिक जनसुनवाई आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं संवेदनशील निराकरण का प्रभावी माध्यम बन रही है। जनसुनवाई में पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं कलेक्टर शिवम वर्मा के समक्ष रखीं। कलेक्टर श्री वर्मा ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए तथा पात्र हितग्राहियों को तत्काल राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए। जनसुनवाई के माध्यम से प्रशासन निरंतर आमजन की समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित कर रहा है। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पवार, रोशन राय, रिंकेश वैश्य सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं को सहानुभूति के साथ सुना और उनका निराकरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार इंदौर जिले में गंभीर नदी को पुनर्जीवन देने का कार्य तेजी से जारी है।

न्यूज कालम

राजीनामे से दोनों पक्षों के संबंध मधुर रहते हैं : न्यायाधीश असलम दहलवी

सनावद। स्थाई लोक अदालत और विधिक जागरूकता के प्रति लोगों को जानकारी देने के उद्देश्य से सोमवार को सनावद न्यायालय परिसर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंडलेश्वर के आदेश एवं तहसील विधिक सेवा समिति, सनावद के निदेर्शानुसार आयोजित शिविर में न्यायाधीश असलम दहलवी ने बताया कि क्वस्थाई जनउपयोगी लोक अदालत प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को लगती है।उन्होंने कहा क्वस्थाई लोक अदालत में राजीनामा होने पर न किसी की जीत होती है और न किसी की हार। आपसी समझौते से प्रकरण समाप्त होने पर दोनों पक्षों के बीच मधुर संबंध बने रहते हैं। राजीनामे योग्य प्रकरणों का निपटारा यहां तुरंत हो जाता है और जमा की गई कोर्ट फीस भी वापस हो जाती है।न्यायाधीश महोदय ने आम जनता से अपील की कि प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को लगने वाली स्थाई लोक अदालत का लाभ उठाएं और अपने राजीनामे योग्य प्रकरणों का निपटारा कराएं।इस अवसर पर न्यायालय खंड पीठ सदस्य रविंद्र अम्बिया सहित न्यायालयीन स्टाफ और बड़ी संख्या में आमजन मौजूद थे।

शिक्षा लर्निंग स्कूल में साइबर सुरक्षा व नशा मुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम

सनावद। सनावद स्थित शिक्षा लर्निंग स्कूल में सोमवार को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और सुरक्षित भविष्य को ध्यान में रखते हुए "साइबर सुरक्षा एवं नशा मुक्ति" विषय पर एक प्रेरक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सनावद थाना प्रभारी धर्मेंद्र यादव थे। उन्होंने अपने संबोधन में छात्रों को साइबर अपराधों से बचने के गुर सिखाए। यादव ने कहा कि आज का युवा सोशल मीडिया, ऑनलाइन शॉपिंग और डिजिटल पेमेंट का खूब इस्तेमाल करता है। ऐसे में फर्जी लिंक, ओटीपी फ्रॉड और बैंकिंग ठगी से बचने के लिए सतर्क रहना जरूरी है। उन्होंने बताया कि डिजिटल युग में जागरूकता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। कोई भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और किसी से भी ओटीपी शेयर न करें।2.0" अभियान के तहत विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा क्वनशा शरीर के साथ-साथ पूरे परिवार और समाज को बर्बाद करता है।अनुशासन, सकारात्मक सोच और अच्छी शिक्षा ही सफलता की कुंजी है।

सीबीएसई बैडमिंटन क्लस्टर-12 में मैक्रो विजन एकेडमी ने जीता कांस्य पदक

बुरहानपुर। मध्यप्रदेश में आयोजित सीबीएसई बैडमिंटन क्लस्टर-12 प्रतियोगिता में मैक्रो विजन एकेडमी बुरहानपुर की बालक वर्ग अंडर-19 टीम ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता मेडीकैप्स इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर में 15 से 18 जुलाई तक आयोजित की गई थी। एकेडमी के खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल, बेहतरीन टीमवर्क और अटूट दृढ़ संकल्प से पदक अपने नाम किया। ये खिलाड़ी रहे कांस्य पदक विजेता-श्रेय सिरिल कुजूर - कक्षा 12वीं, इशत उइके कक्षा १०वीं , कृष्णा गंगेले - कक्षा 11वीं टीम कोच दीप श्रीवास्तव और शिवी श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण दिया। उनकी मेहनत और मार्गदर्शन से खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एकेडमी के संचालक आनंद प्रकाश चौकसे, एकेडमिक प्राचार्य जसवीर सिंह परमार, खेल विभाग प्रभारी डॉ. अरुण शर्मा और समस्त स्टाफ ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस सफलता से अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

कन्या विद्यालय के सामने शौचालय निर्माण पर बढ़ा विवाद

सनावद। जवाहर मार्ग स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं रेवा गुर्जर महाविद्यालय के सामने नाले पर निमार्णाधीन सार्वजनिक शौचालय को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। सोमवार को नागरिक अधिकार मंच ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर निर्माण स्थल बदलने की मांग की। मंच का कहना है कि वह सार्वजनिक शौचालय जैसी आवश्यक नागरिक सुविधा का विरोध नहीं कर रहा, बल्कि उसके लिए चुने गए स्थान पर पुनर्विचार चाहता है।ज्ञापन में कहा गया है कि प्रस्तावित निर्माण स्थल दो प्रमुख शिक्षण संस्थानों के मुख्य प्रवेश मार्ग के सामने स्थित है। ऐसे में छात्राओं की सुरक्षा, निजता तथा शैक्षणिक वातावरण प्रभावित होने की आशंका है।

नेपानगर नगर पालिका परिषद में 'अपनों' के खिलाफ बगावत

नेपानगर। नगर पालिका परिषद में चल रहा अंदरूनी विवाद अब खुलकर सामने आ गया है। विपक्ष की चुप्पी के बीच सत्ताधारी दल की ही पार्षद ने अपनी परिषद पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाकर हड़कंप मचा दिया है। वार्ड-10 की कांग्रेस पार्षद रूपाली जितेंद्र सावकारे ने अपनी ही पार्टी की नगर पालिका अध्यक्ष भारती विनोद पाटिल के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कई मामलों में धांधली का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि जांच पूरी होने के बाद भी प्रशासनिक अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे। पार्षद सावकारे के अनुसार नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग भोपाल के आयुक्त के निर्देश पर आधा दर्जन मामलों की जांच कराई गई थी। जांच में गड़बड़ी की पुष्टि हुई, लेकिन रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई।प्रमुख आरोपः 32 करोड़ की नल-जल योजना*: भारी बजट वाली पेयजल परियोजना की जांच रिपोर्ट आने के बाद भी दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई। अपात्रों का नियमितीकरणः योग्य कर्मचारियों को छोड़कर 7वीं-9वीं पास कर्मचारियों को बैकडोर से नियमित किया जा रहा। एक उपयंत्री के गलत नियमितीकरण और ज्यादा वेतन भुगतान का मामला भी सामने आया।

बड़वानी जिले में हुआ बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन

जिले के कर्मयोगी कृषकों एवं अन्य को किया गया सम्मानित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के किसान मध्यप्रदेश की रीढ़ हैं। किसानों की सामाजिक एवं आर्थिक उन्नति के बिना राज्य के समग्र विकास की कल्पना भी नहीं की जा सकती। राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में घोषित किया गया है, जिसके अंतर्गत प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर श्रृंखलाबद्ध रूप से बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को बड़वानी जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक तकनीकों, प्राकृतिक खेती और नवीन नवाचारों से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि करना, कृषि उत्पादों का मूल्य संवर्धन करना तथा किसानों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है।

संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि बड़वानी जिले में विभिन्न उद्वहन सिंचाई परियोजनाओं एवं ड्रिप इरिगेशन प्रणाली के विस्तार से कपास और मिर्च के उत्पादन क्षेत्र तथा सिंचाई रकबे में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि बड़वानी में उत्पादित केला अब खाड़ी देशों तक निर्यात किया जा रहा है, जिससे स्थानीय किसानों को उनकी उपज का बेहतर और अंतरराष्ट्रीय मूल्य प्राप्त हो रहा है। कृषि और किसानों के सर्वांगीण विकास की प्रतिबद्धता दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले में आयोजित कृषि कैबिनेट के निर्णयानुसार खेतिया कृषि उपज मंडी को आदर्श कृषि मंडी के रूप में विकसित किया जायगा। उन्होंने कहा कि जिले में कृषि के साथ-साथ उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभागों के सतत प्रयासों से कृषकों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्पष्ट किया कि किसानों को समय पर खाद, गुणवत्तापूर्ण बीज और सिंचाई की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। खाद व बीज की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश महामंत्री डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी ने सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बलराम तालाब योजना, ड्रिप इरिगेशन और उद्वहन सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से अंतिम छोर के खेतों तक पानी पहुँचाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है।

पुलिस ने 5 किलो गांजा के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

बेड़िया। अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम के तहत दूर बेड़िया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार त कर उनके कब्जे से 5 किलो 100 ग्राम गगंजा ना एवं एक अपाचे मोटरसाइकिल जब्त की है। ए। यह कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक इंदौर ग्रानीण ग अनुराग, पुलिस उपमहानिरीक्षक निमाड़ रेंज है सिमाला प्रसाद तथ पुलिस अधीक्षक खरगोन । अधीक्षक (ग्रामीण) शकुन्तला रुहल के ती मार्गदर्शन में की गई। पुलिस के अनुसार 17 हैं। जुलाई 2026 को मुखबिर से सूचना मिली ल थी कि दो व्यक्ति अपाचे मोटर साइकिल से भ पिपरीखेड़ा की ओर से बेड़िया की तरफ आ न रहे हैं और उनके पास गांजा हो सकता है। नी सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक रामेश्वर ठाकुर के न नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर ग्राम जामनिया घाटी मेन रोड के पर नाकाबंदी की गई। कुछ सनय बाद मुखबिर द्वारा बताए गए नी हुलिए के अनुसार एक अपाचे मोटरसाइकिल पर दो युवक ब्ध आते दिखाई दिए। पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें रोका। पूछताछ में उन्होंने अपनी पहचान शुलभ सोलंकी निवासी सरस्वती कॉलोनी, सनावद तथा गौतम बिरला निवासी ओकार बाग कॉलोनी, सनावद के रूप में बताई। तलाशी के दौरान दोनों के कब्जे से 5 किलो 100 ग्रम गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत लाभग 80 हजार रुपये है जब्त की।

नगर में चातुर्मास प्रवेश की तैयारियां जोरों पर, 24 जुलाई को होगा मंगल प्रवेश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग

जैन समाज में चातुर्मास को लेकर उत्साह का वातावरण है। 24 जुलाई को पुण्य सम्राट की मौन साधना स्थली बाघ नगर में भव्य चातुर्मास प्रवेश का आयोजन होने जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने के लिए श्रीसंघ एवं विभिन्न समितियां तैयारियों में जुटी हुई हैं। पुण्य सम्राट मधुकर जयंतसेन सूरीश्वर जी के पट्टधर गच्छाधिपति आचार्य हृदय सम्राट नित्य सेन सुरेश्वर महाराज साहब पूज्य आचार्य श्री जयरत्न सूरीश्वर जी महाराज साहब की अज्ञानिवतुनी परम पूज्य तपस्वी रत्ना साध्वीजी झ ऋजुप्रिया श्रीजी म.सा. पूज्य साध्वीजी झ सोहमप्रिया श्रीजी म.सा. पूज्य साध्वीजी झ देवमप्रिया श्रीजी म.सा. का पावन सान्निध्य प्राप्त होगा। चातुर्मास प्रवेश के लिए नगर में स्वागत द्वार, मंदिर जी एवं ज्ञान मंदिर सजावट, पुण्य सम्राट प्रवचन हाल की सजावट, श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था, भोजन शाला, सहित विभिन्न व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। समाज के युवा, महिलाएं एवं वरिष्ठजन अपनी-अपनी जिम्मे दारियों का निर्वहन कर रहे है। श्री सीधर्मवृहत तपोगच्छीय त्रिस्तुतिक जैन श्रीसंघ, बाघ ने सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से 24 जुलाई 2026 को आयोजित चातुर्मास मंगल प्रवेश में अधिक संख्या में उपस्थित थे।

सब्जी मंडी में मोबाइल चोरी करने वाले पारदी गैंग के दो चोर गिरफ्तार, 9 मोबाइल और बाइक बरामद

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

खरगोन जिले की सनावद पुलिस ने साप्ताहिक सब्जी मंडी में भीड़ का फायदा उठाकर लोगों की जेब से मोबाइल चोरी करने वाले पारदी गैंग के दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के 9 महंगे मोबाइल फोन और वारदात में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल जब्त की है। बरामद मशरूका की कुल कीमत करीब 4.55 लाख रुपये बताई गई है।

पुलिस के अनुसार, 17 जुलाई 2026 को चांदनीपुरा निवासी तोशिफ ने थाना सनावद में शिकायत दर्ज कराई थी कि सब्जी मंडी में खरीदारी के दौरान उसकी जेब से ओप्पो एफ-31 प्रो मोबाइल चोरी हो गया। जांच के दौरान उसी दिन बाजार से चार अन्य लोगों के मोबाइल चोरी होने की जानकारी भी सामने आई। प्रारंभिक स्तर पर चोरी गए मोबाइलों की कीमत करीब 1.71 लाख रुपये आंकी गई, जिसके आधार पर थाना सनावद में मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक रविन्द्र वर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी धर्मेन्द्र यादव के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने बाजार और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तथा मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। जांच के दौरान इंदौर जिले के अहिरखेड़ी निवासी नीरज पिता जयपाल सिसोदिया और शेरु उर्फ सागर पिता साहेब सिंह सोलंकी की संलिप्तता सामने आई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उन्होंने चोरी की वारदातें स्वीकार कर लीं। प्रारंभिक कार्रवाई में उनके कब्जे से 5 मोबाइल फोन और करीब 80 हजार रुपये कीमत की मोटरसाइकिल बरामद की गई। न्यायालय से पुलिस रिमांड मिलने के बाद आरोपियों की निशानदेही पर 4 अन्य चोरी के मोबाइल भी बरामद किए गए।

पौधों के रोपण एवं संरक्षण का संकल्प

सनावद। पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी सामाजिक प्रति बद्धता को आगे बढ़ाते हुए लायंस क्लब सनावद स्नेह ने सत्र 2026-27 में एक पौधा माँ के नाम अभियान के अंतर्गत 5001 पौधों के रोपण एवं उनके संरक्षण का संकल्प लिया

अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार, 15 क्वार्टर जब्त

खंडवा। कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से देशी प्लेन शरब के 15 क्वार्टर जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी गौतम पिता सुरेश महेश्कर निवासी कंजर मोहल्ला गंज बाजार, खंडवा को लोहारी नाका रेलवे पुलिया के पास से पकड़ा गया।

सट्टा अंक लिखते युवक को पकड़ा, नकदी व पर्चियां जब्त

खंडवा। पदमनगर थाना पुलिस ने सट्टे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम छोटा बोरगांव में एक व्यक्ति को सट्टा अंक लिखते हुए पकड़ा। पुलिस के अनुसार सेवकराम पिता रामचन्द्र उम्र 52 वर्ष, निवासी छोटा बोरगांव लोगों से रुपये-पैसों का लेनदेन कर सट्टा अंक लिखी पर्चियां दे रहा था।

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम ने एसएएफ जवानों के साथ किया पौधारोपण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

मंगलवार को एनडीआरएफ टीम ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत वृहद पौधारोपण अभियान का आयोजन किया। उज्जैन जिले की 32वीं वाहिनी एसएएफ, नागझिरी, उज्जैन के जवानों के साथ मिलकर विभिन्न प्रकार के फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया।

पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेशइस पौधारोपण कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण को सुदृढ़ बनाना है। इस महत्त्वपूर्ण अभियान में 11वीं वाहिनी, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, वाराणसी के बचावकर्मियों ने पूरे उत्साह एवं समर्पण के साथ सहभागिता करते हुए नगर निगम उज्जैन के सहयोग से वृहद स्तर पर पौधारोपण किया। हरित भविष्य के लिए लिया संकल्पइस अवसर पर एनडीआरएफ के बचावकर्मियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनकी नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया।

एनडीआरएफ द्वारा ऐसे जनहित एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को प्रोत्साहित करना तथा भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं हरित पर्यावरण सुनिश्चित करना है।

एनडीआरएफ का यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के प्रति उसकी दृढ़ प्रतिबद्धता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक है। ऐसे प्रयास न केवल 'हरित मध्य प्रदेश' और 'हरित भारत' के निर्माण में सहायक सिद्ध होंगे, बल्कि आमजन को भी पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण के प्रति प्रेरित करेंगे।

रोटरी क्लब के 58वे शपथ विधि समारोह में सदस्यों को मुकेश साहू ने दिलाई शपथ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

आज रोटरी क्लब में कई व्यवसाय और क्षेत्रों के लोग जुड़े है सब की जनभावना एक ही है समाजसेवा। जब यह भाव लेकर समाज के लिए ऐसा संगठन आगे आता है तो समाज में भी बदलाव दिखता है.

यह बात रोटरी क्लब ऑफ खंडवा के ५८वे शपथ विधि समारोह में मुख्य अतिथि महापौर अमृता यादव ने कही. इस अवसर पर सत्र 2026-27 की नवीन कार्यकारिणी का शपथ विधि समारोह आयोजित हुआ. कार्यक्रम में सामाजिक सरोकार के तहत सीलिंग फैन और सिलाई मशीन प्रदान किया गया.

रोटरी क्लब ऑफ खंडवा के शपथ विधि समारोह किशोर सभागृह में मुख्य अतिथि महापौर अमृता यादव, विशेष अतिथि शपथ अधिकारी मुकेश साहू, विशेष अतिथि सेक्रेटरी डिस्ट्रिक्ट ट्रस्ट ३०४० सरजीव पटेल, क्लब ट्रेनर अभिषेक गुप्ता, वरिष्ठ रोटे. राजू चाँदमल जैन, आसन्न पूर्व अध्यक्ष सतनामसिंह होरा, पूर्व अध्यक्ष जगदीश पालीवाल, प्रथम महिला संगीता वर्मा और परियोजना संयोजक मनोज जौहरी रहे। शपथ अधिकारी मुकेश साहू ने सत्र २०२६-२७ के अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा (मामाजी), सचिव हरिशंकर दलाल, कोषाध्यक्ष राजू भाई जोशी और रोटरी क्लब की कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। नये सदस्य अंकित पालीवाल, अंकित सोनी, सचिन पाटील को रोटरी पिन लगाकर स्वागत किया गया.

मीडिया प्रभारी आशीष जायसवाल ने बताया कार्यक्रम के पूर्व अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण कर अतिथियों का स्वागत किया गया।

एल्डरमैन मंनोनित होने पर अधिवक्ता निलेश कौशल का किया स्वागत

खंडवा/नया हरसूद । नगरीय विकास एव आवास विकास मंत्रालय मध्यप्रदेश शासन भोपाल द्वारा जारी सूची में हरसूद नगर परिषद भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी एव नर्मदापुरम संभाग के प्रभारी अधिवक्ता निलेश कौशल को एल्डरमैन मंनोनित किया गया है। अधिवक्ता नीलेश कौशल संघ विचारधारा से प्रेरित संगठनों में लंबे समय से सक्रिय रहे है। पार्टी संगठन ने निलेश कौशल के लंबे संगठन में किये जा रहे कार्य और क्षेत्र में सामाजिक कार्यो में उनकी सक्रियता तथा उनके संपर्क और युवाओं के बीच मे उनकी मजबूत पेठ को देखते हुए उनके अनुभव के आधार पर उनको एल्डरमैन बनाकर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौपकर उनकी संगठन क्षमता को स्वीकार किया है। नगरीय विकास एव आवास विकास मंत्रालय मध्यप्रदेश शासन भोपाल द्वारा एल्डरमैन मंनोनित करने पर पर आज अधिवक्ता संघ हरसूद के अधिवक्तागण ने कोर्ट में नीलेश कौशल का स्वागत कर मनोनयन पर हर्ष व्यक्त कर प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया। एल्डरमैन बनने पर अधिवक्ता संघ हरसूद के अध्यक्ष ,गौरीशंकर टाले, दीपक शर्मा,सचिव लोकेश साध, भाजपा मंडल अध्यक्ष राम पवार, उपाध्यक्ष महेंद्र नामदेव, वरिष्ठ अधिवक्ता रामकुमार गंगराड़े, आदि उपस्थित थे।

नवागत डीआईजी सिमाला प्रसाद पहली बार पहुंचीं खंडवा, नशे की दूरी कार्यक्रम एवं बैठक में हुई शामिल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

निमाड़ रेंज खरगोन की नवागत पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) सुश्री सिमाला प्रसाद सोमवार को पहली बार खंडवा पहुंची। खंडवा पहुंचते ही सर्वप्रथम उन्होंने नगर निगम के समीप आयोजित नशे की दूरी कार्यक्रम में शामिल होकर बच्चों एवं उपस्थित जनों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रथम बार खंडवा पहुंचने पर समाजसेवी सुनील जैन ने दादाजी की नगरी खंडवा में डीआईजी सीमाला प्रसाद का मोती की माला से स्वागत अभिनंदन कर कहा की आपके कुशल कुशल नेतृत्व में खंडवा जिले में शांति व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया तथा कंट्रोल रूम बैठक में परिचय के साथ अधिकारियों से आवश्यक जानकारीया प्राप्त की। समाजसेवी सुनील जैन ने डीआईजी शिमला प्रसाद को ४ अगस्त किशोर दा के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थित होने का अनुरोध किया। इस अवसर पर शहर की सामाजिक गतिविधियों, जनसहभागिता और पुलिस-जन सहयोग को लेकर संक्षिप्त चर्चा भी हुई। इस अवसर पर डीआईजी सीमाला प्रसाद के साथ ही पुलिस अधीक्षक अगम जैन उप पुलिस अधीक्षक तारनेकर एवं अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि इस अवसर पर डीआईजी सीमाला प्रसाद ने कहा कि पूरे प्रदेश भर में १५ दिवसीय नशे से दूरी, है अत्यंत जरूरी कार्यक्रम चल रहा है प्रतिदिन अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को को नशे से दूर रहने की सलाह दी जा रही है। आज भी बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर लघु नाटिका के माध्यम से बच्चों एवं आम जन को नशे से दूरी का संदेश दिया गया एवं नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।

टीकाकरण एवं दस्तक अभियान का सीएमएचओ व डीपीओ ने किया औचक निरीक्षण

शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री ब्रजेश त्रिपाठी ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से उज्जैन शहर के वार्ड ५१, अन्नपूर्णानगर आंगनवाड़ी केंद्र पर संचालित नियमित टीकाकरण सत्र एवं दस्तक अभियान का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।टीकाकरण का शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने के निर्देशनिरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने टीकाकरण हेतु तैयार की गई ड्यू-लिस्ट का अवलोकन किया तथा उपस्थित गर्भवती महिलाओं से टीकाकरण एवं स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने निर्देश दिए कि प्रोटोकॉल के अनुसार सभी बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए तथा कोई भी पात्र हितग्राही टीकाकरण से वंचित न रहे।सीएमएचओ डॉ. पटेल ने कहा कि क्षेत्र की सभी गर्भवती महिलाओं, विशेषकर हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान, आवश्यक जांच, समुचित प्रबंधन एवं संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पास सभी गर्भवती एवं हाई-रिस्क महिलाओं की अद्यतन जानकारी उपलब्ध रहे तथा उनका नियमित फॉलो-अप एवं सतत निगरानी की जाए।निरीक्षण के दौरान टीकाकरण से संबंधित समस्त रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया तथा निर्देश दिए गए कि सभी जानकारी समय पर यू-विन (-ड्ढढ्ढह) पोर्टल पर दर्ज की जाए। साथ ही सभी रजिस्टर एवं अभिलेख अद्यतन रखने के निर्देश भी दिए गए।दस्तक अभियान की प्रगति की समीक्षाअधिकारियों ने दस्तक अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की तथा अभियान अंतर्गत ० से ५ वर्ष आयु के सभी बच्चों का शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दस्तक अभियान की रिपोर्ट समय पर अद्यतन की जाए, कोई भी पात्र बच्चा अभियान से वंचित न रहे तथा अभियान की नियमित मॉनिटरिंग एवं सुपरविजन की जाए। दस्तक अभियान के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप प्रत्येक गतिविधि का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

निरीक्षण के दौरान उज्जैन शहर की परियोजना अधिकारी, श्रीमती प्रियंका जायसवाल, सहायक कार्यक्रम प्रबंधक श्री दिलीप वसुनिया, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सीमा, बोरासी आशा कार्यकर्ता श्रीमती ललीता टेमुरने, एएनएम श्रीमती पूजा बाथम सहित स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

न्यूज -कॉलम

अवैध वसूली में शामिल 5 माह से फरार बदमाश गिरफ्तार

उज्जैन। खुद को महिदपुर का किंग बात कर अवैध वसूली का दबाव बनाने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पांच माह से उसकी तलाश की जा रही थी। महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि बदमाश शाहबुउद्दीन पिता मोईउद्दीन 32 साल निवासी आजाद गली केशरपुरा महिदपुर द्वारा अपने तीन साथियों के साथ पांच माह पूर्व अब्दुल वहाब उर्फ अब्दुल्ला शाह निवासी फकीर मोहल्ला का रास्ता रोककर खुद को महिदपुर का किंग बताते हुए कहा था कि यदि महिदपुर में रहना है तो हमारे घर पर लगे सीटीटीवी कैमरों के मेंटनेंस का खर्चा हर माह तुझे देना पडेगा, अभी 10 हजार देना होंगे। अब्दुल के मना करने पर चारों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी थी। मामले में अवैध वसूली का प्रकरण दर्ज कर पूर्व में तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया था। शाहबुउद्दीन लगातार महिदपुर तहसील से फरार चल रहा था। 5 माह बाद उसके महिदपुर आने की खबर मिलने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। जिसे एक दिन की पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया और घटनास्थल की तस्दीक कराकर मारपीट में प्रयुक्त लोहे का पाइप जप्त किया गया। रिमांड खत्म होने पर मंगलवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया। थाना प्रभारी के अनुसार बदमाश के खिलाफ पूर्व में भी मारपीट, जानलेवा हमला, बलवा, चोरी, गालीगलौच, अवैध, हथियार, अवैध वसूली के 7 अपराध दर्ज है।

बालिका के बयान से दुष्कर्म में बदला अपहरण का मामला

उज्जैन। महिदपुर रोड थाना क्षेत्र के ग्राम झूठावद से मई माह में लापता हुई 14 साल की बालिका को 2 माह बाद ग्राम बोराडा जिला अजमेर राजस्थान से दस्तयाब कर लिया गया। बालिका के लापता होने पर अपहरण का प्रकरण दर्ज किया गया था। बालिका के मिलने पर उसके बयान दर्ज करने के बाद प्रकरण में दुष्कर्म की धारा का इजाफा कर अपहरण करने वाले जीवन पिता जगदीश मेहर 22 साल निवासी ग्राम सांदला थाना भानपुरा मंदसौर को गिरफ्तार किया गया। एसआई प्रेम मालवीय ने बताया कि बालिका के परिजनों ने 2 दिनों तक उसकी तलाश करने के बाद मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई थी। उसके बाद से पुलिस लगातार बालिका की तलाश कर रही थी। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उसे 2 माह बाद दस्तयाब करने में सफलता मिल पाई। आरोपी बालिका के भाईयों के साथ मजदूरी का काम करता था। राजस्थान में काम के दौरान हुई पहचान के बाद आरोपी बालिका के घर आने लगा था। उसी दौरान झांसा देकर वह बालिका को अपने साथ राजस्थान ले गया था। आरोपी से अपहरण में प्रयुक्त बाइक जप्त की गई। मंगलवार को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

मोबाइल फार्मेट करने के बाद युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

उज्जैन। पंवासा थाना भवन के पीछे रहने वाले चिन्मय पिता रवि शुक्ला 20 वर्ष ने सोमवार शाम जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिग?ने पर परिजन उसे चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां उपचार के दौरान मंगलवार दोपहर उसकी मौत हो गई। पंवासा थाना प्रधान आरक्षक अनिल पाल ने बताया कि युवक के बयान दर्ज करने का प्रयास किया गया था, लेकिन उसने कुछ नहीं बताया। परिजनों के पूछने पर भी उसने ऐसे ही जहर खाने की बात कहीं। उसका मोबाइल चैक किया गया लेकिन जहर खाने से पहले उसने मोबाइल फार्मेट कर दिया था, जिसके चलते उसमें कुछ भी होना सामने नहीं आया। फिलहाल मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों का कहना था कि गा?ी के शोरूम पर काम करता था। घर में कोई परेशानी नहीं थी, आशंका जताई जा रही है कि मामला प्रेम प्रसंग से जुडा हो सकता है। जहरीला पदार्थ खाकर आतमहत्या के अन्य मामले भी सामने आये है। एक मामला भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम खोरिया के रहने वाले हरीश उर्फ हरिकिशन पिता मायाराम 25 साल का है। हरीश ने सोमवार को जहर खाया था जिसकी निजी अस्पताल में मौत हुई। वहीं सुसनेर के ग्राम कजलास से जहरीला पदार्थ खाने पवित्राबाई पति प्रेमसिंह 45 साल को परिजन उज्जैन लेकर आये थे। जिसकी सोमवार-मंगलवार रात मौत हो गई। दोनों मामलों में जहर खाने का कारण सामने नहीं आया। परिजनों के बयान और जांच के बाद वजह सामने आ पायेगी।

दिन	337-3	290-1
मेन बाजार	250-7	679-2
कल्याण नाइट	146-1	366-5
मिलन डे	125-8	490-3
मिलन नाइट	120-3	179-7
मधुर डे	300-3	366-5
मधुर नाइट	246-2	249-5
शुभांक	5 6	9

फिरौती के 10 लाख लेने वालों का मिला सुराग

फ्रीगंज में देखे गये कैमरों के फुटेज, जल्द हो सकता है खुलासा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

युवक का अपहरण कर फिरौती के 10 लाख लेने वाले मुख्य आरोपी का सुराग मिल गया है। उसके साथियों की तलाश में पुलिस की एक टीम दबिश के लिये रवाना की गई। संभावना है जल्द पुलिस मामले का खुलासा कर सकती है।

नानाखेडा थाना पुलिस को सोमवार शाम नरवर के रहने वाले युवक ने अपना अपहरण होने और 50 लाख की फिरौती मांगने वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि फिरौती की राशि 26 लाख तय होने के बाद परिजनों ने 10 लाख रूपये फ्रीगंज में आकर दिये थे, उसके बाद उसे छोडा गया था, लेकिन 16 लाख के बदल उसकी कार, चेन और घडी अपने पास रख ली गई थी। थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई थी। मामले से जुडे मुख्य आरोपी लोकेश शर्मा निवासी पंवासा का नाम सामने आया था, जिसका सुराग मिल गया है। उसके साथियों की तलाश में एक टीम रवाना की गई है। जिनकी गिरफ्तारी होते ही मामले का खुलासा किया जायेगा। मुख्य आरोपी की तलाश में पंवासा में दबिश दी गई थी। विदित हो कि मुख्य आरोपी के हिन्दू संगठन से जुडे होने की खबर समाने आई थी लेकिन पुलिस द्वारा इसकी पुष्टि नहीं की है। लेकिन मुख्य आरोपी का अपराधिक रिकार्ड पता किया जा रहा है।

अपहरण कर आंखों पर बांधी थी पट्टी

शिकायत दर्ज कराने वाले ने बताया कि उसका अपहरण 18 जुलाई को तपोभूमि के पास से किया गया था। अपहरण करने वाले 2 कार में आये थे। उसकी कार रोक मारपीट करने के बाद आंखों पर पट्टी बांध दी थी और अज्ञात स्थान पर ले गये थे। कार में उसका अश्लील वीडियो भी बनाया गया था, जिसे वायरल करने की धमकी देकर फिरौती की मांग की गई थी। एक दिन तक उसे बंधक बनाकर रखा गया था।

युवती की भूमिका तलाश रही पुलिस

पूरा घटनाक्रम सिहोर की रहने वाली अंजली नाम युवती से इंस्टाग्राम पर चार दिन पहले हुई दोस्ती से जुड़ा होना सामने आया था। युवक ने बताया कि युवती ने उससे काम दिलाने की बात कहीं थी। उज्जैन आने पर वह दोस्त की होटल तक ले गया था, जहां काम की बात हुई थी। वापस लौटते वक्त उसकी कार को रोका गया और अपहरण किया गया। युवक ने युवती पर भी शंका जताई है। जिसकी भूमिका की जांच पुलिस कर रही है।

दुकान से कपड़ों की चोरी करने वाला कंजर पकड़ाया

35 माह पहले गिरफ्त में आये थे गिरोह के 3 साथी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कपडो की दुकान में हुई चोरी की वारदात में शामिल कंजर गिरोह के बदमाश को पुलिस ने 35 माह बाद घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। बदमाश के गिरोह में शामिल 3 साथी पूर्व में पकडे गये थे। जिनसे इंगोरिया के साथ बडनगर में हुई चोरियों का खुलासा हुआ था।

इंगोरिया थाना प्रभारी दीपेश व्यास ने बताया कि 9 अगस्त 2023 को ग्राम चिकली में ओमप्रकाश सेट्टी की दुकान में चोरी की वारदात हुई थी। बदमाश हजारों के कपडे चुराकर ले गये थे। वारदात के बाद सामने आया था कि बदमाशों ने बडनगर के ग्राम मौलाना में भी कुछ दुकानों में चोरी की है। बदमाशों का पता लगाने पर सीसीटीवी कैमरों में कार दिखाई दी थी। जिसके आधार पर देवास के टोंककलां कंजर डेरे में रहने वाले आकाश पिता कल्याण नागर, कल्याण पिता नाथुलाल नागर और नगजीराम पिता प्रतापसिंह सिसोदिया जाति कंजर को गिरफ्तार किया गया था। उनकी निशानदेही पर चोरी में प्रयुक्त कार और चोरी का माल बरामद किया जा चुका था। तीनों ने अपने साथी अरुण पिता इंदरसिंह चौहान कंजर निवासी ग्राम ओड थाना सोनकच्छ जिला देवास के साथ चोरी करना कबूल किया था। अरूण की लगातार तलाश की जा रही थी, उसकी गिरफ्तार पर इनाम घोषित किया गया था। 35 माह बाद खबर मिली कि अरूण कंजर ग्राम खडोतिया आया हुआ है। फरार इनामी आरोपी की घेराबंदी के लिये उपनिरीक्षक एमएल रावत, राजेन्द्र सिंह तोमर, सहायक उपनिरीक्षक दिनेश निनामा, प्रधान आरक्षक रामलखन पटेल, नरेन्द्र सिंह परिहार की टीम को रवाना किया गया। फरार इनामी आरोपी ने घेराबंदी देख भागने का प्रयास किया लेकिन टीम ने उसे दबोच लिया। मंगलवार को उसे बडनगर कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

कार की डिक्की में छुपाकर रखी थी अवैध शराब



उज्जैन। खाचरौद थाना पुलिस ने रात में सर्कल भ्रमण के दौरान अवैध शराब परिवहन की खबर मिलने पर भाटखेडी रोड रेलवे पुलिया के पास नाकाबंदी की और मारूति स्वीफ्ट क्रमांक एमपी 13 एएम 1123 को रोका। उसमें पंकज पिता परमानंद निवासी रैदास कॉलोनी बरगुण्डा मोहल्ला खाचरोद सवार था। उसे हिरासत में लिया गया और कार की तलाशी ली गई तो उसकी डिक्की में शराब की पेटियां रखी होना सामने आई। थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया ने बताया कि मामले में अवैध शराब परिवहन का मामला दर्ज कर आरोपी पंकज को गिरफ्तार किया गया। उससे बरमाद की गई शराब, कार और मोबाइल की कीमत 8.46 लाख से अधिक है। आरोपी से पूछताछ कर अवैध शराब के स्त्रोत का पता लगाया जा रहा है।

शार्ट एनकाउंटर में घायल का अब जेल में होगा उपचार

दोहरे हत्याकांड के आरोपियों की तलाश में दबिश

उज्जैन। गोरकर परिवार और पासी समुदाय के बीच विवाद में दोहरा हत्याकांड हुआ था। पासी समुदाय के एक आरोपी ने पुलिस की पिस्टल छीनने का प्रयास किया था, जिसका शार्ट एनकाउंटर किया गया था। अब उसका उपचार जेल की सलाखों में होगा। पुलिस ने मंगलवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

नीलगंगा चौराहा पर 18 जुलाई की रात पासी समुदाय ने घातक हथियारों से गोरकर परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया था। हमले में गोरकर परिवार के 2 सगे भाई जय उर्फ जितेश और लोकेश की मौत हो गई थी। दोनों भाईयों के चाचा दिलीप उर्फ दिल्लू पहलवान और चेचेरा भाई तपन घायल हुआ था। नीलगंगा थाना पुलिस ने एक महिला सहित 8 नामजद के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर हमले में शामिल अन्यों की तलाश शुरू की थी। 19 जुलाई को हमले में शामिल एक आरोपी नरेश को लालपुल के पास पुलिस ने घेर लिया था। आरोपी ने एसआई से पिस्टल छीनने का प्रयास किया था, पुलिस ने उसका शार्ट एनकाउंटर कर दिया था। पैर में गोली लगने पर उसे उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां से सोमवार शाम छुट्टी मिलने पर मंगलवार को पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। अब उसका शेष उपचार जेल की सलाखों में होगा।

फरार आरोपियों की तलाश जारी

दोहरे हत्याकांड के बाद शार्ट एनकाउंटर में घायल आरोपी के साथ 4 अन्य आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। जिसमें एक महिला भी शामिल थी। चारों से अन्य आरोपियों के संबंध में पूछताछ कर उनकी गिरफ्तारी के लिये दबिश दी जा रही है। हमले में कुछ नाबालिग भी शामिल होना बताये जा रहे है। घटनाक्रम के बाद सामने आया था कि हमलावरों ने पिस्टल, कट्टे, तलवार, चाकू पाइप जैसे हथियारों से वार किये थे।

कामदापुरा में रिक्शा चालक की करंट लगने से मौत

चार्जिंग पर लगाते समय 24 घंटे में दूसरी घटना

उज्जैन। कामदारपुरा में मंगलवार रात 8 बजे रिक्शा चार्जिंग पर लगाते समय चालक को करंट लगा गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। ऐसा ही हादसा सोमवार शाम नीलगंगा क्षेत्र से भी सामने आया था।

जीवाजीगंज थाना प्रभारी प्रतीक शर्मा ने बताया कि कामदारपुरा में रिक्शा चार्जिंग पर लगते समय करंट लगने से मोहम्मद समीर पिता मोहम्मद रफीक 25 साल की मौत होने की खबर मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची थी। उसे चरक अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेज दिया। मामले में मर्ग कायम किया गया, बुधवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा। बताया जा रहा है कि रिक्शा कंपनी से मिली चार्जिंग केबल को लम्बा करने के लिये उसमें कट लगाकर दूसरा तार जोडा गया था। जोड खुला होने की वजह से मोहम्मद समीर को करंट लगा है। जिसका खुलासा जांच के बाद हो पायेगा। रात में हुई घटना से पहले सोमवार रात नीलगंगा थाना क्षेत्र के कवेलू कारखाने के पास भी रिक्शा चालक आनंद पिता लखन 20 साल की करंट लगने से मौत होने का मामला सामने आया था। जिसकी जांच नीलगंगा थाना पुलिस द्वारा की जा रही है। यहीं नहीं 13 जुलाई की रात भैरवगढ थाना क्षेत्र के आबूखाना का रहने वाला रिक्शा चालक मनोहर पिता मेहरबान चार्जिंग पर लगाते समय करंट की चपेट में आने से मरा गया था।

बाइक सवारों ने रात में 2 मजदूरों को मारी टक्कर, दुर्घटना में घायलों की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आगररोड और बडनगर रोड पर सोमवार-मंगलवार रात 2 सडक दुर्घटना हुई। बाइक सवारों ने पैदल गुजर रहे मजदूरी करने वालों को टक्कर मारी। दोनों को चरक अस्पताल लाया गया, लेकिन उनकी मौत हो गई। 2 थानों की पुलिस बाइक सवारों का पता लगाने में जुटी है।

इंगोरिया थाना प्रभारी दीपेश व्यास ने बताया कि बडनगर मार्ग शुभरतन गार्डन के पास आधी रात को बाइक सवार महिला-पुरूष ने पैदल गुजर रहे युवक को टक्कर मार दी थी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 घटनास्थल पहुंची। घायल को उपचार के लिये रात 2 बजे के लगभग उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान करने पर पता चला कि आकाश पिता नारायण 30 साल निवासी सादलपुर धार का रहने वाला है। अस्पताल पुलिस चौकी द्वारा मंगलवार शाम परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जा रहा था कि आकाश मजदूरी करने के लिये धार से निकला था। इंगोरिया थाना प्रभारी के अनुसार दुर्घटना के बाइक सवार महिला-पुरूष को मामूली चोंट लगी थी, जो मौके से भाग निकले थे। उनका पता लगाया जा रहा है।

दूसरा घटनाक्रम आगररोड गरोठ ब्रिज के पास का है। पैदल गुजर रहे बाबूलाल पिता शंकरलाल 52 साल निवासी चककमेड को रात में बाइक सवार ने टक्कर मारी थी। चिमनगंज थाना पुलिस के पहुंचने पर सामने आया कि बाबूलाल शराब दुकान से नशा कर निकला था, उसे अस्पताल लाया गया और परिजनों को सूचना दी गई, लेकिन कुछ देर बाद उसने भी दम तोड दिया। पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि मजदूरी करते थे और मूलरूप से महिदपुर के रहने वाले थे।

राष्ट्रीय आपदा टीम ने दिया जीवन रक्षक बनने का प्रशिक्षण

उज्जैन। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम ने मंगलवार को 32 वी वाहिनी में एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें 55 जवानों को आपदा में जीवन रक्षक कैसे बने इसका प्रशिक्षण दिया गया।

एनडीआरएफ की 11 वीं बटालियन की उप टीम के निरीक्षक/जीडी श्रीनिवास मीना ने बताया कि क्षमता निर्माण कार्यक्रम में 10 बचावकर्मियों की टीम द्वारा आयोजित किये गये कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जवानों को आपदाओं के प्रति जागरूक करना और आपातकालीन स्थितियों में जीवन रक्षक कौशल सिखाना था। एनडीआरएफ की टीम ने आपदा का अर्थ, उसके प्रकार और एनडीआरएफ की भूमिका, जीवन रक्षक कौशल, बचाव तकनीक, सुरक्षा जागरूकता, अग्निशमन, तकनीकी ज्ञान से कार्यक्रम में शामिल 55 जवानों को प्रशिक्षण दिया। जवानों को बताया गया कि आपात स्थिति में सीपीआर, एफबीएओ, रक्तस्राव को नियंत्रित करना, ड्रेसिंग और बैंडेजिंग कैसे करना चाहिये। इम्प्रोवाइज्ड स्ट्रेचर बनाना, आपातकालीन और गैर-आपातकालीन स्थिति में घायल को ले जाने के तरीके, और फ्लोटिंग डिवाइस का उपयोग बताया गया। भूंकप ड्रील, सांप काटने पर प्राथमिक उपचार और आकाशीय बिजली गिरने पर सुरक्षा कैसे की जाये इसके तरीको से अवगत कराया गया। कार्यक्रम 32 वी वाहिनी के निरीक्षक साजित मिन्स की उपस्थिति में आयोजित किया गया था। जवानों को आपदा प्रबंधन के गुरू सीखाने के साथ नागझिरी स्थित 32 वी वाहिनी परिसर में एनडीआरएफ की टीम ने वाराणासी के बचावकर्मियों के साथ एक पेड मां के नाम अभियान में फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया। पौधारोपण का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण को सुदृड बनाना था। इस दौरान एनडीआरएफ ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुये रोपे गये पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया।

गीता कालोनी से 70 साल की वृद्धा लापता

उज्जैन। गीता कालोनी से 70 साल की वृद्धा लापता हो गई। परिवार ने तलाश करने के बाद पुलिस को अवगत कराया। मामले में अपहरण का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गई है।

जीवाजीगंज थाना प्रभारी प्रतीक शर्मा ने बताया कि गीता कालोनी में रहने वाली ममता पति देवीलाल 70 वर्ष 19 जुलाई को घर से अचानक लापता हो गई थी। परिजनों ने कई जगह तलाश की, नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी। परिजनों का कहना था कि बुजुर्ग अवस्था के चलते उनका दिमागी संतुलन सही नहीं है। मामले में अपहरण का प्रकरण दर्ज कर क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है। फिलहाल कुछ स्पष्ट नहीं हो पाया है। एक टीम लगातार तलाश में लगी है। कुछ दिन पहले भी जीवाजीगंज क्षेत्र से एक बुजुर्ग लापता हो गये थे, परिवार उन्हे तीर्थ यात्रा पर नहीं भेजा रहा था, उन्होने अपने खाते से कुछ रूपये निकाले थे उसके बाद से वापस नहीं लौटे। उक्त मामले में भी अपहरण का प्रकरण दर्ज किया गया है।

टॉवर चौक पर फूंका प्रधानमंत्री का पुतला

उज्जैन। नई दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास के बाहर प्रदर्शन कर रहे लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के शीर्ष नेताओं को हिरासत में लिए जाने की खबर मिलते ही उज्जैन में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का आक्रोश फूट पड़ा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने टॉवर चौक स्थित भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के पास पहुंचकर उग्र प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। दिल्ली में पुलिस कार्रवाई के दौरान राहुल गांधी को चोट लगने और हिरासत में लिए जाने की सूचना से स्थानीय कार्यकर्ताओं का गुस्सा और भड़क गया। कांग्रेसी टॉवर चौक पर दो घंटे से अधिक समय तक डटे रहे।

मनुष्यता का कैसा विभाजन

पिछले दिनों एक सज्जन मिले और बोले, आपके कुछ व्याख्यान मैंने पढ़े और सुने हैं। मुझे आपका कहना बहुत निषेधात्मक लगा; उसमें कोई मार्गदर्शक सुझाव, जीवन का कोई विधायक मार्ग नहीं है। यह प्राच्य दृष्टिकोण (पूरब के देशों का नजरिया) अत्यंत विनाशकारी है और देखिए, इसने उसे कहां लाकर छोड़ा है? आपका निषेधात्मक रवैया और विशेष रूप से आपका यह आग्रह कि समस्त विचार से मुक्ति आवश्यक है, हम पश्चिमी लोगों को बहुत दिग्भ्रमित करता है, जो स्वभाव और आवश्यकता से उद्यमी रहे हैं। आप जो सिखा रहे हैं, वह हमारी जीवन-प्रणाली के पूर्णतया विरुद्ध है।

मैंने उनसे कहा कि पूरब और पश्चिम के लोगों के बीच का यह विभाजन भौगोलिक और मनमाना है। उसका कोई मौलिक महत्व नहीं है। हम भले किसी एक रेखा के पूरब या पश्चिम में रहते हों; हम भूरे, काले, गोरे या पीले रंग के हों, फिर भी हम सब मनुष्य ही हैं, जो दुख भोगते और आशा रखते हैं; जो भयभीत हैं और श्रद्धालु भी; उल्लास तथा पीड़ा जैसे यहां हैं, वैसे ही वहां भी हैं। विचार कभी पूरब या पश्चिम का नहीं होता, परंतु मनुष्य इसको अपनी संस्कारबद्धता के अनुसार विभाजित कर लेता है। प्रेम भौगोलिक नहीं है, जिसे एक महाद्वीप में पवित्र माना और दूसरे में नकारा जाता है। मनुष्यों के बीच यह विभाजन आर्थिक और शोषण के प्रयोजन से किया गया है। इसका यह अर्थ नहीं है कि व्यक्ति स्वभाव में या अन्य विशेषताओं में भिन्न नहीं होते; समानता होती है, तो भिन्नता रहती है। यह सब काफी स्पष्ट और मनोवैज्ञानिक दृष्टि से तथ्यात्मक है। है न? विभिन्नता देखते हुए भी हमें समानता का भान रखना होगा। बाह्य अभिव्यक्तियां अलग हो सकती हैं और हैं भी, परंतु इन बाहरी रूपों और प्रकटन की पृष्ठभूमि में लालसाएं, दबाव, उत्कंठाएं और भय एक जैसे ही हैं। इसलिए शब्दों से हम ठगे न जाएं। सभ्यताओं में जलवायु, परिस्थिति, भोजन इत्यादि के अनुरूप भेद होता होगा, परंतु पूरे विश्व में संस्कृति मूलतः एक ही है- करुणावान होना, बुराई से दूर रहना, उदार होना, ईर्ष्यालु न होना, क्षमाशील होना इत्यादि। इस मूलभूत संस्कृति के अभाव में यहां या वहां की कोई भी सभ्यता विघटित अथवा विनष्ट हो जाएगी। तथाकथित पिछड़े लोगों द्वारा ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है, वे बहुत जल्दी पश्चिम की तकनीकी जानकारी सीख सकते हैं; वे भी युद्ध-पिपासु, जनरल, वकील, पुलिस वाले और यातना गृहों तथा अन्य उपायों के साथ निरंकुश तानाशाह बन सकते हैं। संस्कृति एक पूरी तरह से अलग मसला है। ईश्वर का प्रेम या मनुष्य की स्वतंत्रता इतनी आसानी से सुलभ नहीं है और इनके बिना भौतिक सुख-सुविधाओं का अधिक अर्थ नहीं रहता।

सम्पादकीय

प्रदर्शन और समझदारी

संसद के मानसून सत्र के पहले दिन दिल्ली में छात्रों के प्रदर्शन ने पूरे देश का ध्यान खींचा है। जंतर मंतर से संसद भवन तक नाराज युवाओं ने जिस तरह से मार्च किया और पुलिस ने जिस तरह से इस पूरे प्रदर्शन को संभाला, इसकी चर्चा देश में स्वाभाविक ही है। सोमवार की सुबह एक वक्त ऐसा लगा था कि समाधान निकल आया है। सरकार की ओर से संवाद की पहल शुरू हुई थी और सोनम वांगचुक का नजरिया नरम पड़ा था। उन्होंने मूल रूप से तीन शर्तें रखीं, सरकार शिक्षा व्यवस्था में हाल में मिली विफलताओं व पेपरलीक की जिम्मेदारी ले। दूसरी, सांसद और सीजेपी के नेता संसद पहुंचें और सियासी दल इस मुद्दे को उठाने का आश्वासन दें। तीसरी, विभिन्न दलों के सांसद और नेता अस्पताल में उनसे मिलने आएं और उन्हें भी यही आश्वासन दें। ऐसा माना गया कि वांगचुक की शर्तों को सरकार मान लेगी और यह भी माना गया कि सीजेपी ने अपनी शर्तों में ढील दे दी है। सरकार ने बात सुनने की शुरूआत की, तो सीजेपी के नेताओं ने अनशन तोड़ दिया।

बहरहाल, दिन ढलने से पहले ही सीजेपी की तीन बड़ी शर्तें सामने आ गईं। संसद मार्च के दौरान सीजेपी के दो प्रतिनिधि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मिले और अपनी तीन प्रमुख मांगें रखीं। पहली, सोनम वांगचुक की रिहाई। दूसरी, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा और तीसरी, नीट की वजह से जान गंवाने वाले छात्रों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये का मुआवजा। वांगचुक के नरम रुख के बाद सीजेपी के गरम रुख से बात उलझ गई। यह कहा जा सकता है कि इन मांगों को मानना सरकार के लिए आसान नहीं है। फिर भी उसे संवाद से समाधान निकालने के प्रयास जारी रखने चाहिए। सोमवार को तो संवाद की शुरूआत भर हुई है। ध्यान रहे, आंदोलन तेज होने के बाद सरकार और प्रदर्शनकारियों के बीच यह पहला औपचारिक संवाद था। छात्रों और युवाओं को संतुष्ट करने की जरूरत है। संसद मार्च कोई मामूली बात नहीं है। ऐसा बहुत कम हुआ है, जब कोई प्रदर्शन संसद भवन के इतने पास पहुंचा है। यह अपने आप में गंभीर प्रश्न है कि ऐसी नौबत क्यों आई? दुर्भाग्य से राष्ट्रीय राजधानी के एक हिस्से में भारी पुलिस बल की तैनाती, बैरिकेडिंग, लाठीचार्ज, धरपकड़ से यातायात की समस्या देखने में आई है। प्रदर्शनकारियों को प्रशासन ने मार्च निकालने की मंजूरी नहीं दी थी, तब भी मार्च निकाला गया है, इससे स्वाभाविक ही हालात तनावपूर्ण हुए हैं।

निराकरण हेतु निर्णय की प्रतीक्षा

जंतर-मंतर के विशाल आंदोलन से क्या सरकार झुकेगी?

भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में जंतर-मंतर केवल एक भौगोलिक स्थान नहीं, बल्कि जनभावनाओं की अभिव्यक्ति का प्रतीक बन चुका है। वर्ष 2011 में अन्ना हजारे के नेतृत्व में शुरू हुए भ्रष्टाचार-विरोधी आंदोलन ने इस स्थान को राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में ला खड़ा किया था। आज एक बार फिर जंतर-मंतर पर छात्रों, युवाओं और सामाजिक कार्यकताओं की आवाज गूंज रही है। ऐसे में स्वाभाविक प्रश्न उठता है–क्या यह आंदोलन भी अन्ना आंदोलन जैसी ऐतिहासिक दिशा ले सकता है? और यदि ऐसा हुआ, तो क्या सरकार को झुकना पड़ेगा?

सौरभ वार्ष्णेय
(दैनिक अवन्तिका)

अगर हम दोनों आंदोलनों में कुछ स्पष्ट समानताएँ दिखाई देती हैं। पहली समानता जनभावनाओं की है। जिस प्रकार 2011 में भ्रष्टाचार के विरुद्ध व्यापक असंतोष था, उसी प्रकार आज परीक्षा प्रणाली, कथित प्रश्नपत्र लीक, युवाओं के भविष्य और जवाबदेही जैसे मुद्दों पर व्यापक नाराजगी देखने को मिल रही है। हाल के दिनों में जंतर-मंतर पर चल रहे आंदोलन ने देशभर के छात्रों और युवाओं का ध्यान आकर्षित किया है, तथा सरकार और आंदोलनकारियों के बीच बातचीत की संभावना भी बनी है।दूसरी समानता प्रतीकात्मक नेतृत्व की है। अन्ना हजारे ने अनशन को नैतिक दबाव का माध्यम बनाया था। वर्तमान आंदोलन में भी अनशन और शांतिपूर्ण प्रदर्शन ने जनसहानुभूति अर्जित करने का प्रयास किया है। तीसरी समानता यह है कि दोनों आंदोलनों ने सोशल मीडिया और जनसंचार माध्यमों के जरिए व्यापक चर्चा पैदा की। आज डिजिटल माध्यमों की शक्ति 2011 की तुलना में कहीं अधिक है, जिससे आंदोलन की पहुँच तेजी से बढ़ सकती है।

फिर भी यह मान लेना जल्दबाजी होगी कि हर बड़ा धरना अन्ना आंदोलन बन जाता है। अन्ना आंदोलन का मुख्य मुद्दा भ्रष्टाचार था, जिसने समाज के लगभग हर वर्ग को प्रभावित किया। उसके पास एक स्पष्ट राष्ट्रीय एजेंडा–जन लोकपाल–था। दूसरी ओर, वर्तमान आंदोलन मुख्यतः शिक्षा, परीक्षा व्यवस्था और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर केंद्रित है। यद्यपि ये विषय अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, लेकिन क्या वे उतने व्यापक सामाजिक समर्थन को स्थायी रूप से जुटा पाएँगे, यह अभी स्पष्ट नहीं है। दूसरा बड़ा अंतर राजनीतिक परिस्थितियों का है। 2011 में तत्कालीन सरकार कई घोटालों के आरोपों से घिरी हुई थी और विपक्ष को आंदोलन का व्यापक राजनीतिक लाभ मिला। वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य अलग है। केंद्र सरकार मजबूत संसदीय स्थिति में है और आंदोलनों के प्रति उसकी रणनीति भी पहले की तुलना में अधिक संगठित मानी जाती है।

क्या सरकार झुकेगी?

लोकतंत्र में सरकारें केवल सड़कों के दबाव से नहीं, बल्कि जनमत, राजनीतिक परिस्थिति, न्यायिक हस्तक्षेप और सामाजिक दबाव के संयुक्त प्रभाव से निर्णय लेती हैं।

यदि आंदोलन शांतिपूर्ण बना रहता है, देशभर में व्यापक जनसमर्थन प्राप्त करता है और उसके मुद्दों को समाज का बड़ा वर्ग अपना मुद्दा मानने लगता है, तो सरकार पर संवाद और कुछ मांगें स्वीकार करने का दबाव बढ़ सकता है। हालिया घटनाक्रम में सरकार की ओर से आंदोलनकारियों से बातचीत के संकेत भी सामने आए हैं, हालांकि अभी तक सभी प्रमुख मांगें स्वीकार नहीं की गई हैं।

लेकिन यदि आंदोलन सीमित दायरे में रह जाता है या उसका प्रभाव केवल कुछ वर्गों तक सीमित रहता है, तो सरकार समय के साथ उसे नियंत्रित करने या सीमित प्रभाव वाला मानकर आगे बढने. की कोशिश कर सकती है।

अन्ना आंदोलन जैसी सफलता के लिए क्या आवश्यक है?

यदि कोई आंदोलन वास्तव में अन्ना आंदोलन जैसी ऐतिहासिक पहचान बनाना चाहता है, तो उसके लिए कुछ बुनियादी शर्तें आवश्यक हैं–

आंदोलन का मुद्दा व्यापक राष्ट्रीय सरोकार का बने।

नेतृत्व विश्वसनीय, अनुशासित और नैतिक रूप से मजबूत दिखाई दे।

आंदोलन अहिंसक और सकारात्मक बना रहे।

स्पष्ट और व्यावहारिक मांगें हों।

समाज के विभिन्न वर्ग–युवा, महिलाएँ, किसान, कर्मचारी, बुद्धिजीवी और मध्यम वर्ग–एक साझा उद्देश्य के साथ जुड़ें।

इन तत्वों के बिना केवल भीड़ या सोशल मीडिया की लोकप्रियता किसी आंदोलन को ऐतिहासिक नहीं बना सकती।

जंतर-मंतर का वर्तमान आंदोलन निश्चित रूप से देश के युवाओं की बेचैनी और व्यवस्था से जुड़े प्रश्नों को सामने ला रहा है। इसकी तुलना अन्ना आंदोलन से होना स्वाभाविक है, क्योंकि दोनों ने जनभावनाओं को आवाज देने का प्रयास किया है। किंतु इतिहास केवल प्रतीकों से नहीं, बल्कि परिणामों से लिखा जाता है।यह कहना अभी जल्दबाजी होगी कि यह आंदोलन पूरी तरह अन्ना आंदोलन बन चुका है। आने वाले दिनों में इसकी दिशा, जनसमर्थन, नेतृत्व की विश्वसनीयता, सरकार की प्रतिक्रिया और राजनीतिक परिस्थितियाँ तय करेंगी कि यह आंदोलन केवल एक विरोध प्रदर्शन बनकर रह जाएगा या भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक नए अध्याय के रूप में दर्ज होगा। लोकतंत्र की शक्ति यही है कि सरकार और जनता दोनों संवाद के माध्यम से समाधान खोजें। किसी भी आंदोलन की सबसे बड़ी सफलता केवल सरकार को झुकाना नहीं, बल्कि व्यवस्था में स्थायी और सकारात्मक परिवर्तन लाना होती है।

झण्डा दिवस

आदर्श ध्वज संहिता 2002 लागू होने से नए आयाम मिले। तत्कालीन सांसद नवीन जिंदल के अभिनव प्रयास सफल रहे और इसके मायने देशहित में यह हुए कि बच्चे, वृद्धजन, निशक्तजन, महिलाएं जो अन्यान्य कारणों से स्टेडियम अथवा शासन, प्रशासन द्वारा आयोजित किए जाने वाले झंडावंदन में शामिल नहीं हो पाते थे, उन्हें स्वयं के निवास, कार्यस्थल नियमानुसार झंडावंदन करने का अधिकार प्राप्त हुआ।

जिस तरह की नियामवली है उसका परिपालन अवश्य होना चाहिए। सूर्योदय के बाद झंडावंदन बिगुल या वाद्ययंत्र के साथ होना, सूर्यास्त के पूर्व ससम्मान वापस उतारना, झंडा मेला, कटा-फटा ना हो और किसी भी रूप में झंडे का अपमान न हो, इन्हीं बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। शासकीय कार्यालयों और सरकारी प्रतिष्ठान में झंडे को किसी अतिविशिष्ट व्यक्ति के अवसान और राष्ट्रीय, राजकीय शोक की घोषणा में नियत दिवस के लिए आधे झुका दिए जाते है। झंडा रात में नहीं फहराना चाहिए। हमारे तिरंगे के आकार तीनों रंगों की व्याख्या व तिलियों का विस्तृत विवरण दृष्टिपात है। आकार में 372 याने लंबाई 3 मीटर तो चौड़ाई 2 मीटर रहती है। सफेद फलक स्थान पर 24 तिलियों वाला नीला चक्र रहता है। सामान्यतः झंडा खादी का होना चाहिए आजकल रेशमी और सूती / ऊन झंडे भी प्रचलन मे है।

अब तक भारत पाक की सीमा पर अटारी, कर्नाटक के बेलगाम और उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में सबसे ऊंचे तिरंगे झंडे फहराए गए। विगत वर्षों में देश के चुनिंदा सौ शहरों के रेलवे स्टेशनों पर भी वृहद तिरंगे पूरे वर्ष भर सहज लहराते दिखाई पड़ते है। तिरंगे की अवमानना के अनेक मामले न्यायालय में लंबित है। उल्टा झंडा फहराने, रात में झण्डा नहीं उतारने और कटा, फटा झंडा फहराने पर ये मामले दर्ज हुए जिनमें पूर्व मंत्री, विधायक, उच्च अधिकारी भी शामिल है। प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगा ही हुआ है जो झंडे पर भी लागू होता है।

- निर्लेश तिवारी

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 22 जुलाई 2026 बुधवार
सूर्योदय - 05:57 सूर्यास्त 19:09
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - नवमी दिन पूर्ण उपरांत नवमी
नक्षत्र - स्वाति 23:03 उपरांत विशाखा
योग - साध्य 18:42 उपरांत शुभ
करण - बालव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण तुला में रहेगा।
मुस्लिम मास-सावान मास 07 तारिख

मेष- नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा। तत्काल लाभ नहीं होगा।

वृषभ- सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। विरोध होगा।

मिथुन- आर्थिक नीति में परिवर्तन होगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। कोई पुराना रोग बाधा का कारण हो सकता है।

कर्क- राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। प्रतिद्वंद्विता में कमी होगी।

सिंह- व्यापार में वृद्धि होगी। स्त्री वर्ग से समयानुकूल सहायता प्राप्त होगी। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

कन्या- स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी में शब्दों का प्रयोग सोच-समझकर करें।

तुला- व्यापार-व्यवसाय से लाभ होगा। आय में निश्चितता रहेगी। शत्रु शांत रहेंगे। दूसरों की बातों में नहीं आएं।

वृश्चिक- बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। दौड़धूप की अधिकता का स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ेगा। थकान व कमजोरी रह सकती है।

धनु- शुभ समाचार प्राप्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। बिछड़े मित्र व संबंधी मिलेंगे।

मकर- विरोधी सक्रिय रहेंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार मनोनुकूल चलेगा।

कुंभ- नौकरी में सहकर्मी सहयोग करेंगे। लाभ होगा। जल्दबाजी व लापरवाही से हानि होगी।

मीन- रुका हुआ धन प्राप्त होगा। प्रयास सफल रहेंगे। बुद्धि का प्रयोग करें। प्रमाद न करें। निवेश से लाभ होगा।

समसामयिक

इसरो से प्रतिभा पलायन : क्या भारत अपनी वैज्ञानिक पूंजी को सहेज पाएगा?

भारत आज अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में जिस मुकाम पर खड़ा है, वहां तक पहुंचने का श्रेय केवल आधुनिक तकनीक या बढ़ते बजट को नहीं जाता, बल्कि उन हजारों वैज्ञानिकों की दशकों लंबी तपस्या को जाता है जिन्होंने सीमित संसाधनों में भी असंभव को संभव बनाया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रयान, मंगलयान, आदित्य-एल1 और अनेक सफल उपग्रह अभियानों के माध्यम से विश्व को यह संदेश दिया कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती। यही कारण है कि इसरो आज केवल एक वैज्ञानिक संस्था नहीं, बल्कि भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता, राष्ट्रीय गौरव और वैश्विक विश्वसनीयता का प्रतीक बन चुका है।

राजेश कुमावत
(दैनिक अवन्तिका)

ऐसे समय में जब इसरो के अनुभवी वैज्ञानिकों और तकनीकी अधिकारियों के निजी अंतरिक्ष कंपनियों की ओर बढ़ते कदम चर्चा का विषय बने हैं, तब यह केवल नौकरी बदलने का सामान्य मामला नहीं माना जा सकता। यह उस वैज्ञानिक पूंजी से जुड़ा प्रश्न है, जिसे तैयार करने में देश ने वर्षों का समय, संसाधन और विश्वास लगाया है। यदि वरिष्ठ वैज्ञानिक बड़ी संख्या में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर या इस्तीफा देकर निजी क्षेत्र में जा रहे हैं, तो सरकार, नीति-निमार्ताओं और वैज्ञानिक समुदाय–सभी को आत्ममंथन करना होगा।

यह भी सत्य है कि भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र एक नए युग में प्रवेश कर चुका है। सरकार द्वारा निजी कंपनियों के लिए इस क्षेत्र को खोलने के बाद सैकड़ों स्पेस स्टार्टअप अस्तित्व में आए हैं। उपग्रह निर्माण, प्रक्षेपण सेवाओं, अंतरिक्ष संचार, पृथ्वी अवलोकन तथा रक्षा प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में निजी निवेश तेजी से बढ़ रहा है। वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए यह परिवर्तन आवश्यक भी है। यदि भारत को भविष्य में अंतरिक्ष महाशक्ति बनना है, तो केवल सरकारी संसाधनों के भरोसे यह लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता। निजी क्षेत्र की ऊर्जा, नवाचार और पूंजी का उपयोग करना समय की मांग है।

किन्तु किसी भी परिवर्तन की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि वह संतुलित हो। यदि निजी कंपनियां अपनी वैज्ञानिक क्षमता विकसित करने के बजाय वर्षों तक इसरो में कार्य कर चुके अनुभवी वैज्ञानिकों को अधिक वेतन और आकर्षक पैकेज देकर अपने साथ जोड़ने लगें, तो दीर्घकाल में इसका प्रभाव राष्ट्रीय संस्थानों पर पड़ना स्वाभाविक है। यह प्रश्न इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसरो जैसी संस्था की वास्तविक शक्ति उसके भवन, प्रक्षेपण केंद्र या रॉकेट नहीं, बल्कि उसका अनुभवी मानव संसाधन है। वैज्ञानिकों का अनुभव किसी मशीन की तरह खरीदा नहीं जा सकता; वह वर्षों के अनुसंधान, असफलताओं, प्रयोगों और राष्ट्रीय मिशनों की सफलता से तैयार होता है। यह मान लेना भी उचित नहीं होगा कि वैज्ञानिक केवल अधिक वेतन के कारण इसरो छोड़ रहे हैं। आधुनिक अनुसंधान सुविधाएं, निर्णय लेने की गति, शोध की स्वतंत्रता, नवाचार के अवसर, प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन और करियर में आगे बढ़ने की संभावनाएं भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती हैं। यदि किसी वैज्ञानिक को यह महसूस होने लगे कि उसकी प्रतिभा का पूरा उपयोग नहीं हो पा रहा है या उसके योगदान के अनुरूप सम्मान और अवसर नहीं मिल रहे हैं, तो उसका नए विकल्पों की ओर देखना स्वाभाविक है। इसलिए समस्या का समाधान केवल प्रशासनिक नियंत्रण से संभव नहीं है। हाल में सरकार ने इसरो के वैज्ञानिकों के इस्तीफे अथवा स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पर अंतिम निर्णय का अधिकार मंत्रालय के स्तर पर केंद्रित किया है।

ब्लड रिलेशन में शादी: क्या कहता है विज्ञान?

भारत के विभिन्न राज्यों में विवाह को लेकर समाज में लंबे समय से अनेक धारणाएँ प्रचलित हैं। कहीं रक्त संबंधियों के मध्य विवाह को परंपरा का हिस्सा माना जाता है, तो कहीं इसे उचित नहीं माना जाता है। वहीं प्रेम विवाह इन विषयों पर सोचने का अवसर ही नहीं देता है।आधुनिक आनुवंशिकी इस विषय को सामाजिक या धार्मिक नहीं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टि से देखती है, और बचने की सलाह देती है। भारतीय संस्कृति भी समान गौत्र में शादी को ठीक नहीं मानती।

डा मनमोहन प्रकाश
(दैनिक अवन्तिका)

विज्ञान के अनुसार, जब निकट रक्त संबंधी-जैसे प्रथम चचेरे, ममेरे या फुफेरे भाई-बहन,विवाह करते हैं, तो उनमें कुछ समान जीन होने की संभावना अधिक रहती है। यदि दोनों में किसी दुर्लभ आनुवंशिक रोग से संबंधित दोषपूर्ण अप्रभावी जीन मौजूद हो, तो उनके बच्चों में उस रोग के प्रकट होने का जोखिम सामान्य जनसंख्या की तुलना में बढ़ जाता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन और अन्य आनुवंशिकी विशेषज्ञों के अनुसार, सामान्य जनसंख्या में किसी बच्चे में गंभीर जन्मजात विकार या आनुवंशिक रोग का जोखिम लगभग 2-3 प्रतिशत होता है, जबकि प्रथम चचेरे भाई-बहनों के विवाह में यह बढ़कर लगभग 4-6 प्रतिशत तक हो सकता है,अर्थात जोखिम बढ़ता अवश्य है, लेकिन यह धारणा गलत है कि ऐसे सभी विवाहों से अस्वस्थ संतान ही जन्म लेती है।यद्यपि ऐसे विवाहों में थैलेसीमिया, सिस्टिक फाइब्रोसिस, स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी तथा कुछ दुर्लभ चयापचय और तंत्रिका संबंधी आनुवंशिक रोगों की संभावना अपेक्षाकृत अधिक हो सकती है। यदि किसी समुदाय या परिवार में लगातार कई पीढ़ियों तक निकट संबंधियों में विवाह होते रहें, तो समान दोषपूर्ण जीनों के संचय के कारण यह जोखिम और बढ़ सकता है।

आधुनिक चिकित्सा विज्ञान का जोर किसी परंपरा का विरोध करने पर नहीं, बल्कि वैज्ञानिक जागरूकता पर है। विशेषज्ञ विवाह-पूर्व आनुवंशिक परामर्श , पारिवारिक स्वास्थ्य इतिहास का मूल्यांकन, आवश्यक होने पर गर्भावस्था के दौरान आनुवंशिक जांच की सलाह देते हैं। विशेष रूप से जिन परिवारों में पहले से कोई आनुवंशिक रोग मौजूद हो, उनके लिए यह और भी महत्वपूर्ण है।

विवाह सामाजिक और व्यक्तिगत निर्णय है, किंतु स्वस्थ भविष्य के लिए वैज्ञानिक जानकारी भी उतनी ही आवश्यक है। इसलिए इस विषय पर भ्रांतियों या भय के बजाय प्रमाण-आधारित जागरूकता और समय पर चिकित्सकीय परामर्श को प्राथमिकता देना ही समाज और आने वाली पीढ़ियों के हित में होगा।

मेरे अनुसार इस विषय पर मध्यप्रदेश सरकार द्वारा यूसीसी में किये गये प्रावधान स्वस्थ भावी पीढ़ी की दृष्टि से उचित है एवं सम्मान देने योग्य है।

धर्म-आस्था

मनुष्य का पहला धर्म – स्वयं के प्रति ईमानदार होना

दिन का कोलाहल सत्य को दबा सकता है, पर रात का सन्नाटा उसे जगा देता है। जब सारी आवाजें थम जाती हैं, तब मनुष्य अपनी ही अंतरात्मा के न्यायालय में खड़ा होता है, जहाँ न बहाने चलते हैं, न मुखौटे टिकते हैं। दिनभर तर्क और धर्म की ओट लेने वाला मन अंततः एक ही प्रश्न से घिरता है–आज तुमने सच में कितना जिया और कितना खो दिया? विडंबना यह है कि इसी आत्म-पड़ताल से बचने के लिए हम कहते हैं–भगवान सब देख रहा है। यदि इस पर सच्चा विश्वास होता, तो विचार, कर्म और व्यवहार की छोटी-छोटी बेईमानियाँ स्वयं समाप्त हो जातीं। क्योंकि सबसे बड़ी चोरी किसी और की नहीं, अपने ही जीवन की होती है। हम अपने वर्तमान, अपनी सच्चाई, अपनी मुस्कान और अपने अस्तित्व को ही धीरे-धीरे लूटते रहते हैं, फिर भी स्वयं को निर्दोष मानते हैं।

प्रो. आर.के. जैन
(दैनिक अवन्तिका)

ईश्वर का नाम अक्सर वहीं सबसे अधिक लिया जाता है, जहाँ विश्वास कम और भय अधिक होता है। जब कोई कहता है–भगवान सब देख रहा है, तो उसके शब्दों से अधिक उसका डर बोलता है। हमने परमात्मा को प्रेम का स्रोत नहीं, अपराध पकड़ने वाला प्रहरी बना दिया है। जबकि प्रेम पहरा नहीं देता और करुणा भय नहीं जगाती। भय अभिनय सिखाता है, चरित्र नहीं; इसलिए बाहर धर्म दिखता है और भीतर छल पलता है। सच तो यह है कि परमात्मा कोई दंडाधिकारी नहीं, बल्कि हृदय का मौन साक्षी है, जहाँ दंड नहीं, केवल करुणा है। हम उसकी पुकार सुनने के बजाय भय जगाने वाले धार्मिक वाक्यों में उलझे रहते हैं।

जीवन की सबसे बड़ी बेईमानियाँ अक्सर इतनी साधारण होती हैं कि हम उन्हें अपराध ही नहीं मानते। हर सुबह हम अपना वर्तमान भविष्य की चिंताओं और बीते कल की परछाइयों में गिरवी रख देते हैं। किसी का मन दुखाकर उसे मजाक कह देते हैं, वचन भूल जाते हैं, परिवर्तन टालते हैं, भय से अपनी प्रतिभा दबा देते हैं और संबंधों में अधूरे रह जाते हैं। दिन तो बीत जाता है, पर रात की निस्तब्धता में भीतर की चेतना एक ही प्रश्न करती है–तुमने दूसरों के साथ नहीं, अपने ही जीवन के साथ क्या किया? यही वह प्रश्न है, जिसके सामने हर तर्क, बहाना और मुखौटा ढह जाता है।

एक प्राचीन प्रसंग है। वन में भटका एक बालक अँधेरा घिरते ही भयभीत हो गया। उसने एक फकीर से पूछा–क्या भगवान मुझे देख रहे हैं? फकीर ने उसका हाथ उसके हृदय पर रखकर कहा–सबसे निकट की दृष्टि यहीं जाग रही है। उसी क्षण उसका भय शांत हो गया, क्योंकि उसे समझ आ गया कि संरक्षण बाहर नहीं, भीतर है। हम भी जीवनभर मंदिरों, नियमों और बाहरी सहारों में सुरक्षा खोजते रहते हैं, जबकि परमात्मा का सबसे पवित्र देवालय हमारे अंतर्मन में ही प्रकाशित है। जिस दिन मनुष्य भीतर के उस मौन साक्षी से परिचित हो जाता है, उसी दिन उसकी बेईमानियाँ स्वतः मिटने लगती हैं; क्योंकि तब उसे डराने वाला कोई बाहरी देवता नहीं, जगाने वाला अपना विवेक होता है। मनुष्य की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि वह अपना ही जीवन खोकर भी स्वयं को धर्ममार्गी मानता रहता है। वह वर्तमान, माता-पिता का समय, बच्चों का बचपन, मित्रों का विश्वास और संबंधों की आत्मीयता गँवा देता है। भय से अपनी प्रतिभा पर ताला लगाकर फिर निश्चिंत हो कहता है–भगवान सब देख रहा है, वह क्षमा कर देगा। किंतु परमात्मा क्षमा से अधिक जागृति चाहता है। जहाँ चेतना जागती है, वहाँ भूलें स्वयं मिटने लगती हैं। जिस क्षण मनुष्य अपने हर विचार, शब्द और कर्म में भीतर के मौन साक्षी का अनुभव कर लेता है, उसी क्षण जीवन बदल जाता है–कर्म पूजा बन जाता है, वाणी प्रार्थना और मौन आत्मबो

यहीं से जीवन की वास्तविक यात्रा आरंभ होती है। भय प्रेम में, बंधन स्वतंत्रता में और स्वार्थ उत्तरदायित्व में बदल जाता है। तब मनुष्य दूसरों पर अधिकार नहीं, अपने समय, संबंधों, चेतना और जीवन का सजग संरक्षक बनता है। भगवान सब देख रहा है तब डराने वाला वाक्य नहीं, स्वयं को जगाने वाला मंत्र बन जाता है। जो लोग इस सत्य को जी लेते हैं, उनके शब्द भय या अपराधबोध नहीं, बल्कि विश्वास और आत्मबोध जगाते हैं। क्योंकि तब अनुभव होता है कि देखने वाला और देखा जाने वाला अलग नहीं, एक ही चेतना के दो प्रतिबिंब हैं।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6300 से 6350 विशाल 6050 से 6150 मसूर 6000 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9500 से 9900 उड़द गर्मी 8800 से 9500 ग्रेविटी क्लीन 10000 से 10200 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7200 से 8500 काबुली रशियन 5800 बिटकी 5200 से 5300 सरसों निमाड़ी 7800 से 8100 रायडा 7000 से 7100 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7700 से तुअर दाल 7400 से 7600 मूंग दाल 8800 से 8900 बेस्ट 9000 से 9100 मूंग मोगर 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द दाल 10800 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 12000 से 12300 बेस्ट 12400 से 12700 मसूर दाल 7950 से 8050 बेस्ट 8150 से 8250 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1950-2925, धनिया- 10300-12762, चना देशी- 5541-6301, डालर चना- 3850-7310, मटर- 2622-3430, मक्का- 2415, मूंग- 6810, सोयाबीन- 2200-8000, तिल्ली- 10491-11001, सरसो- 6886, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,41,500 रवा- 1,41,200 चांदी- टंच- 2,21,500 पाट- 2,20,500।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

आमंत्रण

**आप भी

सीएम राइज स्कूल में सीटें बढ़ाने की मांग एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन

शुजालपुर। नगर के मां शारदा सांदीपनी सीएम राइज विद्यालय में प्रवेश के लिए बढ़ती विद्यार्थियों की संख्या और सीमित सीटों के कारण हो रही परेशानी को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शुजालपुर ने जिला शिक्षा अधिकारी, शाजापुर के नाम विद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में एबीवीपी के नगर मंत्री अजय गुर्जर ने बताया कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र में बड़ी संख्या में छात्र.छात्राएं विद्यालय में प्रवेश लेना चाहते हैं, लेकिन सीटों की कमी के कारण अनेक पात्र विद्यार्थी प्रवेश से वंचित रह रहे हैं। इससे विद्यार्थियों के साथ साथ उनके अभिभावकों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। परिषद ने मांग की कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में अतिरिक्त सीटों की स्वीकृति शीघ्र प्रदान की जाए, ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिल सके। एबीवीपी प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते सीटों की संख्या नहीं बढ़ाई गई तो विद्यार्थियों के हित में आगे भी आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे।

कांग्रेस की नई कार्यकारिणी का स्वागत

कांग्रेस के नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष जाटव व महासचिव चंदेल का सम्मान

शुजालपुर। जिला कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी घोषित होने के बाद शहर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक जश्न मनाया। काली माता मंदिर परिसर में नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष मनोहर जाटव एवं जिला महासचिव बलबीर सिंह चंदेल का साफा बांधकर तथा पुष्पमालाएं पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस दौरान ढोल नगाड़ों की गूंज और आतिशबाजी के बीच कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार किया। नई कार्यकारिणी में मनोहर जाटव, अचल सिंह मेवाड़ा, विजयपाल सिंह डोडिया, मोहन सिंह पंवार एवं लोकेंद्र राहुल मंडलोई सहित अन्य नेताओं को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं बल्ला सोनी, बलबीर सिंह चंदेल, जगदीश कराड़ा और वेदप्रकाश शर्मा सहित अन्य नेताओं को जिला महासचिव तथा एडवोकेट रशीद बेग, मनीष परमार, अजब सिंह मेवाड़ा और कुमेर सिंह धनगर सहित अन्य नेताओं को जिला सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जनशिक्षकों का क्षमतावर्धन 5 दिवसीय प्रशिक्षण डाइट में प्रारंभ

शाजापुर। जिले के सभी विकासखंड के जनशिक्षकों का क्षमतावर्धन प्रशिक्षण के प्रथम चरण का शुभारंभ जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट शाजापुर में सोमवार 20 जुलाई से हुआ। प्रशिक्षण में शिक्षा की गुणवत्ता के लिए सीएसी की भूमिका एवं दायित्व, सीएसी की अकादमिक मानिटरिंग एवं रिपोर्टिंग, आदर्श विद्यालय, निर्माण प्रक्रिया, एसएमसी का सुदृढ़ीकरण, छात्र के लिए सरकारी योजनाएं, एजुकेशन पोर्टल 3.0, वार्षिक कार्य योजना निर्माण, 21वीं सदी के कौशल एवं जीवन कौशल, शैक्षणिक मेंटरिंग, आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जनशिक्षकों से परिचर्चा आयोजित की जाएगी। प्रशिक्षण के प्रथम दिन डाइट प्राचार्य अनीता श्रीवास्तव ने जनशिक्षकों को इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण में सहभागिता करने और अपने कार्य क्षेत्र में अपनी भूमिका को सुदृढ़ करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्रभारी अशोक कारपेंटर, वरिष्ठ व्याख्याता एमडी शर्मा, दीपक शर्मा, मास्टर ट्रेनर आगर से मनोज शर्मा, शिवनारायण कादरा, शाजापुर प्रमोद गुप्ता, घनश्याम पाटीदार सहित प्रथम चरण में अपेक्षित सभी जनशिक्षक उपस्थित थे।

पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित

टोंकखुर्द। राष्ट्र प्रथम टोंकखुर्द तहसील स्तरीय पत्रकार सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ। ग्राम भैरवा खेड़ी में नेशनल हाईवे स्टेट सड़क मार्ग पर स्थित कान्हा रिसोर्ट पर राष्ट्रीय प्रथम पत्रकारिता जगत में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रुप में निष्पक्ष, निर्भिक एवं उत्कृष्ट पत्रकारिता सम्मान किया गया। पत्रकार निःष्पक्ष अपना कार्य करते हैं पत्रकार लोग ऐसी आवाज उठाते हैं जिस आवाज को दबाया जाता है उस आवाज को शासन प्रशासन में अपनी लेखनी कलम से लिखकर उजागर पर्दाफाश लोगों के बीच पहुंचते हैं गर्मी हो सर्दी हो उनके लिए सब दिन एक दिन के बराबर होता है उनका में उद्देश्य भ्रष्टाचार या अन्य बातों को लेकर खुलासा किया जाता है और आम आदमी को न्याय दिलाते हैं पत्रकारों के सम्मान में जितेंद्र मंडलोई मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी जनेश्वर मंडल टोंक खुर्द द्वारा पत्रकारों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया सम्मान में भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष जितेंद्र मंडलोई द्वारा पत्रकारों को भगवा दुपट्टा पहनाकर शील्ड देकर स्वागत कर सम्मानित किए गए।विशाल लाठियां द्वारा बताया गया कि यहां वहां पत्रकार हैं जो पीड़ित लोगों को अखबारों की सुर्खियों द्वारा जिम्मेदार व्यक्तियों तक पहुंचने का कार्य करते हैं।और पीड़ित लोगों की समस्याओं का न्याय दिलाया जाता है। मंडल अध्यक्ष जितेंद्र मंडलोई द्वारा पत्रकारों को पत्रकारिता क्षेत्र में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल महामंत्री बबलू हाड़ा,वीर भारती कंजर समाज देवास जिला अध्यक्ष मिथुन हाडा,महेंद्र मुक्ति लोग प्रमुख उपस्थित रहे।

दैनिक अवन्तिका

अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है

झारडा, बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ, रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

मौका न चूकें, अंतिम अवसर 31 जुलाई

सम्पर्क करें

दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

पटवारियों का आर-पार का ऐलान,अब नहीं रुकेगा आंदोलन

लंबित मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन शुरू 3 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

वर्षों से लंबित मांगों पर लगातार अनदेखी से नाराज मध्यप्रदेश पटवारी संघ ने शासन के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का बिगुल फूं क दिया है। संघ के प्रांतीय आह्वान पर जिला शाजापुर की सभी तहसीलों के पटवारी चरणबद्ध आंदोलन में उतरेंगे। संघ का स्पष्ट कहना है कि यदि इस बार भी सरकार ने मांगों पर गंभीरता नहीं दिखाई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

संघ के अनुसार बार-बार ज्ञापन, चर्चा और विभिन्न माध्यमों से अपनी न्यायोचित 5 सूत्रीय मांगें रखने के बावजूद सरकार ने कोई ठोस निर्णय नहीं लिया। इससे पूरे प्रदेश के पटवारियों में भारी आक्रोश है। शाजापुर जिले की शाजापुर, शुजालपुर, कालापीपल, मोहन बड़ोदिया,गुलाना और पोलायकलां तहसीलों के सभी पटवारी आंदोलन में सक्रिय भागीदारी करेंगे। संघ ने मांग की है कि कैडर रिव्यू लागू कर पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान का लाभ दिया जाए, नायब तहसीलदार विभागीय परीक्षा शीघ्र आयोजित की जाए, पटवारियों को जज प्रोटेक्शन एक्ट के दायरे में लाया जाए, स्वामित्व योजना, कृषि गणना, फार्मर आईडी सहित विभिन्न योजनाओं के लंबित मानदेय का तत्काल भुगतान किया जाए तथा संघ पदाधिकारियों के नियमविरुद्ध किए गए स्थानांतरण निरस्त किए जाएं।

पटवारी संघ ने यह भी कहा कि आंदोलन के कारण नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, इन्द्राज दुरुस्ती, जाति प्रमाण पत्र, न्यायालयीन प्रतिवेदन, शिकायतों की जांच, सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई तथा अन्य राजस्व संबंधी कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हो सकते हैं। इसके लिए शासन की हठधर्मिता जिम्मेदार होगी। हालांकि संघ ने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए असुविधा के लिए खेद भी व्यक्त किया है। पटवारी संघ ने सरकार से अंतिम बार आग्रह किया है कि वर्षों से लंबित न्यायोचित मांगों का तत्काल निराकरण कर प्रदेश की राजस्व व्यवस्था को संकट से बचाया जाए,अन्यथा आंदोलन निर्णायक रूप लेगा।

चरणबद्ध आंदोलन का कार्यक्रम

20 से 23 जुलाई काली पट्टी बांधकर शासकीय कार्य करते हुए विरोध,24 से 27 जुलाई, सभी शासकीय व्हाट्सएप एवं अन्य आधिकारिक समूहों का बहिष्कार, 28 जुलाई से 2 अगस्त, वेबजीआईएस, सारा ऐप और अन्य ऑनलाइन शासकीय कार्यों का पूर्ण बहिष्कार, 3 अगस्त 2026 से मांगें पूरी होने तक अनिश्चितकालीन हड़ताल। संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने समय रहते सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और अधिक व्यापक एवं प्रभावी बनाया जाएगा।

गमी में गया था परिवार, चोरों ने ताला तोड़ा

अलकापुरी में सूने मकान से लाखों की चोरी, ज्वेलरी और नकदी ले उड़े बदमाश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



अलकापुरी क्षेत्र में एक सूने मकान से लाखों रुपए की ज्वेलरी और नकदी चोरी हो गई। वारदात उस समय हुई, जब मकान मालिक परिवार सहित रिश्तेदारी में एक गमी के कार्यक्रम में गए हुए थे। मंगलवार सुबह घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

जानकारी के अनुसार, मकान मालिक चेतनपुरी गोस्वामी 17 जुलाई को दोपहर करीब 2 बजे परिवार के साथ रिश्तेदारी में गए थे। मंगलवार सुबह करीब 6 बजे पड़ोसियों ने उन्हें घर में चोरी होने की सूचना दी। चेतनपुरी गोस्वामी एक दुकान संचालित करते हैं। वह फिलहाल शहर से बाहर हैं। इसलिए चोरी हुए सामान की वास्तविक कीमत उनके लौटने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। हालांकि, प्रारंभिक अनुमान के अनुसार लाखों रुपए का नुकसान बताया जा रहा है।

सूचना मिलते ही सिविल लाइन पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि चोरी गए सामान का पूरा ब्यौरा मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

घर का सामान बिखरा मिला

चेतनपुरी के भाई मनीष गोस्वामी जब मौके पर पहुंचे तो मुख्य दरवाजा खुला मिला। घर के अंदर सामान बिखरा हुआ था। अलमारी से सोने की ज्वेलरी और नकदी गायब थी। मनीष गोस्वामी ने वीडियो कॉल के जरिए चेतनपुरी गोस्वामी को घर की स्थिति दिखाई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मंगलसूत्र सहित सोने के कई आभूषण और नकदी चोरी हुई है।

बच्चों को स्कूल भेजा और 38 वर्षीय महिला ने फांसी लगाई

देवास। शहर के शुक्रवारिया हाट क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक 38 वर्षीय महिला ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक महिला की पहचान रिंकी पति मनोज पडियार (38) के रूप में हुई है। घटना के दिन सुबह उन्होंने अपने बच्चों को स्कूल के लिए ऑटो में बैठाया था। उस समय उनके पति मनोज सुबह की सैर पर गए हुए थे।

पार्षद बाली घोषी ने बताया कि बच्चों को स्कूल भेजने के बाद रिंकी पूजा करने मंदिर गईं और फिर घर लौट आईं। कुछ देर बाद जब पति मनोज पडियार घर पहुंचे, तो उन्होंने काफी देर तक दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। आशंका होने पर मनोज ने दरवाजा तोड़ दिया। अंदर जाकर देखा तो रिंकी फंदे पर लटकी हुई थीं। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग और पुलिस मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। हालांकि, आत्महत्या के स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आए हैं और पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है।

एबीवीपी कार्यशाला पर एनएसयूआई का विरोध प्राचार्य पर कार्रवाई की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

शासकीय नेहरू कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कार्यशाला आयोजित करने और कॉलेज की विभिन्न समस्याओं को लेकर सोमवार को एनएसयूआई कार्यकताओं ने जिला कलेक्टर कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर सर्वेश यादव को ज्ञापन सौंपकर कॉलेज के प्राचार्य डी.पी. चतुर्वेदी और डी. कुमार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। एनएसयूआई ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। एनएसयूआई के राष्ट्रीय महासचिव अंकुश भटनागर ने आरोप लगाया कि 18 जुलाई को कॉलेज की मुख्य बिल्डिंग के कक्ष क्रमांक-13 स्थित प्रयोगशाला में छात्रों को जबरन एबीवीपी की कार्यशाला में बैठाया गया।

अधिवक्ता संघ के चुनाव में पदम सिंह उदाना अध्यक्ष और जगदीश लाठिया सचिव निर्वाचित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ टोंक खुर्द

सोमवार को टोंक खुर्द अधिवक्ता संघ के द्विवार्षिक चुनाव संपन्न हुए। जिसमे अध्यक्ष पदम सिंह उदाना, उपाध्यक्ष अंतर सिंह खरवाड़िया, महिला उपाध्यक्ष छाया गोदेन,सचिव जगदीश चंद्र लाठिया, सह सचिव आशीष भंडारी, कोषाध्यक्ष विनीता शर्मा और पुस्तकालय सचिव शशिकांत शर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुए। निर्वाचन के बाद सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का बार में न्यायाधीश और अधिवक्ताओं व न्यायालयीन स्टाफ द्वारा स्वागत किया गया। गौरतलब है की टोंक खुर्द बार की स्थापना वर्ष 1989 से लेकर आज तक कभी भी चुनाव नहीं हुए है और सवार्नुमति से निर्विरोध चुनाव कराएं गए है और उसी परंपरा को अब भी जारी रखकर निर्विरोध निर्वाचन संपन्न कराया गया।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने कृषि भुमि सर्वे क्रंमाक 103/3 रकबा 0.2810 हैक्टेयर स्थित ग्राम चंदेसरा प.ह.न. 37 तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. मे स्थित है। जिसकी चुर्तसीमा इस प्रकार है- पूर्व में- अन्य कि भूमि, पश्चिम में- रास्ता (गरोठ रोड़) उत्तर में- भूमि का शेष भाग एवं दक्षिण में- अन्य कि भूमि स्थित है। उक्त संपत्ति को क्रय करने का अनुबंध मेरे पक्षकार ने वर्तमान स्वामी रणजीत सिंह परमार पिता श्री सेवाजी निवासी- 102 देवास रोड़ चंदेसरा उज्जैन से किया है तथा मेरे पक्षकार ने उक्त संपत्ति के बयाना पेटे राशि रणजीत सिंह परमार पिता श्री सेवाजी को अदा कर दी है तथा शेष राशि अदा करके उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में कराया जाना शेष है। अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि कृषि भूमि में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त भूमि के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी का कोई विवाद हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्तिमान्य नहीं होगी। सूचित हो ।

तेजपाल परिहार एडवोकेट
ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स
विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन
मोबाइल न. 9301860352

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि नाथूलाल पिता सुखराम जाति चमार निवासी ग्राम पीरझलार तहसील बड़नगर के भुमि स्वामी स्वत्व एवं आधिपत्य की भुमि सर्वे क्रमांक 951/2 रकबा 0.40 में सें 0.20 जिसके पूर्व में अमरसिंह पिता सुखरामजी की भूमि, उत्तर में इसी भूमि भूमि का शेष रकबा, पश्चिम में श्री राम मंदिर की भुमि, दक्षिण में पीरझलार-नरसिंग मार्ग की भुमि स्थित ग्राम पीरझलार को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ईश्वरलाल पिता चतुर्भुज जी निवासी बडनगर से तय कर आंशिक विक्रय मुल्य नगद तथा जर्ये चेक भुगतान कर विक्रय पत्र निष्पादित किया जा रहा है। यदि बिकी आराजी में अन्य किसी भी व्यक्ति का हित स्वत्व अधिकार ऋण भार हो तो वह 07 दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में मय प्रमाण के प्रस्तुत करे अन्यथा उक्त अवधि व्यतित होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। दिनांक 21.07.2026

कविता बैरागी अभिभाषक
08, मंगलम परिसर व्यास कॉलोनी बडनगर जिला उज्जैन म.प्र.
मोबा. न. 9691003560

जाहिर सूचना

मैं पं आनन्द शर्मा निवासी ग्राम कंजड़ तहसील बडनगर जिला उज्जैन सर्वजानिक रूप से घोषणा करता हूं कि मेरा बडा पुत्र दिपक कुमार जोशी (शर्मा) पिछले दस वर्षों से मुझसे और मेरे परिवार से अलग हो चुका है. जिस से मेरे एवं मेरे परिवार के सभी सदस्यों से किसी प्रकार की संम्बन्ध नहीं है. ओर दिपक जोशी (शर्मा), क्या कार्य करता है कहा, रहता हे इसकी मुझे कोई जानकारी नही है. दिपक जोशी (शर्मा) से कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार की आर्थिक या अन्य किसी प्रकार का लेन-देन स्वयं के व्यवहार पर करता है तो उस में मेरा एवं मेरे परिवार के सदस्यों की किसी प्रकार की कोई जबाबदारी नहीं होगी सार्वजानिक रूप से मैं ये घोषणा कर रहा है कि मैं दिपक जोशी (शर्मा) को मेरी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करने की सुचना सर्वजानिक रूप से कर चुका हूँ ।

आनंद शर्मा ग्राम कंजड़
तहसील बड़नगर जिला
उज्जैन 9893247727

श्री धरा कॉलोनी के भूखण्ड निरस्तीकरण की

जाहिर सूचना

यह कि, श्री धरा कॉलोनी ग्राम जीवनखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में भूखण्ड क्रमांक-34, 35, 77, 78 व 79 को भूखण्ड धारक द्वारा क्रय किये गये हैं एवं आज दिनांक तक उक्त भूखण्ड धारकों ने दूसरी एवं तीसरी किश्त जमा नहीं की गई हैं उन भूखण्ड धारको के भूखण्ड मेरी पक्षकार फर्म "Shree Buildcon" द्वारा निरस्त कर दिये गये हैं। मेरी पक्षकार फर्म द्वारा उक्त भूखण्डों की अंतिम किश्त के लिये कई बार भूखण्ड धारको को सूचित कर दिया गया था उसके बाद भी भूखण्ड़ धारको द्वारा उक्त भूखण्डों की दूसरी एवं तीसरी किश्त जमा नहीं की गई हैं। यदि कोई व्यक्ति या संस्था उक्त रसीद पर किसी भी प्रकार का कोई व्यवहार करता हैं तो उसकी समस्त प्रकारण की जवाबदारी उक्त व्यक्ति की रहेगी इसमें मेरी पक्षकार फर्म "Shree Buildcon" की कोई जवाबदारी नहीं रहेगी तथा उक्त भूखण्डों को मेरी पक्षकार फर्म "Shree Buildcon" अन्य किसी भी व्यक्ति एवं संस्था को विक्रय करने के लिये स्वतंत्र हैं। सूचित हो। इति दिनांक-21.07.2026

राजेश बांठिया, हाईकोर्ट एडवोकेट
A-5 भरतपुरी, देवास रोड, उज्जैन, (म.प्र.)
मो. नं.-98272-64140

In The Court Of I Additional District Judge, District Court, Ujjain Tehsil Badnagar
Presiding Officer : **श्री राम बिलास गुप्ता**

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC GW/0000001/2026):

रानीबी-----आवेदक
Vs
सर्वसाधारण..... अनावेदक

Process Id-/2026
पेशी दिनांकः 25/08/2026

प्रेषिती : (1) सर्वसाधारण पता सर्वसाधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रानीबी पति ने मृतक स्व. रईस खाँ निवासी तहसील सांवेर, जिला इंदौर की कृषि भूमि सर्वे नं. 33/2 रकबा 0.300 ग्राम लिखोदा हल्का खण्डवासुरा तह. बड़नगर, उज्जैन राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 25 अगस्त 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 25 अगस्त 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें । सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 20जुलाई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

(रामबिलास गुप्ता)
जिला न्यायाधीश बड़नगर
जिला उज्जैन (म.प्र.)

कृपया ध्यान दे- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

शिव के जयकारों के साथ ओंकारेश्वर के लिए जत्था रवाना

शाजापुर। भक्ति और उल्लास के माहौल में शहर की राजराजेश्वरी नगरी से श्रद्धालुओं का एक बड़ा जत्था भगवान ओंकारेश्वर के दर्शनों के लिए रवाना हुआ। भूपेंद्र मेड़ा मंडल के तत्वावधान में आयोजित होने वाली इस वार्षिक यात्रा ने पूरे नगर को शिवमय कर दिया। सोमवार को शहर के प्रमुख मार्गों से जब यह यात्रा गुजरी, तो हर तरफ सिर्फ भगवान शिव के जयकारे ही गूंज रहे थे। जगह-जगह नगरवासियों ने शिवभक्तों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। यात्रा के प्रस्थान से पूर्व मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और आरती का आयोजन किया गया। इसके पश्चात बड़ी संख्या में शामिल श्रद्धालु पूरे जोश और उमंग के साथ ओंकारेश्वर धाम की ओर निकल पड़े। पूरे मार्ग में भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल, 112 ने पहुंचाया अस्पताल

शाजापुर। दो बाइकों की आमने सामने हुई भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार पीरूलाल 35 वर्ष पिता सिद्धूलाल निवासी छपरा, शाजापुर की ओर आ रहे थे। वहीं कृपाल 30 पिता नारायण एवं रामप्रसाद पिता नंदराम निवासी लसुल्ड़िया, अपने गांव से रोज की तरह भगवती कोल्ड स्टोर पर काम करने जा रहे थे। इसी दौरान बिजाना रोड पर दोनों बाइकों की टक्कर हो गई, जिससे तीनों घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 के पायलट राजेंद्र सिंह सिकरवार एवं हेड कांस्टेबल अशोक मौके पर पहुंचे। टीम ने बिना देर किए घायलों डॉयल 112 की सहायता से जिला अस्पताल पहुंचाकर उपचार शुरू कराया। पुलिस ने घटना की जानकारी लेकर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

अकोदिया नप में 4 एल्डरमैन नियुक्त विकास कार्यों में निभाएंगे भूमिका

अकोदिया। राज्य सरकार ने अकोदिया नगर परिषद में चार एल्डरमैन (मनोनीत पार्षद) नियुक्त किए हैं। परिषद के गठन के करीब चार साल बाद हुई इन नियुक्तियों से नगर की राजनीति और परिषद के कामकाज में नई चर्चा शुरू हो गई है। परिषद का कार्यकाल अब लगभग एक वर्ष शेष है। राज्य सरकार ने विष्णु विश्वकर्मा, प्रेम मेवाड़ा, सुरेंद्र ठाकुर और केसर सिंह चौड़िया को नगर परिषद का एल्डरमैन नियुक्त किया है। नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षदों ने सभी मनोनीत सदस्यों का स्वागत किया। एल्डरमैन परिषद की बैठकों में शामिल होकर विकास योजनाओं पर सुझाव देंगे और विभिन्न जनहित के मुद्दों पर चर्चा में भाग लेंगे। जनप्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई कि उनके अनुभव से परिषद के विकास कार्यों को गति मिलेगी।

जमीन पर दिखेगा विकास-पूर्व पार्षद

टोंक खुर्द। नगर परिषद टोंक खुर्द में स्वीकृत विकास कार्यों के टेंडर होने के बावजूद कई निर्माण कार्य लंबे समय से रुके हुए थे।लगातार जनहित में आवाज उठाने और संबंधित अधिकारियों को वास्तविक स्थिति से अवगत कराने के बाद अब पंडित दीनदयाल चौक सहित अन्य विकास कार्यों का शुभारंभ होना शुरू हो गया है। इससे नगरवासियों में खुशी और उत्साह का माहौल है,जनप्रतिनिधियों एवं जागरूक नागरिकों ने अधिकारियों से सभी स्वीकृत विकास कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा कराने की मांग की है।

In The Court Of XI Civil Judge Class II, District Court, Ujjain Presiding Officer:
श्री अंशुल ताम्रकार
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(RCS A/0000258/2026)
श्रीमती मधुबाला------ वादी
Vs
अब्दुल मजीद-----प्रतिवादी

Process Id-/2026
पेशी दिनांकः 31/007/2026

प्रेषिती
(1) अब्दुल मजीद पिता अब्दुल रज्जाक पता-53 तिरपन होटल गली छत्रीचौक उज्जैन
(2) मोहम्मद शोएब पिता मोहम्मद इकबाल पता- 19 अमरपुरा तोपखाना उज्जैन

यह कि प्रार्थी श्रीमती मधुबाला पिता चिंरोजीलाल जायसवाल, उम्र-46 वर्ष, धंधा-गृहकार्य, पता-24 बी मोहननगर आगर रोड उज्जैन ने आपके विरुद्ध उसके स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भूखण्ड क्रमांक 219 कोहिनूर सिटी ग्राम कमेड तहसील घटिया जिला उज्जैन स्थित के संबंध में वाद वास्ते स्वत्व घोषणा, स्थायी निषेधाज्ञा हेतु सिविल सूट ए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें

यह आज तारीख 09 जुलाई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

(अंशुल ताम्रकर)
ग्यारहवें व्यवहार न्यायाधीश
कनिष्ठ खण्ड, उज्जैन (म.प्र.)

कृपया ध्यान दे- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

हूती विद्रोहियों की धमकी, भारत चीन के टैंकरों ने रास्ता बदला

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन । सऊदी अरब का कच्चा तेल लेकर भारत और चीन जा रहे दो तेल टैंकरों ने मंगलवार को रेड सी (लाल सागर) में यू-टर्न लेकर अपना रास्ता बदल लिया। दोनों जहाज बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों की धमकी के बाद वापस स्वेज नहर की ओर मुड़ गए। दरअसल, हूती विद्रोहियों ने सोमवार को सऊदी अरब के खिलाफ नौसैनिक नाकेबंदी का ऐलान किया था। इसके बाद उन्होंने दुनियाभर की शिपिंग कंपनियों को ईमेल भेजकर चेतावनी दी कि सऊदी अरब के किसी भी बंदरगाह पर माल लादने या उतारने वाले जहाजों को उनकी सैन्य पहुंच के भीतर कहीं भी निशाना बनाया जा सकता है। रॉयटर्स के मुताबिक, इनमें से एक सुपर टैंकर शिन लॉन्ग यांग सोमवार को सऊदी अरब के यनबू बंदरगाह से करीब 20 लाख बैरल कच्चा तेल लेकर चीन के लिए रवाना हुआ था। जहाज मंगलवार सुबह बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट पहुंचने से पहले ही रुक गया और फिर यू-टर्न लेकर स्वेज रूट की तरफ मुड़ गए। भारत से जुड़ा दूसरा टैंकर भी इसी तरह अपना रास्ता बदलकर उत्तर की ओर चला गया।

लोकभवन से जीतू पटवारी को उठाकर ले गई पुलिस

भोपाल। दिल्ली में राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में मध्य प्रदेश में कांग्रेस का प्रदर्शन देर रात तक जारी है। लोकभवन के सामने धरने पर बैठे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी समेत कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हटाकर वाहन में बैठा लिया। इसके कुछ देर बाद पटवारी विधानसभा पहुंचे और मुख्यमंत्री कक्ष के बाहर धरने पर बैठे कांग्रेस विधायकों के बीच पहुंचकर उनके आंदोलन में शामिल हुए। कांग्रेस प्रदेशभर के जिला और ब्लॉक मुख्यालयों पर भी प्रदर्शन कर रही है। जीतू पटवारी ने कहा कि राहुल गांधी की गिरफ्तारी लोकतंत्र की आवाज दबाने की कोशिश है और कांग्रेस इसका पूरे प्रदेश में विरोध करेगी। जब तक राहुल गांधी की रिहाई नहीं हो जाती और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं दे देते, तब तक कांग्रेस का प्रदर्शन जारी रहेगा। पूरे मध्य प्रदेश के हर जिले और हर ब्लॉक में आंदोलन शुरू हो चुका है। जब तक न्याय नहीं मिलेगा, तब तक हम रातभर धरने पर बैठे रहेंगे। लोकभवन के सामने धरने से हटाए जाने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी विधानसभा पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री कक्ष के बाहर धरने पर बैठे कांग्रेस विधायकों का समर्थन किया और उनके साथ धरने में शामिल हुए।

बिल्डिंग की चौथी मंजिला से कूदी छात्रा, मौत

उदयपुर। उदयपुर में निर्माणाधीन बिल्डिंग की चौथी मंजिल से कूदकर 17 साल की छात्रा ने सुसाइड कर लिया। मौके से सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें लिखा है कि मेरे पापा-मम्मी की कोई गलती नहीं है। छात्रा एक निजी स्कूल में 12 वीं में पढती थी। मंगलवार दोपहर पौने 2 बजे स्कूल से सीधे निर्माणाधीन बिल्डिंग पर पहुंची। इसके बाद चौथी मंजिल पर जाकर छलांग लगा दी। इमारत के चबुतरे से टकराते हुए नीचे गिरी। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। घायल छात्रा को हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां से गंभीर हालत में उदयपुर के लिए रेफर कर दिया। इलाज के दौरान छात्रा की मौत हो गई। थानाधिकारी ने बताया- दोपहर पौने 2 बजे छात्रा स्कूटी से निर्माणाधीन बिल्डिंग के बाहर पहुंची। स्कूटी बाहर खडी की और बिल्डिंग में जाने लगी। इमारत में काम कर रहे मजदूरों ने रोका तो बोली अंदर बॉल गई है। इसके बाद सीधे चौथी मंजिल पर पहुंची और नीचे कूद गई। मजदूरों की सूचना पर पुलिस पहुंची और छात्रा को हॉस्पिटल भिजवाया। उदयपुर में इलाज के दौरान छात्रा की मौत हो गई।

गुरू पूर्णिमा पखवाड़े में विद्यार्थियों ने किया योगाभ्यास

शुजालपुर। गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के तहत पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शुजालपुर मंडी में छात्राओं के लिए योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में योग शिक्षक सुनील पाटीदार ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए नियमित योग के महत्व से अवगत कराया। योग शिक्षक ने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह मानसिक शांति, एकाग्रता और सकारात्मक जीवनशैली विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने छात्राओं से प्रतिदिन योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। विद्यालय की प्राचार्य अल्पना राणा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। नियमित योगाभ्यास से शारीरिक और मानसिक विकास के साथ अनुशासित जीवनशैली का निर्माण होता है। उन्होंने सभी छात्राओं को स्वस्थ जीवन के लिए प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ की उपस्थिति में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया।

बारिश से सोयाबीन को संजीवनी, 10 इंच बारिश हुई

शुजालपुर। करीब 14 दिनों के लंबे इंतजार के बाद मंगलवार को क्षेत्र में मानसून फिर मेहरबान हुआ। मध्य रात्रि के बाद शुरू हुआ बारिश का दौर सुबह लगभग 10 बजे तक जारी रहा। इस दरमियान रिमझिम और मध्यम बारिश हुई। इस बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी लौट आई और सूखे की मार झेल रही सोयाबीन की फसल को बड़ी राहत मिली। हालांकि इतनी लम्बी खेच के कारण सोयाबीन के पौधों की बढ़त पर असर हुआ है और इसका प्रभाव उत्पादन पर भी दिखाई दे सकता है। पिछले दो सप्ताह से बारिश नहीं होने के कारण किसान चिंतित थे। खेतों में नमी समाप्त होने लगी थी और सोयाबीन के पौधे पीले पड़ने लगे थे।

उज्जैन में सीवरेज कार्यों की धीमी गति से रहवासी परेशान

पेयजल संकट और अव्यवस्था पर उठे सवाल

दैनिक अवन्तिका » उज्जैन

शहर में चल रहे सीवरेज लाइन के कार्यों की धीमी गति, अव्यवस्थित कार्यप्रणाली और लापरवाही के कारण आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता ओमप्रकाश रामी ने आरोप लगाया है कि सीवरेज परियोजना के नाम पर पूरे शहर को अस्त-व्यस्त कर दिया गया है, जबकि संबंधित अधिकारी और ठेकेदार जनता की समस्याओं की अनदेखी कर रहे हैं।ओमप्रकाश रामी ने बताया कि चरक भवन से प्रेम छाया तक सीवरेज लाइन का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। प्रेम छाया के आगे बर्फ वाले चौराहे पर जहां पाइपलाइन डाली जानी थी, वहां करीब डेढ़ माह से कार्य रुका हुआ है। पाइप नहीं डाले जाने के कारण सड़क पर चिकनी मिट्टी और कीचड़ फैल गया है, जिससे आमजन का आवागमन प्रभावित हो रहा है तथा दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को कई बार लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। वहीं सीवरेज कार्यों के चलते पेयजल व्यवस्था भी प्रभावित हो गई है। रहवासियों के अनुसार नलों में गंदा पानी आ रहा है और पानी का दबाव इतना कम हो गया है कि केवल 4 से 6 बाल्टी पानी भरने के बाद सप्लाई बंद हो जाती है, जिससे लोगों को दैनिक आवश्यकताओं के लिए भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता ओमप्रकाश रामी ने आरोप

लगाया कि सीवरेज परियोजना का कार्य कर रही टाटा कंपनी पूरी तरह विफल साबित हुई है। इसके बावजूद कंपनी द्वारा दूसरे नाम से पेटी कॉन्ट्रैक्टरों के माध्यम से वही कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यों में पारदर्शिता का अभाव है और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं पार्षदों को विश्वास में लिए बिना मनमाने तरीके से काम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सीवरेज कार्यों की गति इतनी धीमी है कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में महीनों तक सड़कें खुदी पड़ी रहती हैं। इससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर पेचवर्क के नाम पर कार्य 8-8 दिन, 15-15 दिन और कई बार महीनों तक अधूरा छोड़ दिया जाता है।

ओमप्रकाश रामी ने यह भी आरोप लगाया कि प्रभावशाली अधिकारियों, नेताओं और रसूखदार लोगों के क्षेत्रों में सीवरेज का कार्य प्राथमिकता के आधार पर तत्काल कराया जा रहा है, जबकि सामान्य नागरिकों के क्षेत्रों में कार्य जानबूझकर लंबित रखा जाता है। उन्होंने कहा कि ठेकेदार और संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय से चुनिंदा स्थानों पर तेजी से काम कर रहे हैं, जबकि आम जनता की समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि कई स्थानों पर हाल ही में पाइपलाइन डालने के बाद दोबारा उसी स्थान पर सीवरेज के चेंबर बनाने के लिए खुदाई की जा रही है। इससे कार्य की गुणवत्ता, योजना और समन्वय पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं तथा सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका भी व्यक्त की जा रही है। ओमप्रकाश रामी का कहना है कि यदि सीवरेज परियोजना का कार्य समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी तरीके से नहीं कराया गया तो आम जनता की परेशानियां और बढ़ेंगी। साथ ही प्रदेश सरकार की छवि भी प्रभावित होगी। उन्होंने नगर निगम एवं संबंधित विभाग से मांग की है कि अधूरे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा कराया जाए, पेयजल समस्या का तत्काल समाधान किया जाए तथा पूरे सीवरेज कार्य की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए।

चरक भवन से प्रेम छाया मार्ग तक अधूरी सीवरेज लाइन से रहवासी परेशान- चरक भवन से प्रेम छाया तक बिछाई जा रही सीवरेज लाइन का कार्य पिछले करीब डेढ़ महीने से अधूरा पड़ा होने के कारण क्षेत्र के रहवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के निवासी ओमप्रकाश रामी ने बताया कि प्रेम छाया के आगे बर्फ वाले के चौराहे पर जहां पाइपलाइन डाली जानी थी, वहां अब तक पाइप नहीं डाले गए हैं। इसके कारण सड़क पर खुदाई के बाद चिकनी मिट्टी और कीचड़ जमा हो गया है, जिससे लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस समस्या की जानकारी संबंधित अधिकारियों को कई बार दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। वहीं पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। रहवासियों का आरोप है कि नलों में गंदा पानी आ रहा है और पानी का दबाव भी बहुत कम हो गया है। स्थिति यह है कि केवल 4 से 6 बाल्टी पानी भरने के बाद नल बंद हो जाता है, जिससे दैनिक उपयोग के लिए भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। रहवासियों ने नगर निगम और संबंधित विभाग से मांग की है कि अधूरी सीवरेज लाइन का कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए तथा पेयजल आपूर्ति की समस्या का तत्काल समाधान किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

दो साल से फरार 10 हजार की इनामी महिला आरोपी गिरफ्तार

अपहरण,दुष्कर्म व पॉक्सो केस में थी तलाश

दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर

थाना शुजालपुर मंडी पुलिस ने अपहरण, दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के गंभीर मामले में करीब दो वर्ष से फरार चल रही 10 हजार रुपए की इनामी महिला आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद अग्रिम कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार 12 मार्च 2024 को एक व्यक्ति ने अपनी 13 वर्षीय नाबालिग पोती के अपहरण की रिपोर्ट थाना शुजालपुर मंडी में दर्ज कराई थी। मामले में धारा 363 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना

के दौरान 1 जुलाई 2024 को नाबालिग को राजस्थान के नागौर जिले के ग्राम बेडास से बरामद किया गया। न्यायालय में दर्ज कराए गए पीड़िता के बयान एवं जांच में सामने आए साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण में अपहरण, दुष्कर्म, धमकी तथा पॉक्सो एक्ट की गंभीर धाराएं बढ़ाई गईं। जांच के दौरान मुख्य आरोपी भगवान सिंह उर्फ योगेश सोनी को 30 अक्टूबर 2025 तथा एक सह आरोपी को 4 दिसंबर 2025 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। वहीं महिला आरोपी कलावती पति दिनेश सोनी निवासी ग्राम गुदरावन जिला आगर हाल मुकाम जोधपुर, घटना के बाद से लगातार फरार थी। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय एवं एसडीओपी निमेष देशमुख के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार यादव के नेतृत्व में गठित टीम ने लगातार प्रयास करते हुए 19 जुलाई 2026 को आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसे न्यायालय शुजालपुर में पेश किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार यादव, प्रधान आरक्षक आशीष वर्मा, आरक्षक विनोद भैसानिया, महिला आरक्षक ममता परिहार तथा साइबर सेल के आरक्षक घनश्याम की विशेष भूमिका रही।

भाजपा ने नवनियुक्त एल्डरमैनों का किया सम्मान

शुजालपुर। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल शुजालपुर ने नगर पालिका परिषद के नवनियुक्त मनोनीत पार्षद एल्डरमैन के सम्मान में भाजपा कार्यालय में स्वागत समारोह आयोजित किया। इस दौरान सभी नवनियुक्त एल्डरमैनों का पार्टी का दुपट्टा पहनाकर, साफा बांधकर और मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया।

समारोह में जिला महामंत्री विजय सिंह बैस और नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर देवकरण परमार , कृष्णमोहन यादव, मोहन जाटव, रामदयाल यादव रामू, शुभम पुष्पद तथा अनिल जैन संयम के एल्डरमैन मनोनीत होने पर उनका अभिनंदन किया गया। सम्मानित एल्डरमैनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री इंदर सिंह परमार, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रवि पांडे सहित पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए जनसेवा और नगर विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प भी दोहराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री विजय सिंह बैस ने कहा कि सभी नवनियुक्त एल्डरमैन संगठन की विचारधारा और सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए नगर के विकास और जनकल्याण में सक्रिय भूमिका निभाएं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष रामडिया, प्रवीण जोशी आदि ने नवनियुक्त एल्डरमैनों को बधाई दी।

सीसीटीवी फुटेज से खुला बाइक चोर गिरोह का राज

शुजालपुर। शुजालपुर मंडी थाना पुलिस ने वाहन चोरी के दो मामलों का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी नशे की लत पूरी करने के लिए बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे।

पुलिस के अनुसार 2 जुलाई को फ्रीगंज स्थित छोरिया टाउनशिप कॉलोनी से कुशल इचोरिया की मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में आरोपी बाइक ले जाते हुए दिखाई दिए थे, इसी फुटेज के आधार पर संदिग्ध युवकों की पहचान हुई। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि इसी गिरोह ने शुजालपुर मंडी में दुर्गा मंदिर के सामने ताशी रेस्टोरेंट के बाहर खड़ी एक अन्य मोटरसाइकिल भी चुरा ली थी। तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने ब्रजनगर कॉलोनी निवासी राजकुमार उर्फ नांटी, जितेंद्र परमार दोनों निवासी कंघी मोहल्ला शुजालपुर एवं स्वप्न सिटी निवासी उज्ज्वल मराठा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने दोनों वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली, जिसके बाद पुलिस ने चोरी की दोनों मोटरसाइकिलें बरामद कर लीं। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण में वैधानिक कार्रवाई पूरी कर उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां न्यायाधीश ने जेल भेजने के आदेश दिए।

स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

फतेहगढ़/गुना। शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, फतेहगढ़ (गुना) में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा - 2026 के अंतर्गत आज षष्ठम दिवस (21 जुलाई 2026, मंगलवार) को विद्यालय परिसर में भव्य योगाभ्यास, ध्यान एवं स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी शिक्षक एवं खेल शिक्षक के कुशल मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं को दैनिक जीवन में योग और ध्यान के महत्व से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों को अनुलोम-विलोम, कपालभाति, ताड़ासन, पद्मासन सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया तथा मानसिक एकाग्रता वृद्धि हेतु ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को उत्तम स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा स्वच्छ जीवनशैली अपनाने हेतु जागरूक किया गया। योग प्रशिक्षकों ने बताया कि नियमित योगाभ्यास से न केवल शारीरिक विकास होता है।

पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल

सादर आमंत्रित

भंडार विभाग, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय द्वारा, रेलवे ऑफिसर क्लब में सभी सम्मानित निर्माता एवं विक्रेताओं को रेलवे में सामग्री आपूर्ति में भागीदारी करने के उद्देश्य से दिनांक 30 जुलाई 2026 (गुरुवार) को

"विक्रेता मिलन समारोह एवं प्रदर्शनी"

का आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर रेलवे में उपयोग होने वाली विभिन सामग्रियों (Items) की प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी, जिससे विक्रेताओं को रेलवे की आवश्यकताओं, सामग्री विनिर्देशों एवं खरीद प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त होगी।

विशेष रूप से सूक्ष्म एवं लघु उद्यम (MSE) के अंतर्गत पंजीकृत फर्मों को सहभागिता हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही SC, ST एवं महिला श्रेणी में पंजीकृत फर्मों को सहभागिता हेतु प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया जाएगा।

कार्यक्रम का विवरण

कार्यक्रम	:	विक्रेता मिलन समारोह एवं प्रदर्शनी
दिनांक	:	30 जुलाई 2026 (गुरुवार)
समय: प्रात	:	10:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक
स्थान	:	रेलवे ऑफिसर क्लब, मंडल रेल कार्यालय, रतलाम

अतः सभी निर्माता एवं विक्रेताओं से अनुरोध है कि वे कार्यक्रम में सम्मिलित होकर भंडार विभाग का हिस्सा बने।

SPAN/164

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा निम्नलिखित कृषि भूमि के संबंध में सक्षम न्यायालय के समक्ष वाद प्रस्तुत किया जाना प्रस्तावित है। उक्त भूमि के संबंध में गंभीर विवाद विद्यमान है, जिसके कारण मेरे पक्षकार अपने वैधानिक अधिकारों के संरक्षण हेतु सिविल एवं अन्य विधिक कार्यवाही प्रारंभ करने जा रहे हैं।

विक्रेतागण-1.श्री जितेन्द्र गौड़, पिता श्री गिरधारी, निवासी निपानिया गोयल, घट्टिया ,नजरपुर, जिला उज्जैन। 2.श्री महेश, पिता श्री गिरधारी, निवासी निपानिया गोयल, घट्टिया, नजरपुर , गंज जिला उज्जैन। 3.श्रीमती गौरी बाई, पति श्री बापूलाल, निवासी ग्राम उदसिंघा, खरसोदकलां, जिला उज्जैन। 4.श्रीमती मंजू, पति श्री राकेश, निवासी 99/1, कंथार खेड़ी, असलवाड़ा , जिला उज्जैन। 5.श्रीमती राजू बाई, पति श्री हीरालाल, निवासी निपानिया गोयल, घट्टिया, नजरपुर , गंज जिला उज्जैन। 6.श्री प्रभु, पिता श्री हीरा, निवासी निपानिया गोयल, घट्टिया, नजरपुर , गंज जिला उज्जैन। 7.श्रीमती नेनी बाई, पति श्री गिरधारी, निवासी निपानिया गोयल, घट्टिया, नजरपुर, गंज,जिला उज्जैन। 8.श्रीमती बामनी बाई, पति श्री बंजारा, निवासी ग्राम सुलतानपुरा, पोस्ट पालड़ा, तहसील आगर, जिला शाजापुर।

संपत्ति का विवरण- स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे क्रमांक 154/1, रकबा 0.3900 हेक्टेयर, स्थित ग्राम निपानिया गोयल, तहसील घट्टिया, जिला उज्जैन (म.प्र.)। अत: समस्त आमजन, बैंक, वित्तीय संस्थानों, बिल्डर्स, डेवलपर्स, निवेशकों एवं अन्य सभी व्यक्तियों को एतद्वारा सचेत एवं सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का क्रय-विक्रय, विक्रय अनुबंध, बयाना, हस्तांतरण, गिरवी, बंधक अथवा अन्य कोई लेन-देन न करें, क्योंकि उक्त भूमि के संबंध में मेरे पक्षकार द्वारा सक्षम न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया जाना प्रस्तावित है। यदि कोई व्यक्ति इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के उपरांत उक्त भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का लेन-देन अथवा व्यवहार करता है, तो वह पूर्णत: अपने जोखिम, उत्तरदायित्व एवं परिणामों पर करेगा। ऐसे किसी भी व्यवहार से उत्पन्न होने वाले समस्त विधिक परिणामों का उत्तरदायित्व संबंधित व्यक्ति का स्वयं का होगा तथा मेरे पक्षकार अथवा उनके अधिवक्ता किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होंगे। यह सूचना जनहित एवं भावी विवादों से बचाव के उद्देश्य से प्रकाशित की जा रही है। इति दिनांक 22/07/2026 स्थान इन्दौर (म.प्र.)

अधिवक्ता अर्शीत कौर मुटनेजा
उच्च न्यायालय अधिवक्ता, मध्यप्रदेश
कार्यालय- 34, संत नगर, खंडवा रोड, इन्दौर 452001
मो. 8982830387

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामीनी श्रीमती संतोष बाई पति श्री भेरूलाल जी, जाति-चमार (जाति की श्रेणी-एस.सी. वर्ग) (गैर आदिवासी), निवासी-ग्राम मुकाता तहसील सांवेर व जिला इन्दौर (म.प्र.) व कृषक ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया व जिला उज्जैन के एकमेव स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 867/2/1/2 रकबा 0.12 हेक्टर, स्थित ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया व जिला उज्जैन में उज्जैन / जगोटी रोड़ पर होकर फ्रीहोल्ड् राईट्स की हैं तथा जिसके उत्तर दिशा में उज्जैन / जगोटी रोड़ हैं, को मय तल, जमीन व हवाई हक सहित एवं मय निर्विवाद व रिक्त अवस्था में क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक धनराशि अदा कर दी हैं। उक्त सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति, वित्तिय संस्था, बैंक, शासकीय / अर्द्धशासकीय विभाग, - आदि का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, सुखाधिकार, कब्जे आदि का अधिकार, अनुबंध, गिरवी आदि का भार अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी व्यक्ति को या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति आदि हो, तो वे सूचना प्रकाशन से 7 दिन में मय असल दस्तावेज व तथ्यात्मक प्रमाण के मुझसे आकर मिले, ताकी उसका निराकरण करवाया जा सकें। बाद मियांद किसी की कोई आपत्ति आदि मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं रहेगी एवं मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति के अंतरण लेख का निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा। दिनांक-21.07.2026, उज्जैन,

निखिल सोडानी, एडव्होकेट
कार्यालय-दुकान नं. डी-8. भरतपुरी शॉपिंग काम्पलेक्स. आर.टी.ओ. आफिस के पीछे, देवास रोड़, उज्जैन मो. 9301376778

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण ने उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे नंबर 1827/1/2 रकबा 0-180 हेक्टर, एवं भूमि सर्वे नंबर 1827/1/1 रकबा 0-678 हेक्टर स्थित कस्बा उज्जैन में स्थित होकर उसे मेसर्स निशिका कन्स्ट्रक्शन, 27 साकेत नगर, उज्जैन द्वारा भागीदार- 1. संतोष लालवानी पिता श्री हजारीलाल लालवानी, निवासी 15-16, सांईनाथ कॉलोनी, उज्जैन एवं 2. हीरानंद छतवानी पिता श्री कोड़ूमल छतवानी, निवासी 27, साकेत नगर, सांवेर रोड़, उज्जैन को विक्रय करने का लिखित अनुबंध दिनांक 05/09/2025 को किया होकर बयाना राशि प्राप्त की गई थी, जिसमें से आंशिक राशि का भुगतान कर दिया गया है तथा दोनों पक्षों की सहमति से उक्त अनुबंध को आज दिनांक 21/07/2026 को निरस्त कर दिया गया है। अब मेरे पक्षकारगण उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की उपरोक्त भूमि को अन्य को विक्रय करने हेतु स्वतंत्र हैं, इसमें अनुबंधग्रहिता संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं है। यदि उक्त भूमि या उसके किसी भाग पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, अथवा निकाय का कोई ऋण भार हो या अन्य किसी प्रकार से लेख आदि किया हुआ हो तो वे इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में अपनी लेखी आपत्ति मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें अन्यथा बाद व्यतित होने अवधि उक्त अनुबंध विधिवत् रूप से निरस्त कर दिया जावेगा।

दिनांक- 21/07/2026 उज्जैन

कैलाशचन्द्र बंसल एडवोकेट- नों टरी
कार्यालय-146, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग,मालीपुरा, उज्जैन
सी-9/2, भरतपुरी काम्पलेक्स, उज्जैन
मो. 98260-50947

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती कल्पना डोसी पति श्री बसंतकुमार डोसी, निवासी-निवासी-15, श्रीराम नगर केसर बाग रोड इंदौर, म.प्र. के स्वत्व स्वामित्व का भूखंड क्रं. 152 जो कि शिवांश एवेन्यू (पार्ट-II) शक्करवासा देवास रोड, उज्जैन में अंदर की ओर स्थित होकर जिसकी साईज 185-30 वर्गमीटर एवं श्रीमती रेखा डोसी पति श्री कमलकुमार डोसी, निवासी-15, श्रीराम नगर केसर बाग रोड इंदौर, म.प्र. के स्वत्व स्वामित्व का भूखंड क्रं. 153, जो कि शिवांश एवेन्यू (पार्ट-II) शक्करवासा देवास रोड, उज्जैन में अंदर की ओर स्थित है। जिसकी साईज 153 वर्गमीटर है। उक्त दोनों भूखंडों को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा कर अनुबंध पत्र का निष्पादन करवाया जाकर बयाना राशि अदाकर दी गई तथा अब उक्त भूखंडों का विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भूखंडों पर किसी बैंक, अर्द्धशासकीय बैंक, संस्था, सहकारी संस्था या किसी निकाय या किसी व्यक्तिगत ऋण या साहूकारी ऋण हो या उक्त भूखंडों को विक्रय करने में किसी को आपत्ति हो या उक्त भूखंडों पर किसी का कब्जा हो या पूर्व में कोई अनुबंध संपादित हुआ हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मय दस्तावेज प्रमाण के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करावें। जिससे की उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के बाद मेरे पक्षकार के द्वारा स्वयं के हित में उक्त भूखंडों का विक्रय-पत्र (रजिस्ट्री) का निष्पादन करवा लिया जावेगा और किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक 21/07/2026

अजय कुमावत, हाईकोर्ट एडवोकेट
कार्यालय-01, चैंबर डीपी ज्वेलर्स के पास माधवनगर
उज्जैन मो. 9993364312

न्यूज-कॉलम

होटल-रेस्टोरेंटों का किया निरीक्षण

नीमच। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन, नीमच द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नयागांव एवं केसरपुरा क्षेत्र के होटल एवं रेस्टोरेंटों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुल 13 खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री राजू सोलंकी एवं टीम ने होटल जैन मधुबन,नयागांव टोल प्लाजा का निरीक्षण कर विक्रय हेतु भंडारित जीरा, काली मिर्च, अजवाइन एवं मेथीदाना के 4 नमूने लिए। इसी प्रकार श्री अन्नपूर्णा होटल, नयागांव टोल प्लाजा से सौंफ, जीरा, तिल एवं लौंग के 3 नमूने तथा होटल जाट श्री, मेन रोड केसरपुरा (तहसील जावद) से पनीर, हल्दी पाउडर, मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर एवं जीरा के 5 नमूने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत मानक गुणवत्ता की जांच के लिए लिए गए।

मृत्यु कारित करने वाले वाहन चालक को 2 वर्ष की सजा

नीमच।न्यायाधिकारी, ग्राम न्यायालय, जिला नीमच के द्वारा अपने निर्णय में लापरवाहीपूर्वक टैंकर चलाकर मोटरसायकल को टक्कर मारकर मोटरसायकल सवार महिला की मृत्यु कारित करने एवं अन्य को घोर उपहति व उपहति कारित करने वाले आरोपी गणेशलाल पिता मिश्रीलाल रायका, निवासी-ग्राम पालडी, तहसील-आसीन्द, जिला भीलवाडा (राजस्थान) को 2 वर्ष के सश्रम कारावास व 5 हजार रुपये अर्थदण्ड, दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओं श्री पारस मित्तल द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 8 वर्ष पुरानी होकर दिनांक 09.01.2018 की दोपहर के लगभग 4 बजे मनासा-नीमच रोड़ स्थित जवासा पुलिया के पास की हैं।

चंद्रशेखर आजाद की जयंती कल मनेगी

मंदसौर। स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीद क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की 120वीं जयंती को पूरे उत्साह और शौर्य के साथ मनाने के लिए दशपुर जागृति संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। संगठन ने निर्णय लिया है कि 23 जुलाई को सुबह 9 बजे सम्राट रोड स्थित आजाद जी की प्रतिमा स्थल पर नगरपालिका के सहयोग से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। संगठन के अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र पुराणिक, कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर शर्मा, आर.सी. पाण्डेय, राजाराम तंवर, अजीजुल्लाह खान और अरुण गौड़ ने सभी से उपस्थित रहने की अपील की है।

पुलिस ने निकाली जन जागरूकता रैली

पिपलिया मंडी। नशा-मुक्त मध्य प्रदेश अभियान के अंतर्गत पुलिस थाना पिपलियामंडी द्वारा संपूर्ण नगर में जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों छात्र-छात्राओं, पुलिस प्रशासन, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न

खण्डवा। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने उपस्थित सरपंच, सचिव, सीएमओ तथा वार्ड पार्षदों से कहा कि सभी नागरिकों को सूखा एवं गीला कचरा, प्लास्टिक तथा दवाइयां सभी अलग अलग डस्टबिन में डालने के लिए जागरूक एवं प्रेरित किया जाए। उन्होंने बैठक में निर्देश दिए कि प्रत्येक गांव तथा नगरों के वार्ड में इसके लिए वर्कशॉप का आयोजन किया जाए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में निर्देश दिए कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन लगाया जाए। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, अपर कलेक्टर श्रीमती सृष्टि देशमुख गौड़ा तथा आयुक्त नगर निगम श्रीमती प्रियंका राजावत सहित अन्य अधिकारी थे।

दांतों का उचित इलाज करने की बजाय कतिपय दंत चिकित्सक दे रहे हैं दर्द और कर रहे आर्थिक लूट

निर्धारित मापदंडों की अवहेलना पड़ रही है मरीजों पर भारी

ओम त्रिवेदी

रतलाम । रतलाम के अनेक गली मोहल्ले में खुल गए डेंटल क्लिनिक यानी दांतों के दवाखाने मरीज को सही उपचार नहीं देकर उनक दांतो जैसे महत्वपूर्ण अंग के साथ खुला खिलवाड़ कर रहे हैं ।शहर के अनेक कथित दांतों के डॉक्टरों द्वारा रूट कैनाल ,नए दांत लगाने, दांतों को निकालना, मसूड़े की सूजन ,पायरिया , फीलिंग जैसी कई बीमारियों में अधकचरा ज्ञान, अनुभव हीनता एवं प्रयोगात्मक कार्यों के कारण उचित उपचार करने की बजाय बीमारियों को बढ़ावा देकर उनके जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं।

हालत यह है कि स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासनिक जिम्मेदारों के पास दांत के दवाखानों में झांकने तक की फुर्सत नहीं है ।इन डेंटल क्लिनिको में अप्रशिक्षित स्टाफ, इलाज के लिए आवश्यक उपकरण एवं संसाधन का अभाव,तकनीकी प्रणाली की अज्ञानता आदि का कभी कोई निरीक्षण या कार्यवाही नहीं की जाती है ।

बताया जाता है कि कुछ दंत चिकित्सकों ने रूट केनाल करने के बाद मरीज के दांत में छेद कर अंदर के संक्रमित सड़े हुए पल्प को बाहर निकाल दिया उसके बाद किए छेद को विशेष सामग्री से भर भी दिया गया लेकिन मरीज जब लंबे समय तक दर्द से कराहता रहा तब पुनः फीलिंग को हटाकर देखा गया क तो पता चला की संक्रमित हिस्से को हटाने वाली धातु की फाइल जो कि दांत का एक उपकरण है का टुकड़ा टूट कर अंदर ही रह गया था जिसे निकाल कर फिर से रूट केनाल किया गया ।

इस प्रक्रिया में बीमार व्यक्ति को कई दिनों तक दर्द एवं आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। रूट कैनाल पश्चात लगाए जाने वाली केप में भी बहुत धांधली की जानकारी मिली है जिसमें चिकित्सक मनमाने रूप से हजारों रू. का मरीजो को चूना लगा रहे हैं। इन दातों के पर दवाखानों में स्थिति इतनी खराब है कि ब्लड प्रेशर एवं शुगर नापने की मशीने तक उपलब्ध नहीं है ।ऐसे में इससे ग्रसित मरीजों को अनेक मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

हस्तांतरित कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर नागरिकों में आक्रोश

जनसुनवाई में कलेक्टर को बताई समस्याएं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

नगर की नगरपालिका को हस्तांतरित कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर नागरिकों का आक्रोश सामने आया है। जनसुनवाई के दौरान नवकार गोल्ड, नवकार सिल्वर, नवकार टाउनशिप, पंचवटी और मनमोहन विहार कॉलोनियों के सैकड़ों निवासियों ने कलेक्टर अदिती गर्ग से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया और एक ज्ञापन सौंपा।

रहवासियों का कहना है कि इन स्वीकृत कॉलोनियों में एक हजार से अधिक परिवार निवास करते हैं और नियमित टैक्स देते हैं, फिर भी वे शुद्ध पेयजल और नियमित सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं।

ज्ञापन में संजीत रोड रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण की गंभीर खामियों पर भी ध्यान आकर्षित कराया गया। निवासियों ने बताया कि सर्विस रोड के ठीक बीच में बिजली के खंभे लगे होने के कारण एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड और स्कूल बसों की आवाजाही ठप हो जाती है। इसके अलावा कॉलोनियों के मुख्य मार्ग पर स्थित विद्युत डीपी से दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। क्षेत्रवासियों ने कलेक्टर से जल्द से जल्द पेयजल आपूर्ति बहाल करने, सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने और विद्युत पोल तथा डीपी को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की है। इस दौरान क्षेत्रवासी रविंद्र पाण्डेय, चंद्रशेखर द्विवेदी, रविंद्र शर्मा, बंसीलाल सेठिया, रघुवीर सिंह पवार, जिनेंद्र राठौर, पीयूष जैन, संदीप डांगी, रवि पाटीदार, वैभव जैन आदि उपस्थित थे।

रेस्टोरेंट पर नायब तहसीलदार द्वारा मारपीट गालियां देने के मामले में कोर्ट ने लिया संज्ञान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जावरा

तत्कालीन नायब तहसीलदार मृगेंद्र सिंह सिसोदिया द्वारा बड़ावदा स्थित रेस्टोरेंट में कथित रूप से मारपीट करने एवं अपमानजनक गलियां दिए जाने के वायरल मामले में न्यायालय ने नायब तहसीलदार के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत संज्ञान लेने का आदेश पारित किया। मामला 11 मई 2023 की शाम 4 बजे के लगभग बड़ावदा स्थित बालाजी रेस्टोरेंट पर फरियादी विनोद एवं विक्रम पिता अमर जी के साथ नायब तहसीलदार सिसोदिया(वर्तमान में तहसीलदार रामपुरा नीमच पदस्थ) द्वारा कथित रूप से पद एवं अधिकारी का दुरुपयोग करते हुए फरियादी को लात घुसो एवं चाय की केतली से मारपीट की गई। केतली से सर जैसे संवेदनशील अंग पर प्रहार किया गया तथा सार्वजनिक स्थल पर अश्लील व अपमानजनक गालियां भी दी गई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से वायरल हुआ था। फरियादी का कहना है की घटना का वीडियो सार्वजनिक होने के बावजूद पुलिस ने कोई अपराधिक प्रकरण दर्ज नहीं किया तो फरियादी ने अपने अधिवक्ताओं अनिल चतर एवं अर्पित चतर (एडवोकेट) के माध्यम से न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया। न्यायालय ने साक्ष्य कथनो दस्तावेजी साक्ष्य एवं उपलब्ध सामग्री का परीक्षण करने के उपरांत अभियुक्त के विरुद्ध संज्ञान लेने हेतु पर्याप्त आधार उपलब्ध है। न्यायालय ने माना है कि शरीर के संवेदनशील भाग्य पर प्रहार किया गया जो गंभीर कृत्य है ।इससे मृत्यु की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता ।इन तथ्यों के आधार पर न्यायालय ने परिवाद आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए अभियुक्त सिसोदिया के विरुद्ध धारा 324 ,323 एवं 294 के अंतर्गत संज्ञान लेने का आदेश पारित किया।

सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर हरसोल में विवाद

आदिवासी युवक ने घर पहुंचकर धमकी देने का लगाया आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलियामंडी

सोशल मीडिया पर की गई एक पोस्ट को लेकर हरसोल गांव में विवाद गहरा गया। गांव के आदिवासी युवक रमेश पिता सुमेरसिंह भील ने आरोप लगाया है कि उनकी सोशल मीडिया पोस्ट से नाराज होकर कुछ लोग देर रात उनके घर पहुंचे, गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी तथा भविष्य में इस प्रकार की पोस्ट नहीं करने की चेतावनी दी। मामले को लेकर मंगलवार को कांग्रेस नेताओं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने नारायणगढ़ थाने पहुंचकर प्रदर्शन किया और आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, हरसोल निवासी रमेश भील ने सोशल मीडिया पर दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट परीक्षा पेपर लीक, केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग तथा छात्रों के आंदोलन के दौरान पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज को लेकर एक पोस्ट साझा की थी। आरोपियों ने घर के बाहर गाली-गलौज शुरू कर दी और पूछा कि उसने इस प्रकार की पोस्ट क्यों डाली। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई।

आलोट में पदस्थ महिला पटवारी संदिग्ध परिस्थितियों में गायब, गुमशुदगी दर्ज; तलाश में जुटी पुलिस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम/आलोट

रतलाम जिले के आलोट तहसील में पदस्थ एक 30 वर्षीय महिला पटवारी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई हैं। स्वजनों की शिकायत पर आलोट थाना पुलिस ने मंगलवार को गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है और पुलिस टीमें उनकी तलाश में जुट गई हैं।भौगोलिक संदर्भ

जानकारी के अनुसार, बड़वानी की रहने वाली महिला पटवारी दीपिका झीरले आलोट के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में किराए के मकान में रहती हैं। सोमवार शाम को वे स्थानीय स्तर पर एक प्रशासनिक बैठक में शामिल हुई थीं, जिसके बाद अपने निवास पर पहुंचीं। देर रात तक जब उनसे संपर्क नहीं हो पाया और फोन बंद आने लगा, तो साथ रहने वाली अन्य पटवारी एवं स्वजनों को अनहोनी की आशंका हुई। परिजन इंदौर से तुरंत आलोट पहुंचे और पुलिस को सूचित किया।

सूत्रों के मुताबिक, गायब होने के पीछे धार जिले के रहने वाले एक पुराने पुरुष मित्र का नाम सामने आ रहा है। बताया जा रहा है कि वह रात में आलोट आया था और कुछ लोगों ने आशंका जताई है कि वह महिला पटवारी को जबरन साथ ले गया है। हालांकि, पुलिस ने इस बात की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। महिला पटवारी का मोबाइल लगातार स्विच ऑफ आ रहा है।

मामले की जानकारी देते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल ने बताया कि ?"यह हमारे आलोट डिवीजन की बात है। वहां परिजनों ने सूचना दी थी कि उनकी बेटी जो पटवारी है, वह गुम हो गई है। जिसके संबंध में हमने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। परिजनों ने जिन-जिन के साथ जाना बताया है, उनके संबंध में हमने टीम रवाना कर दी है और वैधानिक कार्रवाई कर रहे हैं। उनके मिलने पर जैसे उनके कथन होंगे, उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।" अपहरण या किडनैपिंग की आशंका पर उन्होंने आगे कहा कि "अभी इन सभी पहलुओं की हम जांच कर रहे हैं। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।"

महाकाल की तर्ज पर भगवान पशुपतिनाथ की शयन आरती दीपक की ज्योति से होगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

आगामी श्रावण मास के दौरान श्री पशुपतिनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुगम दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में प्रबंध समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, एएसपी टीएस बघेल सहित समिति सदस्य व अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि मंदिर का समय प्रातः 5 बजे से रात्रि 11 बजे तक रहेगा। अत्यधिक भीड़ वाले दिनों जैसे रविवार, सोमवार, हरियाली अमावस्या और नागपंचमी पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से गर्भगृह में प्रवेश बंद रहेगा और श्रद्धालु बाहर से ही दर्शन कर सकेंगे। इस बार महाकाल की तर्ज पर भगवान की शयन आरती दीपक की ज्योति से करने पर भी सहमति बनी। बैठक में यह भी तय किया गया कि मनोकामना अभिषेक और अन्य धार्मिक अनुष्ठान निर्धारित स्थलों पर ही संपन्न कराए जाएंगे। श्रद्धालुओं के लिए पशुपतिनाथ अतिथि गृह और विश्रामगृह में रुकने की उत्तम व्यवस्था रहेगी। इसके अलावा शिवना नदी घाट की सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, निरंतर विद्युत आपूर्ति, प्राथमिक चिकित्सा सुविधा और पार्किंग के कड़े इंतजाम किए जाएंगे।

कालिदास प्रसंग का शुभारंभ, महाकवि का साहित्य विश्व को करता है आलोकित

मन्दसौर। कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन और मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद के संयुक्त तत्वावधान में कुशाभाऊ ठाकरे प्रेक्षागृह में तीन दिवसीय च्कालिदास प्रसंगज का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम से पूर्व भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर में कलश पूजन कर महावीर द्वार से कॉलेज परिसर तक एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेट्स और गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया। शुभारंभ सत्र में सारस्वत अतिथि प्रो. श्वेता जेजुरीकर ने महाकवि कालिदास को प्राचीन भारत का महान भूगोलवेत्ता बताते हुए कहा कि उनके साहित्य में धर्म, अध्यात्म, पर्यावरण और संस्कृति का अद्भुत समावेश है, जो हर काल में प्रासंगिक रहेगा। समारोह की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार ने कहा कि कालिदास के मेघदूत और अभिज्ञान शाकुंतलम जैसे ग्रंथ भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा के प्रतीक हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने गर्व व्यक्त किया कि कालिदास का संबंध प्राचीन दशपुर यानी मंदसौर से भी रहा है।

कलेक्टर ने जनसुनवाई में 117 आवेदकों की सुनी समस्याएं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 117 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक आवेदन का त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जनसुनवाई के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव,अपर कलेक्टर श्री बी.एस. कलेश सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में धोकलखेड़ा के कवरलाल ने शॉर्ट सर्किट से आग लगने के कारण फसल नुकसान का मुआवजा दिलाने, नयागांव के सत्तू धाकड़ ने गौचर भूमि एवं नाले पर हुए अतिक्रमण को हटवाने, हरकियाखाल के गजेंद्र कुमार ने निजी भूमि पर जबरन रास्ता निकालने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा दुधलाई की रुकमणबाई ने अपनी भूमि पर कब्जा एवं विवाद उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया।

इसी प्रकार आरबीएस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, नीमच के छात्र पुष्कर अहिरवार ने लंबित छात्रवृत्ति स्वीकृत कराने, बघाना के यूनुस कुरैशी ने पुत्र द्वारा प्रताड़ित कर घर से निकालने के मामले में कार्रवाई करने तथा कंजार्डा की अन्नुबाई ने अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

बरथून के अनिरुद्ध बैरागी ने न्यायालय के आदेश की अवहेलना कर मंदिर भूमि पर पुनः अतिक्रमण किए जाने, देवरी पड़दा के प्रहलाद सिंह बंजारा ने सरपंच पुत्र के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा स्कीम क्रमांक-9, नीमच की मीना सोलंकी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास स्वीकृत कराने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किए।इसके अतिरिक्त आंत्री बुजुर्ग के ओमप्रकाश, हरकियाखाल के गजेंद्र कुमावत, जाट के मोहम्मद मुबारिक, नीमच केंट के ख्यालीराम, नीमच सिटी के दिलीप कुमार, नयागांव के दिनेश एवं राजू धाकड़, नीमच के अनुराग जोशी, कुकड़ेश्वर की ललिता तंबोली, कंजार्डा के मदनलाल सहित अन्य आवेदकों ने भी अपनी विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

न्यूज कालम

लायंस क्लब ने स्कूल बैग और पाठ्य सामग्री का वितरण किया

मन्दसौर। लायंस क्लब डायनामिक द्वारा नूतन विद्यालय मंदसौर के 30 जरूरतमंद बच्चों को स्कूल बैग प्रदान किये गये तथा ग्राम अलावदाखेड़ी के 65 बच्चों को शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही आंगनवाड़ी के 32 बच्चों को पौष्टिक स्वल्पाहार का वितरण किया। क्लब अध्यक्ष सुमित्रा चौधरी ने कहा बच्चे जीवन में ऊँचा लक्ष्य बनाए व उसे पूरा करने के लिए पूरी मेहनत करे। अच्छे संस्कार व ईमानदारी से की गई कोशिश हमेशा श्रेष्ठ परिणाम देती है। क्लब की पूर्व अध्यक्ष चित्रा मंडलोई ने बच्चों को गुडटच व बेड टच के बारे में बताया तथा अपनी रक्षा स्वयं करने के बारे में समझाया। इस अवसर पर क्लब सचिव रीता पारीख, प्रोजेक्ट चेयरमेन पुष्पा चेलावत, सुषमा नाहटा, सुशीला नाहटा, चंद्रकांता पुराणिक, सुशीला गोधा, नीलम जैसवानी, मनीषा मंडवारिया, नीता सोलंकी आदि क्लब सदस्याएं उपस्थित थी।

नगर के विभिन्न शक्ति केंद्र प्रभारियो का किया मनोनयन

जावरा। भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय विधायक डॉ राजेन्द्र पाण्डेय, मंडल प्रभारी जिला महामंत्री जयवंत कोठारी कि सहमति से नगर मंडल अध्यक्ष ने जावरा नगर मंडल के 10 शक्ति केन्द्र प्रभारीयों की घोषणा सर्वानुमति से की मीडिया प्रभारी संदीप राँका ने बताया कि शक्ति केन्द्र क्रंमाक 1 मठ मन्दिर शक्ति केन्द्र प्रभारी सुरेश पोरवाल, शक्ति केन्द्र क्रंमाक 2 नाना साहब बाग प्रभारी राजेश शर्मा ,शक्ति केन्द्र क्रंमाक, 3 ताल नाका शक्ति केन्द्र प्रभारी नंदकिशोर महावार, शक्ति केन्द्र क्रंमाक 4 शीतला माता शक्ति केंद्र प्रभारी मनोहर पांचाल, शक्ति प्रभारी केन्द्र क्रंमाक 5 पीपली बाजार शक्ति केंद्र प्रभारी सुरेश चौरडिया, शक्ति केन्द्र क्रंमाक 6 सोमवारीया शक्ति केंद्र प्रभारी अनिल धारीवाल, शक्ति केन्द्र क्रंमाक 7 सुतारी पुरा शक्ति केंद्र प्रभारी प्रांजल पांडेय, शक्ति केन्द्र क्रंमाक 8 जेल रोड शक्ति केंद्र प्रभारी आसिफ मिर्जा, शक्ति केन्द्र क्रंमाक 9 श्री केला माता शक्ति केंद्र प्रभारी प्रमोद रावल, शक्ति केन्द्र क्रंमाक 10 श्री दुर्गा माता शक्ति केंद्र प्रभारी महेश सोनी को नियुक्त किया गया।

जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत पर भूमि से अतिक्रमण हटाकर मार्ग कराया सुगम

नीमच,। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निदेर्शानुसार जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण की दिशा में कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में जनसुनवाई के दौरान प्राप्त एक शिकायत पर राजस्व विभाग द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए शासकीय भूमि पर किए गए कब्जे को पूर्णतः हटवा दिया गया। शिकायतकर्ता द्वारा आवेदन में नीमच सिटी स्थित माधवगंज मोहल्ले में शासकीय मंदिर एवं चरागाह की भूमि पर अतिक्रमण कर खेत तक आने-जाने का मार्ग अवरुद्ध किए जाने की शिकायत की गई थी। शिकायत प्राप्त होते ही राजस्व अमले द्वारा मौके का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान शासकीय भूमि से अतिक्रमण पूरी तरह हटाकर भूमि को समतल कराया गया, जिससे शिकायतकर्ता सहित आमजन के आवागमन का मार्ग पुनः सुगम हो गया।कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से परीक्षण कर समयबद्ध एवं निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है, ताकि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके।

पुलिस ने कार से 41 किलो डोडाचुरा सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

नीमच। मध्यप्रदेश शासन व पुलिस मुख्यालय के निदेर्शानुसार प्रदेश स्तर पर चलाये जा रहे नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत पुलिस अधीक्षक नीमच श्री राजेश व्यास के कुशल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति हेमलता अग्रवाल व अनुविभागीय अधिकारी मनासा श्रीमति शाबेरा अंसारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मनासा निलेश अवस्थी के नेतृत्व में पुलिस टीम मनासा ने एसप्रेसो कार मे तस्करी करते एक आरोपी पप्पुलाल पिता छगनलाल गेहलोत जाति नाई निवासी बोरखेड़ी पाणेरी थाना नीमच सिटी के कब्जे से 41 किलो 200 ग्राम अवेध मादक पदार्थ डोडाचुरा जप्त कर अपराध पंजीबद्ध किया जिसमे आरोपी से अन्य साथी आरोपीयो के संबंध मे पुछताछ की जा रही है । दिनांक 20 जुलाई को मुखबीर सुचना के आधार पर डिकेन वाले भेरू बावजी अखेपुर बावडा फंटा पर नाकाबंदी कर सफेद रंग की एसप्रेसो कार मे आरोपी पप्पुलाल पिता छगनलाल गेहलोत जाति नाई निवासी बोरखेड़ी पाणेरी थाना नीमच सिटी के कब्जे से 41 किलो 200 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया।

डेफोडिल्स स्मार्ट स्कूल के बच्चों ने जनपद पंचायत परिसर में किया पौधारोपण

पिपलिया मंडी। पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से डेफोडिल्स स्मार्ट स्कूल द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले वृक्षारोपण अभियान के तहत इस वर्ष भी जनपद पंचायत प्रांगण में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक पौधे लगाए और उनकी देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। अतिथियों ने बच्चों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संदेश देते हुए कहा कि वृक्ष ही जीवन का आधार हैं और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए हर व्यक्ति को पौधरोपण में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय के संस्थापक रूपचंद होतवानी, कन्हैयालाल पाटीदार (अध्यक्ष प्रतिनिधि), आशीष विजयवर्गीय (भाजपा मंडल अध्यक्ष), जनपद पंचायत सीईओ, राधेश्याम प्रजापति (उपाध्यक्ष, नगर परिषद), पत्रकार संदीप विजयवर्गीय सहित विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

सीसीटीवी कैमरों की मदद से बस में बैग चोरी के मामले में खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

ब्यावरा। राजगढ़ जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने एवं ऑपरेशन चक्षु के तहत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन, थाना प्रभारी सारंगपुर उप निरीक्षक राहुल रघुवंशी के नेतृत्व में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए बस से बैग चोरी की घटना का खुलासा किया। ऑपरेशन चक्षु के अंतर्गत नगर में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों एवं अन्य तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया तथा चोरी गया लगभग 62,000 मूल्य कामाल बरामद किया। फरियादिया पूजा गोस्वामी पति दिनेश गोस्वामी 28 वर्ष, निवासी ग्राम ककरकड़िया, थाना नलखेड़ा, जिला आगर मालवा बस स्टैंड सारंगपुर से बस में यात्रा कर रही थीं। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनका बैग चोरी कर लिया गया। बैग में लगभग 562 ग्राम चांदी की पायल, चांदी का कमरबंद, एक मोबाइल फोन, दो साड़ियां एवं अन्य कपड़े रखे हुए थे।तकनीकी विश्लेषण एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी करना स्वीकार किया, जिसके कब्जे से चोरी गया माल बरामद किया गया। आरोपी रमेश पिता कन्हैयालाल धाकड़ 40 वर्ष, निवासी ग्राम लसूड़िया धाकड़, थाना खुजनेर, जिला राजगढ़ को गिरफ्तार कर लगभग 562 ग्राम चांदी की पायल एवं कमरबंद एक मोबाइल फोन दो साड़ियां एवं अन्य कपड़े कुल माल लगभग 62,000 मूल्य का जप्त किया।

आंचलिक पत्रकार संघ की ब्लॉक इकाई घोषित, शाक्य अध्यक्ष तथा दायमा बने सचिव

महिदपुर रोड। आंचलिक पत्रकार संघ के प्रांतीय अध्यक्ष रमेश टांक, प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश गौड एवं संभाग अध्यक्ष व प्रदेश प्रवक्ता रामचंद्र

गिरी की सहमति से तथा संभाग उपाध्यक्ष दिनेश मंडोवरा, संभागीय मीडिया प्रभारी गोपाल उपाध्याय एवं जिला उपाध्यक्ष प्रकाश जैन के मार्गदर्शन में उज्जैन जिला अध्यक्ष सुनील जैन (रामसना) द्वारा महिदपुर रोड ब्लॉक इकाई का गठन कर दिया गया है। नवगठित कार्यकारिणी में योगेन्द्र सिंह शाक्य को अध्यक्ष, प्रकाश शर्मा को उपाध्यक्ष, राकेश दायमा को सचिव, बसंत जैन को कोषाध्यक्ष, अर्जुन शर्मा को प्रवक्ता तथा रजनीत आंजना को कानूनी सलाहकार की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा प्रह्लाद राठौर, मांगीलाल सोलंकी , सुनील दातिया, महेंद्र जाट, वैभव सूर्य वंशी, जितेन्द्र जायसवाल, लखन वर्मा, एवं योगेश जैन को सदस्य के रूप में कार्यकारिणी में शामिल किया गया है।

गो सम्मान आह्वान अभियान के समर्थन में अभिभाषक संघ पदाधिकारियों ने किए हस्ताक्षर

सुसनेर। गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत सोमवार को स्थानीय न्यायालय परिसर में अभिभाषक संघ के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने अभियान के समर्थन में हस्ताक्षर किए।इस दौरान अधिवक्ताओं ने गो माता को राष्ट्रमाता घोषित किए जाने की मांग का समर्थन करते हुए अभियान से जुड़ने का संकल्प भी लिया। अभियान से जुड़ी तहसील प्रभारी वर्षा राठौर ने अधिवक्ताओं को अभियान के उद्देश्य की जानकारी देते हुए बताया कि देशभर में जनसमर्थन जुटाने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं नागरिक संगठनों से भी समर्थन लिया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि अभियान के अंतर्गत एकत्रित हस्ताक्षरों के साथ आगामी 27 जुलाई को जिला कलेक्टर को गो माता को राष्ट्रमाता घोषित किए जाने की मांग संबंधी प्रार्थना पत्र सौंपा जाएगा। कार्यक्रम के दौरान अभिभाषक संघ के सदस्यों ने अभियान का समर्थन करते हुए अधिक से अधिक लोगों से इसमें सहभागी बनने की अपील की।

महिदपुर न.पा. में 6 एल्डरमेन नियुक्त

महिदपुर। महिदपुर न.पा. में न.पा. के निर्वाचन के 4 वर्षो बाद 6 एल्डरमेनों की नियुक्ति राज्य शासन ने की है। एल्डरमेनों का कार्यकाल नये न.पा. निर्वाचन तक रहेगा अर्थात मुशकील से 12-14 महिनों का कार्यकाल रहेगा। नियुक्त एल्डरमेनो में सुधीर मूणत पूर्व में जिला व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रह चुके है। कमल राठी पूर्व पार्षद व पूर्व मण्डल अध्यक्ष रहे है। श्रीमती नूतन मिश्रा भाजपा महिला मोर्चे की अध्यक्ष रह चुकी है, पेंशनर संघ के अध्यक्ष शिक्षाविद् आर.सी. मिश्रा की पुत्रवधू है। कैलाश सिसौदिया पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष रह चुके है और पूर्व विधायक स्व. नाथूलाल सिसौदिया के पुत्र है। देवेन्द्र उद्धव भाजपा के महामंत्री पद पर रहे और न.पा. पार्षद रह चुके है। राधेश्याम नरवरिया वार्ड क्र. 3 के शक्ति केन्द्र के प्रभारी के साथ अनुसूचित जाति वर्ग के सक्रिय कार्यकर्ता है। नवनियुक्त एल्डरमेनों का भाजपा कार्यकताओं, पदाधिकारियो ने स्वागत कर बधाई दी और शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

बघेरा में सुने मकान में हुई लाखो की चोरी

तराना। तहसील मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम बघेरा में दिनदहाड़े सुने मकान में लाखों की चोरी हो गई है।घटना रविवार की है। फरियादी धर्मेंद्र पिता शिवनारायण सोलंकी ने तराना थाने में एफआईआर दर्ज कराई। करीब 8 सदस्यों का परिवार है। फरियादी ने बताया कि रविवार करीब 11 बजे सभी ग्राम बिसनखेड़ा में मेरी बहन के घर मांगलिग कार्यक्रम में गए थे।घर पर कोई नही था। कमरे में ताले लगे हुए थे। शाम 5:30 बजे वापस आए तो देखा हाल के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था।घर के दरवाजे का पटिया टूटा होकर छेट था। कमरो में सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ था। गोदरेज के अंदर रखे चांदी के आभूषण नगदी 40 हजार रुपए अन्य कमरे मे 15 हजार रुपये नगदी व गुल्लक लोहे की जिसमें 500 के नोट रखे हुए थे जो नही मिले।फरियादी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया है। फरियादी के पिता सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी है।फरियादी किसान भी है।मामले की जांच कर रहे एस आई हरिराम हगोरिया ने बताया कि पुलिस दल द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया है। मोके पर फिंगर प्रिंट टीम द्वारा गोदरेज,बॉक्स आदि पर से फिंगर प्रिंट लिए गए है। साथ सायबर सेल की टीम भी मौके पर आई थी। मामले जाच चल रही है।

आस्था के साथ स्वच्छता का संदेश

रथ यात्रा के चंद घंटों में चमक उठा पूरा मार्ग, नपा ने चरितार्थ किया 'स्वच्छता भी सेवा' का संकल्प

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा



भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा की भव्य रथ यात्रा के उपरांत नगर पालिका परिषद नागदा ने सेवा, समर्पण और स्वच्छता का ऐसा अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसने धार्मिक आयोजन को सामाजिक संदेश से भी जोड़ दिया। श्रद्धालुओं द्वारा भगवान के स्वागत में मार्ग पर पुष्पवर्षा, मालाएं, पानी पाउच, खाली शीतल पेय बोतल, रिक्त कोल्ड्रिंक बॉक्स एवं अन्य सामग्री वितरण किए जाने के बाद रथ यात्रा में सम्मिलित कचरा संग्रहण वाहन के द्वारा स्वच्छता का समर्थन के साथ, यात्रा के बाद स्वागत फूलों से पटी सड़कों को नगर पालिका की स्वच्छता टीम ने तत्परता दिखाते हुए पूरे यात्रा मार्ग को कुछ ही समय में पुनः स्वच्छ एवं व्यवस्थित बना दिया।

रविवार को कृषि उपज मंडी परिसर से प्रारंभ हुई रथ यात्रा पुलिस थाना चौराहा, महात्मा गांधी मार्ग, जवाहर मार्ग एवं महिदपुर रोड होते हुए ज्योति श्री गार्डन पहुंची। यात्रा के दौरान नगरवासियों ने भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। पूरा नगर जय जगन्नाथ के जयघोष, शंखनाद, ढोल-ताशों एवं भक्ति संगीत से भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। इंद्रदेव ने भी हल्की वर्षा कर मानो भगवान का जलाभिषेक किया, वहीं नगर पालिका द्वारा टैंकरों से जल छिड़काव कर श्रद्धालुओं को स्वच्छ, शीतल एवं पवित्र वातावरण उपलब्ध कराया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती संतोष ओ.पी. गेहलोत के निर्देशन तथा अध्यक्ष प्रतिनिधि ओ.पी. गेहलोत एवं सभापति श्रीमती बबीता रघुवंशी की सतत मॉनिटरिंग में सफाई अमला पूरे समय रथ के साथ चलता रहा। जहां-जहां श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प, मालाएं एवं अन्य पूजन सामग्री अर्पित की गई, वहां तत्काल सफाई कर मार्ग को पुनः स्वच्छ बना दिया गया। इस त्वरित स्वच्छता व्यवस्था की नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं ने मुक्त कंठ से सराहना की।

रथ यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व भी नगर पालिका द्वारा संपूर्ण मार्ग की विशेष सफाई, नालियों की सफाई, आवारा पशुओं पर नियंत्रण, यातायात व्यवस्था तथा जल छिड़काव जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। रथ के आगे स्वर्णिम झाड़ू के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया, वहीं यात्रा के दौरान कचरा संग्रहण वाहन भी लगातार संचालित रहे। इससे श्रद्धालुओं को यह प्रेरणा मिली कि धार्मिक आस्था के साथ स्वच्छता भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

नगर पालिका परिषद एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान के नेतृत्व में नगर में आयोजित हुए इस आयोजन में प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, सफाई कर्मियों एवं नागरिकों के समन्वय ने रथ यात्रा को अनुशासित, स्वच्छ एवं ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री सुल्तान सिंह शेखावत, मंडल अध्यक्ष विजय पटेल, प्रकाश जैन, गोवर्धन परिहार, अध्यक्ष प्रतिनिधि ओ.पी. गेहलोत, सभापति बबीता रघुवंशी, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

आयोजन समिति की ओर से मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने बताया रथ यात्रा आयोजन समिति द्वारा ज्योति श्री गार्डन स्थित रथ यात्रा विराम स्थल पर इस्कॉन नागदा - उज्जैन कोऑर्डिनेटर श्रीधीर गौर प्रभु जी सहित आयोजन की अगवानी कर रहे, मुकेश डोडिया, राकेश यादव, बृजेश शुक्ला, डॉ अनंत शर्मा द्वारा नगर पालिका प्रशासन, सफाई कर्मियों, जनप्रतिनिधियों एवं समस्त नगरवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस वर्ष का आयोजन केवल धार्मिक उत्सव नहीं रहा, बल्कि स्वच्छता भी सेवा के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने वाला प्रेरणादायी अभियान बन गया।

धर्म, सेवा और स्वच्छता एक-दूसरे के पूरक

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती संतोष ओ.पी. गेहलोत ने बताया धर्म, सेवा और स्वच्छता एक-दूसरे के पूरक हैं। नगर पालिका भविष्य में भी प्रत्येक धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन में इसी प्रकार उत्कृष्ट व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेगी। उन्होंने नगरवासियों से स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल नगर पालिका का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से ही स्वच्छ, सुंदर और संस्कारित नागदा का निर्माण संभव है।

पीएमश्री में छात्रा कैबिनेट का गठन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना

पी.एम. श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सत्र 2026झ27 के लिए छात्रा कैबिनेट का गठन लोकतांत्रिक एवं पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से सम्पन्न हुआ। छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, उत्तरदायित्व एवं सेवा भावना के विकास के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर छात्राओं का चयन किया गया। अध्यक्ष दिव्यांशी कुमावत, उपाध्यक्ष झ्र हर्षिता चौहान, एवं गौरी वैष्णव,सचिव जीनत खान,सांस्कृतिक एवं संगीत सचिव रानू वर्मा,अनुशासन सचिव आयशा शेख पर्यावरण सचिव कविता मालवीय एवं युविका विज्ञान सचिव पूनम बडाल, अन्हा खान क्रीड़ा सचिव रानू सोलंकी रेडक्रास, एवं स्काउट सचिव पायल मालवीय विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार गेहलोत ने सभी नवनिर्वाचित छात्रा कैबिनेट सदस्यों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि छात्रा कैबिनेट विद्यालय में अनुशासन, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, खेल, विज्ञान एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रभावी संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया।

एल्डरमैन नियुक्ति पर भाजपा मंडल ने दी बधाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

नगर परिषद में एल्डरमैन नियुक्त किए जाने पर भारतीय जनता पार्टी मंडल सुसनेर ने नव-नियुक्त एल्डरमैनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। भाजपा मंडल की ओर से जारी बधाई संदेश में श्रीमती डाली बाई गर्ग, सुरेन्द्र सिंह लखावत, अंशुल जैन एवं दुलारसिंह गुर्जर को एल्डरमैन नियुक्त होने पर शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। भाजपा मंडल ने अपने संदेश में कहा कि सभी नव-नियुक्त एल्डरमैन नगर के विकास एवं जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। मंडल ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके अनुभव और सहयोग से नगर परिषद क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी तथा आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर भाजपा मंडल सुसनेर के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने सभी नव-नियुक्त एल्डरमैनों के उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी।

राष्ट्र निर्माण में सहभागिता विषय पर सम्मेलन

शिक्षा से एकता एवं राष्ट्र निर्माण से समृद्ध भारत का निर्माण

अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़।

राजगढ़ जिले के सीका स्थित मदरसा अहिया-उल-उलूम में मदरसा ओरिएंटेशन एवं राष्ट्र निर्माण में सहभागिता विषय पर एक महत्वपूर्ण सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मदरसों में आधुनिक शिक्षा, विधिक जागरूकता, सामाजिक समरसता तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उज्जैन के इंजीनियर सरफराज कुरैशी , कार्यक्रम की अध्यक्षता जनाब मुफ़्ती अब्दुल हकीम बैग ने की। सारंगपुर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद अली विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

सम्मेलन के मुख्य वक्ता एवं शिक्षाविद् जनाब इरशाद अली ने मदरसों के आधुनिकीकरण तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के दौर में एक हाथ में कुरआन और एक हाथ में कंप्यूटर समय की आवश्यकता है, जिससे धार्मिक शिक्षा के साथ आधुनिक ज्ञान का समन्वय स्थापित हो सके। वरिष्ठ अधिवक्ता इरशाद खान, राजगढ़ ने विधिक साक्षरता पर अपने विचार रखते हुए संविधान, नागरिक अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, साइबर अपराधों से बचाव तथा दैनिक जीवन में कानूनी जागरूकता के महत्व पर भी उपयोगी मार्गदर्शन दिया। नईम खान, पी.एस.सी. कोच ने मदरसे के विद्यार्थियों को आधुनिक अध्ययन तकनीकों, प्रतियोगी परीक्षाओं तथा सिविल सेवाओं में उपलब्ध अवसरों की जानकारी देते हुए उन्हें उच्च शिक्षा एवं प्रशासनिक सेवाओं में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि इंजीनियर सरफराज कुरैशी ने जकात के प्रभावी एवं रचनात्मक उपयोग, शिक्षा के क्षेत्र में उसके योगदान तथा सामाजिक समरसता और भाईचारे को सुदृढ़ करने पर अपने विचार व्यक्त किए।

खेत की मेढ़ को लेकर विवाद में फावड़े-दराते से दो पक्षों में मारपीट

पुलिस ने दोनों पक्षों पर किया मामला दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

तहसील के ग्राम अमला में दो पक्षों में खेत की मेढ़ पर खंभे लगाने को लेकर विवाद हो गया। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के विरुद्ध मारपीट का प्रकरण दर्ज कर जांच कर रही है। थाना प्रभारी कमलेश सिंगार ने बताया कि ग्राम अमला में भैरूलाल निनामा एवं शंकरलाल यादव के खेत है। सोमवार दोपहर भैरूलाल भील अपनी पत्नी तेजुबाई और बहू रेखाबाई के साथ खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान मेढ़ पर पोल लगाने की बात पर शंकरलाल यादव एवं हरिओम यादव से विवाद हो गया। विवाद के चलते बताया जा रहा है कि फावड़े और दराते से मारपीट हुई जिसमें दोनों पक्षों को चोटें आई। पुलिस ने शंकरलाल की रिपोर्ट पर भेरुलाल पत्नी तेजुबाई और बहु रेखाबाई एवं भेरुलाल निनामा की रिपोर्ट पर शंकरलाल एवं पुत्र हरिओम के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

दशनामी दत्त सेना की प्रदेश स्तरीय बैठक संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

दशनामी दत्त सेना संगठन की प्रदेश स्तरीय बैठक रविवार को शुभ रत्न गार्डन इंगोरिया में संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दत्त सेना के संरक्षक श्री 1008 स्वामी महामंडलेश्वर आनंद गिरि महाराज थे। संगठन के प्रमुख ईश्वर गिरी नागवाडी व देवपुरी गोस्वामी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूवात श्री महामंडलेश्वर और समाज के 20 मंडल महंतो ने भगवान दत्तात्रेय की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलित कर की। इसके पश्चात स्वामी महामंडलेश्वर का स्वागत ईश्वर गिरी एवं सभी मंडलों के महंतों द्वारा किया गया। श्रीमहामंडलेश्वर ने अपने उदबोधन में कहा कि समाज के समाधि स्थलों को अतिक्रमण मुक्त एवं मठ मंदिरों की भूमि को सरकारी कारण से मुक्त करने के लिए सभी समाज बंधुओ को दत्त सेना के संगठन से जुड़ना आवश्यक है।

जेपीएस के छात्र प्रणय का जीईई के माध्यम से आईआईटी खड़गपुर में प्रवेश

बड़नगर। जेजीआई ग्रुप बैंगलोर द्वारा संचालित जैन पब्लिक स्कूल , बड़नगर (ढोलाना)शिक्षण नवाचार के साथ-साथ विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के संदर्भ में भी मार्गदर्शन देकर स्वर्णिम भविष्य के अवसर प्रदान करता है ।इसी तारतम्य में संस्था के छात्र प्रणय अखिलेश यादव , लोहाना का जेईई के माध्यम से आईआईटी खड़गपुर में इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्यूनिकेशन ब्रांच में प्रवेश हुआ है । छात्र ने उक्त प्रतियोगी परीक्षा में ऑल इंडिया स्तर पर 3511वीं रैंक प्राप्त की है । यह ज्ञातव्य हो कि प्रणय कक्षा नर्सरी से12वीं तक संस्था का नियमित छात्र रहा है और कक्षा 12 वीं में भी शीर्ष स्थान पर रहा था ।छात्र की इस उपलब्धि पर संस्था निदेशक अंकित वोहरा ,मैंनेजिंग ट्रस्टी अभय टोंग्या , ट्रस्टी सुशील गोलेचा , सुभाष वोहरा एवं संस्था प्राचार्या सपना बेस्टीयन ने शुभकामनाएं व बधाई प्रेषित की है। यह ज्ञातव्य हो कि छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं के संदर्भ में संस्था के वरिष्ठ शिक्षक संदीप कुमार से मार्गदर्शन प्राप्त कर रहा था । छात्र की इस उपलब्धि पर संस्था में हर्ष का माहौल व्याप्त है । उक्त आशय की जानकारी शिक्षक इंद्रजीत उपाध्याय द्वारा प्रदान की गई ।

नीट सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में हो रही धांधलियों पर रोक लगाने, पेपर लीक के दोषियों पर उचित कार्यवाही करने

सोनम वांगचुक के आंदोलन के समर्थन में राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को दिया ज्ञापन

अवन्तिका ▸▸ राजगढ़-ब्यावरा।

नीट सहित तमाम प्रतियोगी परीक्षाओं में हो रही धांधलियों पर रोक लगाने, पेपर लीक के दोषियों पर उचित कार्यवाही करने, एनटीए रद्द करने व वैज्ञानिक सोनम वांगचुक के शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक आंदोलन के समर्थन में राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार पचोर को आम नागरिकों,छात्रों द्वारा ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में बताया कि हाल ही में नीट व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार धांधलियों ने देश के आम छात्रों की मेहनत और उनके भविष्य को बर्बाद करने का काम किया है। आम गरीब छात्र बड़ी मुश्किल से कोचिंग संस्थानों की महंगी फीस भरकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। मां बाप नौकरी की बड़ी उम्मीद से अपने बच्चों को लाखों रुपए खर्च करके पढ़ाते है। ऐसे में पेपर लीक होना और आम छात्रों की नौकरियों को खरीद फरोख्त कर किसी दूसरे को मिल जाना लोकतांत्रिक देश में आम छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। आज लाखों पद नौकरियों के लिए खाली पड़े है, इन पर भर्ती करने की बजाय सरकार नौकरी देने के नाम पर हर बार करोड़ों रूपए की कमाई कर रही है। एनटीए जैसी प्रतिबंधित एजेंसी से मेडिकल जैसी परीक्षाएं आयोजित कराना देश की चिकित्सा व्यवस्था को खतरे में डालने जैसा है।

भविष्य को बर्बाद होने से बचाने के लिए आंदोलन

अपने भविष्य को बर्बाद होने से बचाने के लिए देश के छात्र नौजवान आंदोलनरत हैं। दिल्ली में सोनम वांगचुक द्वारा आमरण अनशन किया जा रहा है। ऐसे एक माहौल में जब सरकार की जवाबदारी थी कि वह छात्रों से बात करें उनकी समस्या को सुने और उसका समाधान निकाले। ऐसा ना करके सरकार उल्टे तानाशाही पूर्ण ढंग से आंदोलन को दबाने का प्रयास कर रही है जो कि पूरी तरह से अलोकतांत्रिक है।

एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत में पौधारोपण

महिदपुर। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शा.पशु चिकित्सालय महिदपुर में नीम, रातरानी, गुलमोहर व चमेली के पौधों का पौधारोपण किया गया । इस अवसर पर डॉ अरविन्द मथानियां, डॉ उदयवीर माहौर, हुकमीचंद माली, अनंत दावरे, मनोहर माली, सरस्वती सिसोदिया, विकास माली, जसवंत सिंह, राहुलसिंह आदि उपस्थित थे।

व्यास विशेष प्रशिक्षण के लिए जर्मनी रवाना

महिदपुर। महिदपुर के वरिष्ठ अध्यापक एवं अध्यापिका दुगार्शंकर रेखा व्यास के सुपुत्र अंकित व्यास का चयन अंतरराष्ट्रीय वागो कंपनी ने सैकड़ों अभियान्त्रियों की दौड़ में से करके उन्हें उच्च स्तरीय अंतरराष्ट्रीय विशेष प्रशिक्षण के लिए स्वयं के व्यय पर जर्मनी भेजा गया है। अंकित विगत कई वर्षों से पुणे में कार्यरत थे। अंकित की इस उपलब्धि पर स्वजन, परिजन ,मित्र, क्षेत्रवासी एवं शिक्षा क्षेत्र की इकाइयों ने हर्ष व्यक्त कर बधाईया दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पोरवाल समाज महिला मंडलद्वारा पौधारोपण

महिदपुर रोड। एक पेड़ समाज के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण समारोह में स्वर्गीय अशोक काला ताल की पुण्य स्मृति में विभिन्न प्रकार के 30 से अधिक प्रजाति के पौधे पहुंचायें गये। जिसे पोरवाल समाज की कल्लू खेड़ी गांव में स्थित कृषि भूमि के पास भेरू महाराज सती माता को स्वर्गीय अशोक काला ताल के परिवार की ओऔर से चोला चढ़ाने के पश्चात उनके छोटे भाई पोरवाल समाज अध्यक्ष शिवनारायण काला व उनके पुत्र सौरभ काला द्वारा पौधारोपण किया गया।

पीएम आवास योजना की सूची का अनुमोदन

सारंगपुर। ग्राम पंचायत उदनखेडी में विशेष ग्राम सभा का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्ना हुआ। बैठक में ग्रामीण विकास, बुनियादी सुविधाओं और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। ग्राम सभा की अध्यक्षता सरपंच नंदकिशोर भिलाला ने की। बैठक का मुख्य बिंदु प्रधानमंत्री आवास योजना रहा। सभा के दौरान योजना के पात्र हितग्राहियों की नई सूची का वाचन किया गया, जिसे उपस्थित ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों की सहमति से सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। इसके साथ ही पंचायत क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई और आगामी योजनाओं की रूपरेखा तैयार की गई।

अयोध्या मंदिर चोरी को लेकर सौंपा ज्ञापन

सारंगपुर। अयोध्या मंदिर में हुई चोरी की घटना को लेकर कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं में भारी रोष देखने को मिल रहा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह के निदेर्शानुसार उदनखेडी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा विभिन्ना पंचायतों में पहुंचकर उग्र प्रदर्शन किया गया और प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उदनखेडी के अध्यक्ष रामचंद्र नागर के नेतृत्व में दिया गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान कांग्रेसजनों की टीम और कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अयोध्या मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था की बदहाली पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया।

प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले अनुज का सम्मान

सारंगपुर। स्थानीय शास्त्री स्मृति उच्चतर माध्यमिक विद्या मंदिर के मेधावी छात्र अनुज केसर सिंह पुष्पद द्वारा सत्र 2025-26 की कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में प्रावीण्य सूची में चतुर्थ स्थान प्राप्त करने पर एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह सम्मान समारोह शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी के सौजन्य से विद्यालय प्रांगण में संपन्ना हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती एवं पंडित लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। तत्पश्चात संस्था के शिक्षक अतुल जोशी, केसरीमल टेलर ने अतिथियों का स्वागत किया।

घर पर बने ये उबटन आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देंगे

मौसम में परिवर्तन, तेज हवा, धूल व प्रदूषण से त्वचा निरंतर प्रभावित होती है। ऐसे में उस की उचित देखभाल न की जाए तो असमय ही चेहरे की त्वचा झुर्रियों व झांइयों का शिकार होने लगती हैं। अपनी त्वचा की प्रकृति के अनुसार घरेलू उबटनों का प्रयोग कर के उसे स्वस्थ सुंदर व चमकदार बनाया जा सकता है। सौंदर्य विशेषज्ञा कहती हैं कि उबटन से त्वचा कांतिमय बनती है। उस में गजब का निखार आ जाता है। तभी तो शादी के 1 माह पहले से दुलहन को रोज उबटन लगाया जाता है। बस इस बात का ध्यान रखना आवश्यक है कि उबटन के लिए जिस सामग्री का इस्तेमाल कर रही हैं वह आप की त्वचा के अनुकूल हो, साथ ही जब उबटन को स्क्रब करें तो हलके हाथों से करें। ताकत के साथ उबटन को न छुड़ाएं। ऐसा करने से त्वचा क्षतिग्रस्त हो सकती है। उस पर रैशेज पड़ सकते हैं। हलके हाथों से गोलाई में घुमाते हुए उबटन हटाएं।

फायदे अनेक

उबटन के प्रयोग से त्वचा में नमी व चमक बनी रहती है। वह मृत त्वचा को हटा कर त्वचा को नई ताजगी प्रदान करता है। उबटन के प्रयोग से त्वचा का रक्तसंचार सुचारू बना रहता है, क्योंकि इस के उतारने में त्वचा की खुद ही मालिश हो जाती है। उबटन रंग को भी निखारता है। झुर्रियों, झांड़यों से त्वचा को छुटकारा दिलाता है।

ज्यादातर उबटनों में हलदी का प्रयोग किया जाता है। अतः त्वचा कई रोगों से बची रहती हैं। अनेक लाभ होने के बावजूद उबटन का प्रयोग सदैव अपनी त्वचा के अनुरूप ही करना चाहिए। जैसे सूखी त्वचा के लिए कभी खट्टे फल जैसे नीबू, संतरे का रस प्रयोग नहीं करना चाहिए।

रंगत निखारने का उबटन- 2 चम्मच मलाई, 1 चम्मच बेसन व चुटकी भर हलदी मिला कर पेस्ट बना कर चेहरे पर लगाएं। 10-15 मिनट बाद चेहरा धो ले। रंगत निखरने लगेगी।

1 चम्मच उरद दाल को कच्चे दूध में भिगो दें। पीस कर पेस्ट बनाएं। फिर इस में थोड़ा सा गुलाबजल मिला कर चेहरे पर लगाएं। थोड़ी देर सूखने दें। फिर धीरेधीरे गोलाई में रगड़ते हुए उतार दें और चेहरे को धो लें। त्वचा चमक उठेगी।

2 चम्मच बेसन, 1 चम्मच सरसों का तेल व थोड़ा सा दूध मिला कर पेस्ट बना लें। पूरे शरीर पर इस उबटन को लगा लें। कुछ देर बाद हाथ से रगड़ कर छुड़ाएं और नहा लें। त्वचा मुलायम हो जाएगी।

ऐसे पाए अनचाहे बालों से छुटकारा

अब लड़किया शौर्ट ड्रेसेस या स्लीवलेस कपड़ों का ज्यादा इस्तेमाल करेंगी. लेकिन ऐसे में अनचाहे बाल हर किसी के लिए परेशानी का सबब बन सकते हैं.

लड़किया शौर्ट ड्रेसेस या स्लीवलेस कपड़ों का ज्यादा इस्तेमाल करेंगी. लेकिन ऐसे में अनचाहे बाल हर किसी के लिए परेशानी का सबब बन सकते हैं. शरीर पर बेढंगे रूप से दिखने वाले बाल कभी कभी शर्मिंदगी का भी कारण बनते. तो आइए जानते हैं इन अनचाहे बालों को हटाने के कुछ बेहतर तरीके

1. आईब्रोज के लिए...

आईब्रोज की प्लकिंग शुरू करने से पहले उन जगहों पर एक सफेद पेंसिल से निशान लगा लें जहां से आप आईब्रोज को शुरू और खत्म करना चाहती हैं. इससे आप निर्धारित सीमा रेखा से बाहर नहीं जाएंगी. इसके लिए एक ट्रिक है कि पेंसिल को अपनी नाक की बगल में रखें और वहां से उस जगह तक लाइने खींचे जहां आईब्रोज है. पैंसिल को थोड़ा तिरछा रखें ताकि वह आप की आंख के बाहरी कोने को छू सके और उस स्पौट को मार्क करें. आखिर में अपनी आईरिस के ठीक ऊपर एक डौट बनाएं. जो कि आपकी आर्क का सबसे ऊपरी बिंदु होगा. जिसके बाद पेंसिल को अपनी आईब्रोज के निचले किनारे तक लाएं और तीनों लाइनों को मिलाएं. इसके बाद इन लाइनों के बाहर निकलने वाली भौंहों को ट्विज करें.

2. शेविंग

यह सबसे आसान और दर्द-रहित तरीका है। इसके लिए आप रेजर का उपयोग कर सकती हैं।गर्मियों के लिए टिपः रेजर इस्तेमाल करने से पहले त्वचा पर शेविंग जेल या कंडीशनर जरूर लगाएं ताकि त्वचा पर रैशेज न पड़ें।

3. लेजर हेयर रिमूवल

यह बालों से हमेशा के लिए छुटकारा पाने का सबसे प्रभावी और आधुनिक तरीका है लेजर तकनीक से बालों के रोम (फॉलिकल्स) को नष्ट कर दिया जाता ह फायदाः यह दर्द-रहित और स्थायी समाधान है शहर के जाने-माने त्वचा विशेषज्ञों के पास लेजर ट्रीटमेंट की आधुनिक सुविधा उपलब्ध है।

4. घरेलू उपाय

यदि आप केमिकल उत्पादों और महंगे पार्लर के खर्च से बचना चाहती हैं, तो रसोई में मौजूद चीजों से फेस पैक बना सकती हैं।आलू और कॉफी का पैकः आलू एक प्राकृतिक ब्लीच की तरह काम करता है, जो बालों को हल्का करने और टैनिंग हटाने में मदद करता है एक चम्मच आलू के रस में एक पाउच कॉफी मिलाएं और चेहरे पर 15-20 मिनट लगाकर धो लें।

घनी आइब्रो पाने की है चाह



सुंदर दिखने के लिए महिलाएं और पुरुष दोनों ही कई तरह के स्किन ट्रीटमेंट्स लेते हैं। बालों और स्किन को अट्रैक्टिव दिखने के लिए लोग कई तरह के घरेलू उपाय भी अपनाते हैं। वहीं, कुछ लोगों की आइब्रो काफी पतली होती हैं, जिस कारण उन्हें मोटा दिखाने के लिए वे आइब्रो पेंसिल का इस्तेमाल करते हैं, ताकि ब्रो मोटी, घनी और चेहरा सुंदर दिख सके। घनी और सही शेप वाली आइब्रो चेहरे की खूबसूरती को कई गुना ज्यादा बढ़ा सकते हैं। हालांकि, बार-बार थ्रेडिंग, मेकअप, हार्श केमिकल्स और पोषण की कमी के कारण आइब्रो के बाल पतले होने लगते हैं।

1. आर्गन ऑयल से आइब्रो की मालिश

आइब्रो को मोटा करने के लिए सबसे आसान और असरदार तरीका आर्गन ऑल का सीधा इस्तेमाल करना है। सबसे पहले चेहरे और आइब्रो को हल्के फेस वॉश से साफ कर लें। इसके बाद 2 से 3 बूंद साफ और कोल्ड-प्रेस्ड आर्गन ऑयल लेकर उंगली या साफ रूई से आई ब्रो पर लगाएं। हल्के हाथों से 2 से 3 मिनट तक मसाज करें। आप आर्गन ऑयल से अपनी आई ब्रो को रोजाना रात को सोने से पहले मसाज करें। आर्गन ऑयल से आइब्रो मसाज करने से उनकी जड़ों तक पोषण पहुंचाता है और नए बाल उगाने में मदद मिलती है।

अगर आपकी आइब्रो बहुत ज्यादा पतली हैं तो आर्गन ऑयल और कैस्टर ऑयल को मिलाकर अपनी भौहों पर इस्तेमाल कर सकते हैं। 1 चम्मच आर्गन ऑयल में 1 चम्मच कैस्टर ऑयल डालकर अच्छी तरह मिला लें। इसके बाद रात को सोने से पहले इस मिश्रण को आइब्रो पर लगाएं और सुबह अपनी आइब्रो को गुनगुने पानी से धो लें। आप हफ्ते में 4 से 5 बार इस्तेमाल कर सकते हैं। कैस्टर ऑयल आइब्रो की ग्रोथ को बढ़ाता है और आर्गन ऑयल उन्हें मजबूत बनाकर जल्दी घनी दिखने लगती है।

Sport

सिंधु ने कमबैक का क्रेडिट विराट को दिया:लिखा

वे मिले और कुछ समझाया, इससे नजरिया बदला... सिंधु ने 2 साल बाद टूनार्मेंट जीता

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

2 बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु ने अपनी दमदार वापसी का क्रेडिट भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली को दिया है। उन्होंने 2 दिन पहले शनिवार को जापान ओपन सुपर-750 का खिताब जीता। सिंधु ने करीब 2 साल बाद कोई खिताब जीता था। इससे पहले वे करियर के सबसे मुश्किल दौर से गुजर रही थीं।

31 साल की पीवी सिंधु ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने कमबैक में कोहली की भूमिका का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि करियर के सबसे मुश्किल दौर में उन्होंने विराट से सलाह ली थी और उनकी एक सीख ने पूरी सोच बदल दी।

सिंधु ने लिखा- मैंने लगातार चोटों, खराब प्रदर्शन और मानसिक दबाव के बीच विराट कोहली से संपर्क किया। कोहली ने कुछ ही मिनटों में जवाब दिया और अगले दिन उनसे मुलाकात की। इस दौरान उनके पति वेंकट दत्ता साई भी मौजूद थे।

सिंधु ने कहा- ह्यचोट के दौरान कई बार आत्मविश्वास डगमगाया, लेकिन मैंने खुद पर भरोसा नहीं खोया। जापान ओपन का यह खिताब केवल एक ट्रॉफी नहीं, बल्कि इस बात का सबूत है कि मेरा सफर अभी खत्म नहीं हुआ है।

सिंधु ने कहा कि उस मुलाकात में हुई बातचीत निजी रहेगी, लेकिन विराट की सबसे बड़ी सीख थी कि ट्रॉफी के पीछे भागने के बजाय खेल में दोबारा खुशी तलाशनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अब वह सुबह 5:30 बजे अभ्यास के लिए ट्रॉफी जीतने नहीं, बल्कि खेल के प्रति अपने जुनून की वजह से उठती हैं। इस मानसिक बदलाव के साथ सिंधु ने अपने खेल में कई सुधार किए। उन्होंने करीब 3.5 किलो वजन कम किया, नेट गेम को मजबूत बनाया, डेटा आधारित ट्रेनिंग अपनाई और इंडोनेशियाई कोच इरवांशाह व स्ट्रेंथ ट्रेनर वेन

ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के लिए टीम घोषित की

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश के खिलाफ अगस्त में होने वाली 2 टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए 13 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है। कप्तान पैट कमिंस, तेज गेंदबाज जोश हैजलवुड और अनुभवी ऑफ स्पिनर नाथन लियोन की वापसी हुई है। तीनों चोट के कारण हालिया मैचों से बाहर थे।

कमिंस पीठ की चोट से उबरने के बाद एशेज में सिर्फ एक टेस्ट खेल पाए थे। हैजलवुड एड़ी और हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण पूरी सीरीज से दौरे से बाहर रहे थे। लियोन को एडिलेड टेस्ट में हैमस्ट्रिंग चोट के बाद सर्जरी करानी पड़ी थी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पोस्ट के जरिए टीम जारी कीह्व ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट 13-17 अगस्त तक डार्विन और दूसरा 22-26 अगस्त तक मैके में खेला जाएगा। फिलहाल, ऑस्ट्रेलिया आठ मैचों में सात जीत के साथ 87.50% अंक लेकर तालिका में टॉप पर है।

सीनियर बॉलर्स की वापसी के साथ माइकल नेसर और ब्रेंडन डॉगेट को टीम से बाहर कर दिया गया है। सिलेक्टर्स ने कहा कि जरूरत पड़ने पर एक्स्ट्रा प्लेयर्स को टीम से जोड़ा जा सकता है।

ओपनर उस्मान ख्वाजा के रिटायर होने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया ने टॉप ऑर्डर में कोई बदलाव नहीं किया। ट्रैविस हेड ओपनिंग करेंगे और जेक वेदराल्ड को एक और मौका मिला है। खराब फॉर्म के बावजूद मार्नस लाबुशेन टीम में बरकरार हैं।

मिचेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड तेज गेंदबाजी आक्रमण का हिस्सा होंगे। ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन और ब्यू वेबस्टर प्लेइंग इलेवन की दौड़ में हैं। विकेटकीपर जोश इंग्लिस को मध्यक्रम में मौका मिल सकता है।

ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम- पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरून ग्रीन, जोश हैजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, जेक वेदराल्ड और ब्यू वेबस्टर।

वर्ल्डकप फाइनल में प्लेयर्स की झड़प की जांच करेगा फीफा

न्यूयॉर्क। फीफा ने फुटबॉल वर्ल्डकप फाइनल के बाद खिलाड़ियों की झड़प की जांच शुरू कर दी है। इसमें दोषी पाए जाने वाले खिलाड़ियों पर कम से कम तीन मैचों का प्रतिबंध लग सकता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार डिसिप्लिन कमेटी ने डिसिप्लिनरी एंड एथिक्स प्रॉसीक्यूटर नियुक्त किया है, जो संभावित नियम उल्लंघन की जांच करेगा। न्यूयॉर्क के न्यू जर्सी स्टेडियम में स्पेन ने अर्जेंटीना को 1-0 से हराया। इसके बाद स्पेन के जश्न के दौरान अर्जेंटीना के लिएंड्रो परेडेस और थियागो अल्माडा, स्पेन के मिडफील्डर गावी से भिड़ गए। परेडेस पर एरिक गार्सिया की गर्दन पकड़ने का आरोप है।

फुटबॉल वर्ल्ड कप चैम्पियन स्पेन को तीन मेजर अवॉड्स गोल्डन बॉल, ग्लव और बेस्ट यंग प्लेयर का मिला खिताब

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

स्पेन ने 2026 फीफा वर्ल्ड कप के तीन अहम व्यक्तिगत अवॉड्र्स भी अपने नाम किए। मिडफील्ड के उस्ताद रोड्री ने शानदार खेल के लिए गोल्डन बॉल जीता। गोलकीपर उनाई सिमोन ने गोल्डन ग्लव हासिल किया, जिन्होंने 7 मैचों में बिना गोल खाए रिकॉर्ड बना दिया। इससे पहले कोई खिलाड़ी ऐसा 5 से ज्यादा बार नहीं कर पाया था। वहीं, 19 साल के युवा सनसनी पाउ कुबारसी ने बेस्ट यंग प्लेयर का अवॉर्ड जीता।

ऐसा सिर्फ दूसरी बार हुआ, जब चैम्पियन टीम ने ये तीन मेजर अवाड्र्स भी जीते। 2022 में अर्जेंटीना ने भी ऐसा किया था। जानिए स्पेन के इन खिलाड़ियों की कहानियां...

30 साल के रोड्री सादगी के लिए मशहूर हैं। स्पेन के टॉप लेवल फुटबॉल में खेलने के बावजूद उन्होंने कॉलेज की पढ़ाई पूरी करने के लिए एक सामान्य यूनिवर्सिटी हॉस्टल में रहना जारी रखा। दिखावे की जिंदगी से दूर, उन्होंने एक बुजुर्ग महिला से पुरानी कार खरीदी थी। उनका मानना है कि कार का मकसद सिर्फ एक जगह से दूसरी जगह जाना है, दिखावा करना नहीं। रोड्री सोशल मीडिया से दूर रहते हैं। उनके शरीर पर कोई टैटू नहीं है। मॉडर्न और फैशनेबल फुटबॉलर्स के बीच वह पुराने जमाने के दिग्गजों की तरह हमेशा अपनी जर्सी (शर्ट) शॉर्ट्स के अंदर (टक-इन) करके खेलते हैं।

प्रवेश प्रारंभ
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय 10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

मकान बेचना है
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोनः 7869850570
9827832632

आवश्यकता है
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की जो सभी कार्य कर सके आवश्यकता है।
संपर्क 9827820470

प्रॉपर्टी बेचना है
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें पीसी राजपूत रीयल एस्टेट 9893713817

तुरंत आवश्यकता है
1 ग्राम ज्वेलरी व आर्टिफिशियल ज्वेलरी की मार्केटिंग के लिए युवक-युवतियों की आवश्यकता है। वेतनमान 15000 से शुरु। ड्यूटी 8 घंटे। कार्य क्षेत्र सिर्फ उज्जैन शहर के लिए।
नोटः इच्छुक व्यक्ति एजेंसी लेने हेतु संपर्क करें।
बाबा डायरेक्ट मार्केटिंग कंपनी मालीपुरा, उज्जैन
मोबाइल- 9981248359

खरीदना / किराए से चाहीए
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

बेचना है
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

किराए से देना है
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

न्यूज कॉलम

सुभाष मार्ग पर भिड़े दो सांड, सुभाष मार्ग पर आधे घंटे तक मची अफरा-तफरी

झाबुआ। झाबुआ जिले के रानापुर में मंगलवार सुबह सुभाष मार्ग पर दो सांड आपस में भिड़ गए। लगभग आधे घंटे तक चली इस लड़ाई से सड़क पर अफरातफरी मच गई। उस वक्त सड़क से गुजर रहे स्कूली बच्चों, महिलाओं और राहगीरों को जान बचाने के लिए इधर-उधर भागना पड़ा। बता दें कि, एक दिन पहले भी पुराना बस स्टैंड पर एक सांड ने होटल व्यवसायी की चाशनी से भरी कड़ाही पलट दी थी। नगर परिषद द्वारा पिछले तीन दिनों से शहर में आवारा पशुओं को पकड़कर कांजी हाउस भेजने की मुनादी कराई जा रही है। इसके बावजूद सड़कों पर आवारा मवेशी लगातार उत्पात मचा रहे हैं सूत्रों के मुताबिक जिस कांजी हाउस में आवारा मवेशियों को बंद किया जाना है, वहां एक स्थानीय होटल व्यवसायी ने अपना सामान जमा कर रखा है। यही वजह है कि नगर परिषद के दावों के बाद भी मवेशियों को पकड़ने की कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पा रही है। मामले पर नगर परिषद के सीएमओ सीताराम चौहान ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है और वह स्थिति को दिखवा रहे हैं।

ग्रामीणों ने किया खनिज खदान सर्वे-नीलामी का विरोध, नारे लगाते हुए पहुंचे कलेक्ट्रेट

झाबुआ। रानापुर तहसील के आदिवासी बहुल ग्राम पंचायत भूतखेड़ी और सालरपाड़ा के ग्रामीण बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने खनिज धातु खदान के सर्वे और नीलामी प्रक्रिया का विरोध करते हुए कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने इस पूरी प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया कि उनका क्षेत्र भारतीय संविधान की पांचवीं अनुसूची के अनुच्छेद 244/1 के अंतर्गत अनुसूचित क्षेत्र में आता है। इसके अतिरिक्त, पेसा एक्ट 1996 और मध्य प्रदेश पेसा एक्ट 2022 के स्पष्ट प्रावधानों के अनुसार, ग्राम सभा की पूर्व अनुमति के बिना किसी भी नागरिक, कंपनी, या राज्य व केंद्र सरकार को जल, जंगल, जमीन और अन्य प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करने का अधिकार नहीं है। ग्रामीणों ने जानकारी दी कि वर्ष 2019 में भूतखेड़ी और सालरपाड़ा के लगभग 600 हेक्टेयर क्षेत्र में खनिज पदार्थों और अन्य धातुओं के सर्वे व नीलामी की बात सामने आई थी। इसके बाद वर्ष 2024 में एक विशेष ग्राम सभा बुलाई गई, जिसमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर यह निर्णय लिया।

हत्या के बाद खुद ही मचाया शोर, दीवार पर बनाए हाथों के निशान

इंदौर। इंदौर के राजनगर में नशे की लत, कर्ज चुकाने के लिए पैसों की जरूरत और पारिवारिक मनमुटाव के चलते एक भतीजे ने अपने ताऊ की चाकू मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद पुलिस को गुमराह करने के लिए उसने पड़ोसी की दीवार पर खून से सने हाथों के निशान बनाए और ऐसा दिखाने की कोशिश की कि आरोपी पड़ोसी के घर की ओर भागा है। हालांकि, उसकी यह चालाकी ज्यादा देर तक नहीं चली। रविवार को हुई इस वारदात का पुलिस ने 48 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए 50 वर्षीय कमल कुमावत हत्याकांड में आरोपी भतीजे को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जब मृतक कमल कुमावत के 19 वर्षीय भतीजे चेतन कुमावत, पिता पप्पू कुमावत, निवासी डी सेक्टर राजनगर से पूछताछ की तो वह घबरा गया। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने हत्या की बात कबूल कर ली। आरोपी ने बताया कि कुछ महीने पहले तक पूरा परिवार संयुक्त रूप से रहता था।

पीथमपुर में ट्राले की टक्कर से दो की मौत, शवों को पीएम के बाद परिजनों को सौंपा;

इंदौर। पीथमपुर के सेक्टर-03 स्थित प्रताप स्टील चौराहे के पास ट्राले की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत के मामले में मंगलवार को दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर फरार ट्राला चालक की तलाश शुरू कर दी है। सोमवार को प्रताप स्टील चौराहे के पास अनियंत्रित ट्राले ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी। हादसे में बाइक सवार दोनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। मृतकों की पहचान खंडवा जिले के बोरगांव निवासी राधेश्याम पटेल (53) और बिहार के दरभंगा निवासी संतोष झा (42) के रूप में हुई है। हादसे में क्षतिग्रस्त बाइक का नंबर एमपी-12 एमयू-6783 और ट्राले का नंबर एमपी-13 एएल-3997 बताया गया है। पीथमपुर पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर ट्राले के नंबर के आधार पर वाहन मालिक और चालक की तलाश शुरू कर दी है। फरार चालक की गिरफ्तारी के लिए घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। पुलिस ने बाइक के पंजीयन नंबर के आधार पर मृतकों के परिजनों से संपर्क किया।

एबी रोड पर स्कूटी सवार कर्मचारी की मौत, 12 घंटे में तीसरा सड़क हादसा

इंदौर। पीथमपुर में आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग (एबी रोड) पर खंडवा चौराहे के पास सोमवार देर रात सड़क हादसे में महले कंपनी के एक कर्मचारी की मौत हो गई। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। वहीं, शहर में 12 घंटे के भीतर यह तीसरा जानलेवा सड़क हादसा सामने आया है। पुलिस के अनुसार, हादसे में यूनिवर्सल टाउनशिप निवासी संतोष डाबर की मौके पर ही मौत हो गई। वह स्कूटी से जा रहे थे, तभी दुर्घटना का शिकार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के पास मिले मोबाइल फोन के आधार पर उनकी पहचान की गई और परिजनों को घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों और इसमें शामिल वाहन की पहचान के लिए पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच कर रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। नगर पुलिस अधीक्षक कमल सिंह चौहान ने बताया कि पिछले 12 घंटों में शहर में यह तीसरा सड़क हादसा है, जिसमें दोपहिया वाहन चालक की मौत हुई है।

भैरव घाट पर ट्रैवलर ने बाइक को रौंदा, दो लोगों की मौके पर मौत

इंदौर। इंदौर-इच्छापुर मार्ग स्थित सिमरोल थाना क्षेत्र के भैरव घाट पर सोमवार को तेज रफ्तार टेंपो ट्रैवलर ने एक बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार दोनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर मारने के बाद टेंपो ट्रैवलर बेकाबू होकर सड़क किनारे बनी गहरी खाई में जा गिरा। दुर्घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया और घटनास्थल के पास भारी भीड़ जुट गई। हादसे की सूचना मिलते ही सिमरोल थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। दुर्घटना के कारण इंदौर-इच्छापुर मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और कई किलोमीटर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। थाना प्रभारी कुलदीप खत्री के मुताबिक मृतकों की फिलहाल शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और क्रेन की मदद से खाई में गिरे वाहन को बाहर निकालकर यातायात बहाल कराया जा रहा है।

पति बोला-सरकारी अफसर बनने के बाद पत्नी ने छोड़ा, महिला आयोग से शिकायत

इंदौर। सरकारी विभाग में असिस्टेंट डायरेक्टर बनने के बाद पत्नी ने पति पर मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगाए और बच्चे के साथ मायके चली गई। उसने शादी के 20 साल बाद महिला आयोग में शिकायत करते हुए तलाक भी मांग लिया। सरकारी कॉलेज में प्रोफेसर पति को आयोग ने सुनवाई के लिए बुलाया। पति ने बेंच के सामने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ रहना चाहता है। इस उम्र में अकेला कहां जाएगा? दूसरे मामले में पति ने अपनी पत्नी पर एक महिला के साथ अवैध संबंध रखने के आरोप लगाए। पति ने कहा- मुझे पत्नी से जान का खतरा है। इसके उलट पत्नी ने पति पर उसकी अश्लील फोटो वायरल करने, जबरन अबॉर्शन कराने और दहेज के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया। ये दोनों केस सोमवार को भोपाल में महिला आयोग में पेंडिंग मामलों की जनसुनवाई के दौरान सामने आए। असिस्टेंट डायरेक्टर पत्नी ने शादी के 20 साल बाद महिला आयोग में पति पर प्रताड़ित करने और पैसे के लेनदेन की शिकायत की। हालांकि, वह खुद सुनवाई में नहीं पहुंची। उसके पति ने बताया कि हमारे रिश्ते में सबकुछ ठीक था। वह बिना मुझसे कुछ कहे चली गई और बेटे को भी साथ ले गई।

पोकलेन मशीन का पंजा लगते ही उड़ा धूल का गुबार

कार्रवाई: डॉक्टर का 90 साल पुराना मकान तोड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर नगर निगम ने डॉक्टर के करीब 90 साल पुराने मकान को जमींदोज कर दिया। मंगलवार को ये कार्रवाई जूना कसेरा बाखल में हुई। पोकलेन मशीन लेकर निगम का अमला पहुंचा। मशीन के एक ही पंजे में वहां धूल का गुबार उड़ने लगा।

नगर निगम लगातार जर्जर मकानों पर कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में आज ये कार्रवाई की गई। ये मकान करीब 90 साल पुराना हो चुका था और काफी जर्जर हालत में था। बारिश में जर्जर मकान गिर ना जाए और कोई घटना ना हो जाए, इसे देखते हुए कार्रवाई की गई। नगर निगम ने कई ऐसे जर्जर मकानों को चिह्नित किया है। कई ऐसे जर्जर मकान है, जिन्हें पूर्व में भी तोड़ा जा चुका है। बिल्डिंग ऑफिसर पल्लवी पाल ने बताया कि निगम आयुक्त के आदेश पर जोन नंबर 3 में जूनी कसेरा बाखल में डॉ. प्रमोद साकी का मकान 80-90 साल पुराना था, जिस पर आज रिमूवल की कार्रवाई की गई।

पूरे मकान को किया जमींदोज

निगम का अमला पोकलेन मशीन लेकर यहां पहुंचा। सुरक्षा की दृष्टि से निगम ने आवाजाही भी बंद कर दी थी। वहीं आसपास के लोगों को भी टीम ने अलर्ट कर दिया था। जिसके बाद निगम ने कार्रवाई की।

10 करोड़ के लोन का झांसा देकर 1 करोड़ ठगे

इंदौर के एक बड़े कारोबारी से 10 करोड़ रुपए का लोन दिलाने का झांसा देकर 1 करोड़ रुपए की ठगी हो गई। अब इस मामले में जिला कोर्ट के आदेश पर पीड़ित को पूरी राशि वापस मिल गई है। कोर्ट के निर्देश के बाद बैंक ने आरोपियों के खातों में फ्रीज किए गए 1 करोड़ रुपए कारोबारी के खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। साइबर ठगी के मामले में इतनी बड़ी राशि की वापसी इंदौर जिला कोर्ट में अपने तरह का अहम मामला माना जा रहा है। दरअसल, कारोबारी को अपने व्यवसाय के लिए 10 करोड़ रुपए के लोन की जरूरत थी। उसने कई बैंकों और वित्तीय संस्थानों में आवेदन किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसी दौरान चेन्नई की एक कंपनी के प्रतिनिधियों ने संपर्क कर 10 करोड़ रुपए का लोन दिलाने का दावा किया। आरोपियों ने जरूरी दस्तावेज मंगवाकर कारोबारी को चेन्नई बुलाया। वहां भरोसा जीतने के लिए 10 करोड़ रुपए का डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) दिखाया और लोन मंजूर होने का दावा करते हुए कई दस्तावेजों, चेक और स्टाम्प पेपर पर हस्ताक्षर करवा लिए।

बिजली कंपनी इंजीनियर के पास आय से 258% ज्यादा प्रॉपर्टी:

बेटे, बहू, दामाद के नाम करोड़ों की फैक्ट्री

आलीशान बंगले, प्लॉट्स और लग्जरी गाड़ियां मिलीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

लोकायुक्त टीम ने मंगलवार सुबह 5.30 बजे मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी के सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर (फाइनेंस) शिवराम सेमिल के 9 ठिकानों पर छापे मारे। शुरूआती जांच में वैध आय से करीब 258% अधिक संपत्ति मिली है। वहीं घर से 4 किलो चांदी, 300 ग्राम गोल्ड और 3 लाख कैश मिला है। शिवराम सेमिल इन दिनों इंदौर स्थित पोलोग्राउंड कार्यालय में पदस्थ हैं।

यह कार्रवाई लोकायुक्त एसपी राजेश सहाय के नेतृत्व में की गई। इंदौर, धार (पीथमपुर, बगदून) और मुरैना समेत 9 ठिकानों पर एक साथ छापे मारे गए। इंजीनियर ने बहू, बेटे और दामाद के अलावा अन्य रिश्तेदारों के नाम भी प्रॉपर्टी खरीद रखी थी। लोकायुक्त पुलिस ने शिवराम सेमिल के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम, 2018 की धारा 13(1)(इ) और 13(2) के तहत केस दर्ज किया है। फिलहाल डीएसपी सुनील तालान, आनंद चौहान, दिनेश पटेल, दीपक शेजवार सहित लोकायुक्त की कई टीमें सभी 9 ठिकानों पर दस्तावेजों, बैंक खातों और बेनामी संपत्तियों की गहन जांच में जुटी हैं।

नौकरी के नाम पर छात्रों से ठगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में नौकरी दिलाने के नाम पर स्टूडेंट्स की ओरिजनल मार्कशीट रखने और वापस करने के एवज में 5 हजार रुपए की डिमांड करने वाले एक कंसलटेंसी के मालिक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसके पास से 313 स्टूडेंट्स की 10वीं-12वीं की मार्कशीट मिली।

कई स्टूडेंट्स ने पुलिस को इस बात की शिकायत की थी, जिसके बाद विजय नगर पुलिस हरकत में आई और मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि ऑर्बिट मॉल में मयंक सर्राफ का कंसलटेंस ऑफिस है।

वह एसफा इंटरप्राइजेज नाम फर्म के माध्यम से इंदौर में पढ़ने आए स्टूडेंट्स को पार्ट टाइम, फूल टाइम नौकरी दिलाने का काम करता है, नौकरी पाने की इच्छुक स्टूडेंट्स द्वारा संपर्क करने पर उनकी ओरिजनल मार्कशीट अपने पास रख लेता और उन्हें टास्कअप, टेलीपरफॉर्मेंस, प्राइवेट बैंक आदि जगह पर नौकरी दिलाता और बदले में 5 हजार रुपए प्रतिव्यक्ति से लेता, जब तक वे 5 हजार रुपए जमा नहीं करते। तब तक उनकी मार्कशीट वापस नहीं करता।

आरोपी मंयक स्टूडेंट्स पर लगातार 5 हजार रुपए देने का दबाव बनाने और प्रताड़ित करने लगा। 313 स्टूडेंट्स की 313 ओरिजनल मार्कशीट आरोपी ने अपने कब्जे में रखी थी। इधर, पुलिस आरोपी से पूछताछ कर और भी जानकारी निकाल रही है।

इंदौरवासियों की समस्याओं का होगा समाधान, एमआईसी मेंबर सुनेंगे समस्या

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निराकरण के लिए नगर निगम के एमआईसी सदस्य (शहरी गरीब उपशमन विभाग) और वार्ड क्रमांक 64 के पार्षद मनीष शर्मा ₹मामा₹ विशेष शिकायत सुनवाई आयोजित करने जा रहे हैं। यह जनसुनवाई मंगलवार, 21 जुलाई को नगर निगम मुख्यालय स्थित ऑफिस में सुबह 11 से 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। एमआईसी मेंबर मनीष शर्मा मामा ने कहा सेवा ही मेरा सर्वोच्च दायित्व है। शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शी और तय सीमा में पहुंचे, इसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

उन्होंने कहा शहरी गरीबी उपशमन विभाग पर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार की जितनी योजनाएं उससे संबंधित अगर आपको किसी प्रकार की परेशानी आती है या कोई कर्मचारी काम नहीं करता है हमारे किसी भी झोन पर या नगर निगम के ऑफिस पर, तो मंगलवार को 11 बजे से 1 बजे तक निगम ऑफिस में आकर शिकायत करे। मनीष शर्मा मामा ने इंदौर शहर के लोगों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं और शिकायतों के निवारण के लिए 21 जुलाई को आयोजित इस सुनवाई में उपस्थित होकर अपनी बात सीधे रखें।

इंदौर गैस पाइपलाइन हादसे में पार्षद सोनी पर केस

हाईकोर्ट में एसीपी ने दी जानकारी, कोर्ट ने कहा; झुलसे लोगों की इलाज की राशि जल्द रिफंड करें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के विजय नगर स्थित अवंतिका गैस पाइपलाइन हादसे को लेकर मंगलवार को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में सुनवाई हुई। सुनवाई में पेश हुए एसीपी पराग सैनी ने कोर्ट को जानकारी दी गई कि इस मामले में पार्षद बालमुकुंद सोनी पर केस दर्ज कर आरोपी बना लिया गया है। नगर निगम की रिपोर्ट में भी यह उल्लेख किया गया था कि निगम की ओर से बोरिंग नहीं कराई कराई जा रही थी।

झुलसे लोगों की ओर से वकीलों ने बताया कि अभी तक उन्हें इलाज की राशि नहीं मिली है। साथ ही अभी भी इलाज जारी है। इस पर कोर्ट ने शासन को कहा कि झुलसे लोगों के इलाज की राशि का पेमेंट रिफंड करवाएं। शासन की ओर से एडवोकेट ने बताया कि इस माामले में राशि इलाज के बाद जारी होती है, इस पर पीडितों की ओर से कहा गया कि अभी तो अस्पताल को उनका इलाज की राशि चाहिए जो हमें खर्च करना पड़ रही है। इस कोर्ट ने शासन को जल्द राशि रिलीज करने के लिए निर्देशित किया। सुनवाई के दौरान बताया गया कि नगर निगम की रिपोर्ट अभी तक पुलिस को नहीं मिली है। एसीपी ने बताया कि अभी तक उनके पास रिपोर्ट नहीं आई है। इस पर कोर्ट ने समन्वय बनाने की बात कही। मामले में चार्जशीट को लेकर पुलिस की ओर से बताया कि कंटेंट क्रिएटर गिरी राजकुमारी उर्फ जिनी झाला अभी अहमदाबाद के अस्पताल में एडमिट है।

बोरिंग मशीन की सुपुर्दगी पर भी कोर्ट सख्त

पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट के संज्ञान में यह बात भी आई कि हादसे से जुड़ी बोरिंग मशीन और वाहन को जिला कोर्ट द्वारा वाहन मालिक की सुपुर्दगी में दिए जाने के आदेश पारित किए गए हैं। इस तथ्य पर भी कोर्ट ने पुलिस जांच प रसवाल उठाए थे और जांच अधिकारी से जवाब मांगा कि जांच लंबित रहने के दौरान इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई। कोर्ट ने संकेत दिए कि मामले की जांच में अपेक्षित गंभीरता दिखाई नहीं दे रही है और कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर पर्याप्त स्पष्टता नहीं है। जांच की प्रक्रिया और उसकी गति पर भी सवाल खड़े किए।

राजा हत्याकांड-सुप्रीम कोर्ट ने सोनम को सरेंडर की सलाह दी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड की आरोपी उसकी सोनम रघुवंशी को सुप्रीम कोर्ट ने सरेंडर करने की सलाह दी है। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस पीबी वराले की पीठ ने सोनम के वकील से कहा- उनके पास दो विकल्प हैं-

पहला- यदि वे चाहें तो यह अदालत मेघालय सरकार की अपील पर उनकी दलीलें सुनकर अंतिम आदेश पारित कर सकती है।

दूसरा- सोनम फिलहाल आत्मसमर्पण करे ताकि जांच एजेंसियां उससे पूछताछ कर सकें और इस दौरान जमानत के मुद्दे पर भी विचार किया जा सके।

कोर्ट इस मामले की अगली सुनवाई 23 जुलाई को करेगी। उसी दिन यह फैसला हो सकता है कि सोनम की जमानत बरकरार रहेगी या उसे जेल जाना होगा। इसी साल 26 अप्रैल को मेघालय हाईकोर्ट ने सोनम को जमानत दी थी। मेघालय सरकार ने जमानत के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने वारदात के बाद सोनम के व्यवहार और कानूनी तर्कों पर भी सवाल उठाए। अदालत ने पूछा कि गिरफ्तारी के समय कारण नहीं बताए जाने का मुद्दा पहले क्यों नहीं उठाया गया? इस पर सोनम के वकील ने निर्देश लेने के लिए समय मांगा और कहा कि वे गुरुवार तक अपना जवाब दाखिल करेंगे।

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

16वीं पुण्यतिथि

घर बगीचे में प्रेम की मुस्कान छोड़कर,
स्नेहयुक्त व्यवहार का सद्ज्ञान छोड़कर।
जिसको भूल नहीं पायेगा परिवार आपका,
आप ब्रह्मालीन हुए ऐसी पहचान छोड़कर।

प्रभु मिलन
22 जुलाई 2010

स्व.श्री हीरालाल वर्मा
(पूर्व कोर्ट प्रतिनिधि दैनिक अवन्तिका)
की सोलहवीं पुण्यतिथि पर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

श्रद्धावनत
पुत्र- नवीन वर्मा, पुत्रवधु- मोनिका वर्मा, पुत्री- सुषमा वर्मा, जया वर्मा, दामाद- विशाल मीणा, प्रशांतजी, नाती-पौते- एनी, बनी, हनी, चिन्ना, शिवज, गुन्नू एवं दैनिक अवन्तिका परिवार व वर्मा (मीणा परिवार) उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com